तंत्र केवल किसी एक क्रियाप्रणाली अथवा विचारणा अथवा सिद्धांत का नाम नहीं है अपितु इसमें योग, पूजा, अधिकार, वर्ण, आश्रम, पिण-ब्रह्माण्ड, युग, कल्प, आचार, दीक्षा, अभिषेक, साधना, कर्म, पुरुषार्थ, सिद्धि, सृष्टि, प्रलय, मंत्र, यंत्र, ज्योतिष, शुद्धाशुद्ध, राजकर्तव्याधिकार, विधि, स्थापत्य, मूर्तिनिर्माण आदि अनेक प्रकार के विषयों का समायोग देखने में आता है । तंत्र क्रियाप्रधान होते हैं, यह निर्विवाद है । इसीलिए इसमें साधन का प्राधान्य है । योग के वैविध्य और वैपुल्य को देखते हुए इसमें उसकी प्रमुखता भी स्वीकार की जाती है । श्री अरविंद ने तांत्रिक योग को स्वभावतः समन्वयात्मक माना है । यद्यपि वे यह भी स्वीकार करते हैं कि अतांत्रिकों अथवा अनधिकारियों के हाथ में पड़कर, तंत्र के कुछ विशेष रूपों, विशेषकर वाममार्ग को निंदित भी होना पड़ा ।[3] वे तंत्र के दक्षिण एवं वाममार्ग को क्रमशः ज्ञानमार्ग एवं आनन्दमार्ग मानते हैं । उसकी योगपद्धति को वैदिक योगपद्धति से भिन्न मानते हुए उसमें प्रकृति अथवा इच्छाशक्ति के प्रामुख्य को स्वीकार करते हैं । उनकी दृष्टि में तंत्र पलायनवादी न होकर जगद्विजय एवं नियंत्रण में विश्वास करता है । जैसा अन्य साधन संप्रदायों में हुआ है तंत्र में भी अंततः रहस्यात्मक मांत्रिकता और सैद्धांतिकता का घटाटोप हो गया और उसमें स्पष्टता और प्रवृत्तियों का अभाव हो गया ।[4]

इसके होते हुए भी तांत्रिक साधन प्रकृतितः समन्वयात्मक हैं । वह इस विराट विश्व सत्य को स्वीकार करता है कि इस जीवात्मा के दो ध्रुव हैं—ब्रह्म और शक्ति । इसी के अनुरूप ही केवल मुक्ति को ही नहीं, अपितु भुक्ति को भी लक्ष्य के रूप में स्वीकार करता है । उसकी समन्वयात्मक, व्यापक और बहुग्राही प्रकृति के कारण ही श्री अरविंद उसे एक साहस-पूर्ण एवं विस्तृत मत के रूप में स्वीकार करते हैं ।[5] ऐसा इसलिए भी है कि तंत्र दो ऐसे सर्वोच्च आध्यात्मिक और दार्शनिक सत्यों को एक साथ स्वीकार करते हैं जो परस्पर विरोधी एवं खंडनात्मक नहीं हैं, अपितु विमिश्रितभावेन परस्पर समन्वित हैं ।[6]

---

१. दि फाउण्डेशंस ऑव इंडियन कल्चर : श्री अरविंद, पृ० १७६-७७ ।
२. श्री अरविंदो ऑन दि तंत्र : एम० पी० पंडित, मूलग्रन्थ के पूर्व उद्धृत ।
३. वही, पृ० १ ।
४. वही, पृ० २ ।
५. वही, पृ० ३-४ ।
६. वही, पृ० ८ ।

तंत्र योगसाधना के क्रम में चक्रयोजना को भी स्वीकार करते हैं जिसके अन्तर्गत हठयोग को भी स्वीकार किया जाता है। इस चक्रयोजना का श्री अरविंद ने 'चक्रविज्ञान' शीर्षक के अन्तर्गत विवेचन किया है और उसके दार्शनिक एवं आध्यात्मिक पक्षों की ओर भी संकेत किया है।[१] चक्रविज्ञान का व्याख्यान बिना कुंडलिनी तत्व के विवेचन के अधूरा रहता, अतः उन्होंने योगशक्ति कुंडलिनी की उद्‌बोधनादि क्रियाओं की व्याख्या की। उन्होंने अपने सावित्री नामक महाकाव्य के ७·५ में चक्रों के जागरण अथवा आरोहण की क्रमिक यात्रा का वर्णन किया है। यह वस्तुतः अन्तर्देशों की यात्रा है। कुंडलिनी शक्ति के आरोहण एवं अवरोहण का वर्णन तांत्रिक साधनग्रन्थों में मिलता है और उसकी प्रतीकात्मक व्याख्या भी मिलती है। श्री अरविंद ने सावित्री के १०.४ में अवरोहण अथवा अवतरण क्रिया की विवृत्ति की है।[२]

जब श्री अरविंद मानते हैं कि तांत्रिक साधना के विविध विकसित रूपों के अनधिकारियों के हाथों में पड़ जाने के कारण उसे निंदित होना पड़ा, तो स्पष्टतः वे अधिकारवाद को तांत्रिक साधन के मूलाधार के रूप में स्वीकार करते हैं। इसीलिए उन्होंने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि भारतीय दृष्टि से तो तत्वतः सभी प्राणी उस दिव्य के अंश हैं किंतु व्यवहारतः मनुष्य-मनुष्य में अनन्त भेदकता है। आन्तरिक दृष्टि से कुछ तो विकसित हैं और कुछ अल्प विकसित। अधिकांश तो उन शिशु आत्माओं की तरह हैं जो कठिन प्रयत्न करने और साहसपूर्ण कदम उठाने में असमर्थ हैं। अतः दिव्य तत्व के प्रति भिन्न-भिन्न मात्राओं में उद्‌घाटित सक्षमता के कारण उनके लिए तदनुकूल विभिन्न साधनों एवं कर्मों की आवश्यकता है। इन्हीं आधारों पर पशु, वीर एवं देव का विभाजन किया गया है।[३]

उपासना के विविध स्थूल से सूक्ष्म तक के सभी रूपों पर विचार करते हुए निर्गुण-सगुण, अरूप-सरूप की व्याख्या करते हुए[४] उन्होंने यद्यपि बाह्यपूजा को पूर्णतः बाह्य विधान माना, तथापि यह स्पष्ट किया कि यदि वास्तविक चेतना से सम्पन्न होकर इसे भी सम्पन्न किया जाय तो यह उपासना भी महानतम सम्भव पूर्णता की उपलब्धि करा सकती है।[५]

इस प्रकार की पूजा-उपासना में साधक भक्ति ही मूलाधार है जो प्राणप्रतिष्ठा करती है। इसके समाप्त होने पर उस तत्व की महान् दिव्य उपस्थिति अथवा प्रतिष्ठा ही वहाँ प्रत्याहृत हो जाती है।[६] इस प्रतिष्ठा में भावना का प्राधान्य है ही, साथ ही मंत्र भी वस्तुतः शब्द रूप शक्ति ही हैं जो किसी व्यक्ति के अन्तरतम से निःसृत होते हैं। ये बुद्धिप्रसूत नहीं होते। मानसिक चेतना के अभ्युदय के साथ ही इनका अभ्युदय, अभ्युत्थान और उद्धार होता

१. वही० पृ० ९-१४।
२. वही० पृ० २३-२७।
३ वही० पृ० २८-२९।
४. वही० पृ० ३०-३२।
५. वही० पृ० ३३।
६. वही० पृ० ३४।

है। मंत्र केवल साधक, प्रयोक्ता अथवा उद्गाता की ही चैतसिक चेतना में परिवर्तन नहीं करते, अपितु दूसरे चित्तों, वस्तुओं और वातावरण में भी मानसिक तरंगों से परिवर्तन साधित करते हैं। इस प्रकार मंत्र केवल प्रतीक एवं साधन ही नहीं है, दिव्य प्रकाशन के उपयुक्त पात्र भी हैं। ये मंत्र जिस दिव्यवस्तु का प्रतीकीकरण करते हैं, उसके साक्षात्कार के लिए व्यक्ति को तत्पर भी करते हैं। मंत्रजप का तात्पर्य ही यह है कि व्यक्ति की अन्तरात्मा प्रतीकीकृत को अन्तस्थ कर रही है और व्यक्ति चेतना से समन्वित होने पर यह क्रिया और भी अधिक प्रभावशालिनी और सत्वर हो जाती है।[१] इसके लिए दो आवश्यकताओं की पूर्ति आवश्यक है–प्रथम तो यह कि प्रतीकीकृत परमदैवत की ? कृति, शक्ति, सौन्दर्य, आकर्षण आदि को चित्त में प्रतिष्ठित कर जप किया जाय और दूसरे, यह हृदय से उद्भूत हो अथवा भक्ति के किसी रूप के साथ इसका ध्वनन हो। दोनों ही क्रमशः चैतसिक मार्ग और संवेगात्मक मार्ग हैं। एक तीसरा मार्ग भी है जिसके अनुसार मंत्र की शक्ति अथवा नामशक्ति पर पूर्ण विश्वास हो, जिसमें अन्तरात्मा पर पड़ने वाली तरंगों की पर्याप्त दबाव के समय तक परीक्षा करनी पड़ती है जिससे वह उस दिव्य तत्त्व की उपस्थिति अथवा स्पर्श के लिए सनद्ध हो सके।[२]

इस पद्धति से अरविंद ने अधिकार, पूजा, उपासना, मंत्र, जप आदि के साथ व्यक्तियोग्यता, चेतनाविकास और आरोहण-अवतरण सिद्धान्त की व्याख्या की। तंत्र मानवस्थिति तक पहुँचनेवाला आत्मा की पूर्व स्थितियों (वनस्पति, पशु आदि) का वर्णन करते हैं। श्री अरविंद की दृष्टि में मानवता अबतक की चेतन प्राणियों की सर्वोच्च विकसित स्थिति है जिससे वह उच्चतर एवं बृहत्तर चेतना, आध्यात्मिकता, मानसिकता और जीवन के लिए तैयार हो रही है।[३]

अध्येता जानते हैं कि श्री अरविंद दर्शन के मूल तत्व दो हैं—आरोहण-अवतरण और चेतनाविकास। श्री अरविंद के तंत्र सम्बन्धी विचारों से भी ये ही दो तत्व प्रमुख प्रतीत होते हैं। उनके पूर्णयोग के मूलाधार में भी तंत्रज्ञान का योगदान कम नहीं प्रतीत होता। भारतीय साधना में तंत्र और पूर्णयोग की व्याख्या करते हुए श्री अरविंद वेद और वेदान्त को एक ही सत्य के दो पक्ष मानते हैं और शक्ति पर बल देनेवाले तंत्र को उसका अन्य पक्ष मानते हैं। तंत्र रूपों, प्रक्रियाओं और संगठित शक्तियों का विचार करता है। इन सबको उसी रूप में पूर्णयोग में नहीं स्वीकार किया जा सकता क्योंकि उसे अपने विशिष्ट रूपों और प्रक्रियाओं का विकास करना है। उन्होंने स्पष्टतः संकेत किया है कि चक्रमार्ग से होने वाले चेतना के विकास और अन्य तांत्रिक ज्ञान उनके रूपान्तर सम्बन्धी सिद्धान्त के मूल में क्रियाशील हैं। मातृशक्ति के प्रति एकमात्र अवलम्बिता के मूल में भी तांत्रिक सिद्धान्त क्रियाशील हैं। यद्यपि श्री अरविंद पूर्णयोग में कुण्डलिनी जागरण, भूतशुद्धि, चक्रप्रस्फोट आदि का उस रूप में स्थान नहीं है, जैसा तंत्र में है अपितु इसके लिए पूर्णयोग में वह भिन्न पद्धति अपनाई गई है जिसमें

१. वही० पृ० ३५।
२. वही० पृ० ३६।
३. वही० पृ० ३७।

उच्चस्थ उच्चतर चेतना से मिलन के लिए विभिन्न स्तरों से होता हुआ चेतना का आरोहण भी सम्मिलित है। इसमें मानसिक और शारीरिक स्तरों एवं केन्द्रों का जागरण भी सम्मिलित है। इसमें वह अवतरण सिद्धान्त भी सम्मिलित है जो रूपान्तर का रहस्य है इस प्रकार इस पूर्णयोग में रूपान्तर की प्रक्रिया के मूल में तान्त्रिक ज्ञान भी क्रियाशील हैं।[१]

फिर भी श्री अरविंद का पूर्णयोग तांत्रिक योग नहीं है। तंत्र में शक्ति ही सर्वस्व है जबकि पूर्णयोग में आत्मा ही सर्वस्व है। तांत्रिक योगक्रिया का आरम्भ होता है नीचे से और उच्चासन तक पहुँचने के लिए सोपानों का विभाजन मिलता है, इसलिए सर्वाधिक बल शक्तिजागरणक्रिया पर है और इसी प्रसंग में षट्चक्रों का उद्घाटन शारीरिक चेतनाशक्ति के विभिन्न क्षेत्रों का उद्घाटन है। किंतु श्री अरविंद के पूर्णयोग में स्वयं मनुष्य एक मानसिक चेतना अथवा आत्मा के रूप में स्वीकृत है। इस योग में इस चेतना के प्रकाश से जीवात्मा के आध्यात्मीकरण की क्रिया स्वीकृत है। इस क्रिया से व्यक्ति उच्चतर शक्ति के प्रति उद्घाटित होता है और उसकी पूर्ण प्रकृति ही क्रियाशील होती है। इसी कारण इस योग में सर्वाधिक बल चित्त में आत्मशक्ति के उपयोग पर और ज्ञान, कर्म एवं भक्ति के त्रिगुणात्मक साधन के दिशान्तर पर है। इसमें राजयोग और हठयोग का अधिक उपयोग नहीं है।[२] श्री अरविंद के इस प्रकार के योग सम्बन्धी विचार एवं साधन का पारम्परिक योग के विहंगम योग के अन्तर्गत विचारित किया जा सकता है।

इस पूर्णयोग की और व्याख्या करते हुए श्री अरविंद ने कहा है कि इस योग में मुख्य दृष्टि आत्मसमर्पण पर है जिसमें सर्वविध पूर्णयोग काम्य है। इसमें योग के लक्ष्यों का विस्तार है। तांत्रिक मत यद्यपि मुक्ति को अन्तिम लक्ष्य तो मानता है किंतु एकमात्र नहीं। वह आध्यात्मिक शक्ति, प्रकाश की पूर्णता के साथ ही भुक्ति को भी स्वीकार करता है। वह एक ऐसी परमानुभूति को सामने रखता है जिसमें मुक्ति, विश्वैश्वर्य और योग का एकात्मीकरण सभी विरोधों और विषमताओं की विजय में हो जाता है। यद्यपि इन्हीं आध्यात्मिक तत्वों की व्यापक दृष्टि से उनके योग का आरम्भ होता है तथापि इसमें एक बात यह भी जोड़ देते हैं कि यह मानुषी चेतना दिव्य तत्व के साथ होनेवाली सर्वातीत एकता की ओर प्रभावित होने वाली व्यक्ति चेतना मात्र नहीं है अपितु वह एक वैश्व चेतना है जो दिव्य तत्व से एकात्म प्राप्त करने में समर्थ है। इस दृष्टि से पूर्णयोग का सर्वप्रथम लक्ष्य है जीवात्मा की वैयक्तिक मुक्ति, दिव्य तत्व के साथ सत्, चित् और आनन्द में एकात्म का आभोग। जीवात्मा के दिव्य तत्व के साथ वैश्व एकात्म का मुक्त आभोग–यह दूसरा लक्ष्य है। इससे एक तीसरा लक्ष्य भी प्रकट होता है–सभी प्राणियों के साथ दिव्य एकात्म के अर्थ का परिणमन। मानवता में दिव्य तत्व के आध्यात्मिक प्रयोजन में सहानुभूति और सहयोग करने से ही इस कार्य में सिद्धि मिल सकती है।[३]

---

१. वही० पृ० ३९-४०।

२. वही० पृ० ४२-४३।

३. वही० पृ० ४२-४३।

इन्हीं भेदक तत्वों की ओर संकेत करते हुए श्री अरविंद आगे कहते हैं कि तंत्रों में चक्रों का उन्मीलन और कुण्डलिनी का जागरण जैसी क्रियाएं एक विशेष क्रिया द्वारा साधित होती हैं जब कि इस पूर्णयोग में कार्य उच्च शक्ति के प्रेरण से, उस शक्ति के अवतरण से, सम्भव होता है। व्यक्ति की इच्छा पर इसका उद्घाटन मान्य नहीं है। तांत्रिक साधन में इनका उन्मीलन मूलाधार से आरम्भ होता है, जबकि पूर्णयोग में ऊपर से नीचे की ओर यह क्रिया होती है, यद्यपि इस योग में भी आरोहण क्रिया नीचे से ही आरम्भ होती है। अर्थात् शक्ति का अवतरण सर्वप्रथम सहस्रार, फिर क्रमशः हृदय और फिर उससे नीचे के केन्द्रों पर होता है। इसमें साधक विभिन्न तंत्रोदिष्ट देवताओं का अनुभव न कर मातृतत्व का ही विभिन्न चक्रों में दर्शन करता है।[१]

श्री अरविंद के तंत्र वैशिष्ट्य एवं उससे पूर्ण योग के वैषम्य से सम्बन्धित इन विचारों से यह प्रकट होता है कि वे तंत्र एवं उसकी साधना को भारतीय मानते हैं, जादू या टोना-टोटका भी नहीं मानते और न उसे हेय ही मानते हैं। दूसरे वे उसे वेद और वेदांत की कोटि में स्थान देते हैं। तीसरे यद्यपि उनके पूर्ण योग सम्बन्धी कुछ सिद्धान्त तंत्र से गृहीत प्रतीत होते हैं तथापि उनका योग तांत्रिक योग से बहुत भिन्न है। चौथे, चेतना के विकास से सम्बन्धित श्री अरविंद के सिद्धान्त के बीज तंत्र में मिलते हैं। इन दृष्टियों से तंत्र सम्बन्धी श्री अरविंद के विचार अध्येताओं के लिए प्रकाश रूप सिद्ध हो सकते हैं।

१. वही० पृ० ४४-४५।

सौन्दर्यानुभूति और श्रीअरविन्द का समाज-दर्शन

डॉ० हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव,
रीडर, समाजविज्ञान विभाग, का० हि० वि० वि०

आधुनिक मानव के ज्ञान की सीमा निर्धारित करना आवश्यक है। हमारे लिए इस जगत् से परे कोई सत्य नहीं है। यदि लोकातीत सत्य का संप्रत्यय स्वीकार भी कर लिया जाय, तो हमारे लिए उस सत्य का जगत् से जो सम्बन्ध है, केवल वही महत्त्वपूर्ण है। अलौकिक सत्य, सौन्दर्य, आनन्द या शक्ति के होने— न होने पर बहस नहीं की जा सकती, न यहाँ हमें वह अभीष्ट ही है। वह हमारे सामान्य ज्ञान की सीमा से बाहर भी है। अपने इस परिसीमित दृष्टिप्रारूप से जब हम श्री अरविन्द के सामाजिक चिन्तन का विवेचन करते हैं, तो बहुत कुछ ऐसा पाते हैं, जो आधुनिक समाज के लिए भी उपयोगी है। सामाजिक परिवर्तन और प्रगति के विषय में यों तो बहुत कुछ कहा जा चुका है, मगर 'सामूहिक जीवन सौन्दर्यानुभूति-पूर्ण हो सकता है'–इस आयाम पर श्री अरविन्द का योगदान वस्तुतः महत्त्वपूर्ण और मार्गदर्शक है।

श्री अरविन्द अबुद्धिवादी, अथवा यों कहें कि पराबौद्धिक चिन्तक हैं। ज्ञान के क्षेत्र में तर्कबुद्धि की भूमिका को वे सीमित मानते हैं। सौन्दर्य और शुभ—जो बुद्धि से परे की वस्तु हैं—उनके सामाजिक चिन्तन के केन्द्रबिन्दु हैं, दिव्य-चेतना केवल आधार मात्र है। व्यक्ति निजी प्रयत्नों से एक नैतिक सौन्दर्य-बोध अर्जित करता है, और जब बहुत से लोग इस बोध को आत्मसात् कर लेते हैं, तो उनके एकात्म्य से एक नये प्रकार का आध्यात्मिक समाज निर्मित होता है। श्री अरविन्द सामूहिकता के अनावश्यक दबाव को व्यक्ति के विकास में बाधक मानते हैं। वे सामूहिकता के लक्षणों पर उतनी नहीं, जितनी व्यक्ति के आंतरिक गुणों के अविरल उद्विकास पर आस्था रखते हैं।

सौन्दर्यबोध और व्यक्ति का आन्तरिक स्वभाव

श्री अरविन्द के अनुसार जीवन और जगत् दोनों ही भोगमय हैं। उनके एक भक्त की बातें बरबस मन को छू जाती हैं। "यह संसार फीका है। सब कुछ मानो एक दुःस्वप्न का आभासमात्र है, परन्तु फिर भी बुद्ध, शंकर, ईसा, श्रीचैतन्य आदि आध्यात्मिक गुरु, सभी मनुष्य को सृष्टि के प्रति इस आकर्षण से फेर नहीं सके"........."मनुष्य इसे व्यर्थ नहीं कर सका और न कर सकेगा।"[1] जीवन दुःखमय हो तो भी उसका त्याग नहीं किया जा सकता। हम दुःखों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। मनुष्य के जीवन की सम्भावनाएँ विशाल हैं। जड़ सृष्टि और भगवान् में भेद नहीं है। इस जड़-सृष्टि के माध्यम से ऐश्वर्य का क्रमशः प्रस्फुटन हो रहा है। मानव-हृदय में सौन्दर्यानुभूति की स्वाभाविक प्रवृत्ति जग रही है। पूर्ण समर्पण से (किसी भी नैतिक नियम या वस्तु के प्रति) सौन्दर्यबोध का चरम बिन्दु प्राप्त होता है। तर्क-बुद्धि से परे होकर ही व्यक्ति समर्पित होता है। समर्पण एक यौगिक प्रक्रिया

है । श्री अरविन्द ने भगवती माँ के प्रति समर्पित होने का सुझाव दिया है । वैयक्तिक जीवन में 'समर्पण' का प्रतीक 'माँ' है और सामाजिक-जीवन में 'आध्यात्मिक एकता' । दोनों ही 'अखण्ड सच्चिदानन्द' के स्वरूप हैं, दोनों हो मूलतः सौन्दर्यानुभूति हैं ।

सौन्दर्य-बोध पर आधारित श्री अरविन्द का 'दिव्य सत्य' (मूल्य के रूप में सच्चिदानन्द) एक विश्वास-पद्धति भी है, और कोई भी विश्वास-पद्धति तभी सशक्त होती है, जब वह कला के आकारों में परिणत हो जाय । श्री अरविन्द की सौन्दर्यानुभूति की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति 'सावित्री' में हुई है । कला का सहारा लेकर ही विश्वास सनातन होता है । तर्क-बुद्धि में उलझ हुआ (या उलझाया हुआ) व्यक्ति मृत्यु-भय और जीवन के मोह से संत्रस्त रहता है, तर्क-बुद्धि से ऊपर उठकर, दिव्य-चेतना एवं प्रेम को समझनेवाला व्यक्ति ही भय और मोह पर विजय प्राप्त करता है । 'सावित्री' का यह सन्देश है, जो श्री अरविन्द के सामाजिक-चिन्तन का आधार-तत्त्व है । श्री अरविन्द सौन्दर्यानुभूतिवादी होने के साथ ही अबुद्धिवादी भी थे । वस्तुतः तर्क-बुद्धि की सीमा से ऊपर उठना केवल सौन्दर्यानुभूति द्वारा ही सम्भव है, अन्यथा व्यक्ति शून्यवाद के कगार पर पहुँच जायगा । श्री अरविन्द ने, तर्कबुद्धि के आधार पर बढ़ रही दुनिया के इसी खतरे को समझकर सौन्दर्याभिमुख स्व-संचालन का नियम प्रस्तावित किया । सच पूछा जाय तो, सौन्दर्यबोध को विकसित करने के अतिरिक्त आज की दुनिया के संकट को दूर करने का कोई दूसरा दृष्टिकोण सम्भव नहीं दीखता ।

श्री अरविन्द के कुछ उपासक यह भी मानते देखे गये हैं कि 'दिव्य-चेतना' का अवतरण आप ही आप हो जायगा, व्यक्ति जीवन और समाज का आध्यात्मीकरण बिना किसी सचेत प्रयत्न के हो जायगा । अगर इस प्रकार की धारणाओं पर भरोसा किया जाय, तो फिर सामाजिक चिन्तन, नीति, नियोजन, क्रान्ति—कुछ भी आवश्यक नहीं है, उद्देश्यपूर्ण नैतिक समाज स्वयं संरचित हो जायगा । वस्तुतः श्री अरविन्द ने इस प्रकार की बात कभी नहीं कही । आध्यात्मिक युग के उदय और विस्तार को व्यक्ति के प्रयत्न (कर्मयोग) का ही प्रतिफल मानते हुए उन्होंने स्पष्ट लिखा है—"यहाँ हमें इस उपयोगितावादी सिद्धान्त को एक विस्तृत और गहन रूप देना होगा, कि 'सत्य' वह है, जिसका हम सृजन करते हैं, और इस अर्थ में सबसे पहले सत्य वह है जिसे हम अपने अन्दर गढ़ते हैं, दूसरे शब्दों में, जो हम स्वयं बनते हैं ।"[२]

श्री अरविन्द हर योगमार्गी की तरह ही व्यक्तिवादी हैं । एक-एक व्यक्ति यदि आध्यात्मिक सन्दर्भ में अपने आपको 'अन्दर से गढ़ ले', तो उनके योग से संरचित सम्पूर्ण समाज आध्यात्मिक हो जायगा । सामूहिकता (यहाँ तक कि सम्प्रदायमूलक धर्मवाद भी) समाज को भ्रष्ट ही करती है, अतएव व्यक्ति को निजी स्तर पर 'स्वयं बनना' चाहिये । श्री अरविन्द का अपना जीवन इस सत्य का साक्षी है कि व्यक्ति के भीतर दिव्य-चेतना किस प्रकार रूपायित होती है, और इसके बाद व्यक्ति समाज के साथ किस तरह पेश आता है । सन् १९०९ में श्री अरविन्द को दिव्य-चेतना का आभास हुआ था । उसके बाद, आजीवन वे विभिन्न अनुष्ठानों के माध्यम से समाज के पुनर्निर्माण और उद्बोधन का संगठित प्रयत्न करते रहे । दिव्य-चैतन्य व्यक्ति की सामाजिक भूमिका का आदर्श प्रारूप श्री अरविन्द की

जीवन-भूमिका है। व्यक्ति और समाज, दोनों में होने वाले मानव-विकास की अनिवार्यतः तीन अवस्थाएँ होती हैं—अबौद्धिक युग, तर्कबुद्धि युग और पराबौद्धिक युग। अनुभव के आधार पर कहा जा सकता है कि पराबौद्धिक चेतनायुक्त व्यक्ति वही करेगा जो श्री अरविन्द ने किया। और इस प्रकार पराबौद्धिक युग में पहुँचकर समाज मानवतावादी एकता के सूत्र में बँध जायगा तथा मानवीय गुणों के विकास के आधार पर अन्तरराष्ट्रीय समुदाय गठित होगा। आध्यात्मिक स्तर पर पहुँचा हुआ व्यक्ति या समाज 'पराबौद्धिक सौन्दर्य' को प्राप्त करता है। श्री अरविन्द ने स्पष्ट कहा है --

"जिस वस्तु की हम सौंदर्य द्वारा खोज कर रहे हैं वह वही है जिसकी हम धर्म के द्वारा खोज कर रहे हैं, वह वस्तु पूर्ण सत्ता अर्थात् भगवान् हैं।"[3]

प्रश्न उठता है कि सौंदर्य द्वारा हम क्या खोज रहे है? संभवतः व्यक्ति (समाज की इकाई) के आंतरिक स्वभाव की खोज करते हैं, सौंदर्यबोध के कारण स्वाभाविक रूप से दिव्य हो जाय। यह तभी संभव है, "जब वह मन, अहंभाव, स्वार्थ, कामना, आवेश तथा समस्त प्रकार की वासनाओं के आक्रमण से सुरक्षित रह कर, उत्तरोत्तर अपने आपको शुद्ध करता जाय।"[4] अपने अंदर गढ़े हुए नियम के प्रति समर्पित होने से व्यक्ति अपने 'आन्तरिक स्वभाव की खोज' कर लेता है। श्री अरविन्द के विचार से, सौंदर्य और शुभ पृथक् नहीं हैं— "जो बात सौंदर्य एवं अध्यात्म के सिद्धान्त के लिए है वही शुभ के सिद्धान्त के लिए भी है।"[5] (आधुनिक सौंदर्यशास्त्र दोनों को पृथक् मानता है)।

विकास के मनोवैज्ञानिक अवस्थान

सामाजिक विकास-क्रम की परिकल्पना कार्ल मार्क्स ने की है किन्तु बाहरी आंकड़ों के आधार पर। श्री अरविन्द ने अपने 'मानव चक्र' में आंतरिक कारकों के आधार पर मानव-समाज का इतिहास प्रस्तुत किया है। इसे इतिहास का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण भी कहा जा सकता है। एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठता है कि बाहरी परिस्थितियों से मानव-बुद्धि प्रभावित होती है, या मानव-बुद्धि से परिस्थितियाँ निर्धारित होती है।

श्री अरविन्द ने इस प्रकार की कार्य-कारण संबंधी समस्याएं न तो उठायी हैं, और न सुलझायी है। कवि की भाँति उन्होंने मानव का विकास क्रम विवेचित कर दिया है। अलबत्ता उनकी विवेचना के दौरान उनकी इस धारणा का आभास अवश्य होता है कि परिस्थितियों के कारण ही मानव की वर्त्तमान मनोवैज्ञानिक समस्याएं आविर्भूत हुई हैं। अब ऐसी भी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो रही हैं जिनमें 'एक विश्व', 'एक विश्व सरकार' और आदर्श एकता में एक मानव समुदाय की मनोवैज्ञानिक विशेषताएँ उभर रही हैं। कार्ल मार्क्स ने इसे अतिरिक्त संरचना समझ कर टाल दिया। किन्तु श्री अरविन्द ने मानव-विकास की संभावनाएँ पराबौद्धिक युग तक पहुँचायी हैं। उनका यह सिद्धान्त उच्च कोटि के काव्य की भाँति प्रतीकात्मक अथवा मिथकीय महत्त्व रखता है। इसकी प्रामाणिकता इसके तथ्यगत होने में नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक संप्रत्यय को जीवन में साकार कर लेने में है।

अवबौद्धिक युग

मनुष्य के मनोवैज्ञानिक विकास-क्रम के उस अवस्थान को अवबौद्धिक युग कहा जा सकता है, जहाँ उसका 'निर्मल विवेक' अभी जागृत न हुआ हो। मनुष्य अपनी मूल प्रवृत्तियों,

आवेगों तथा सहज विचारों द्वारा प्रेरित होकर व्यवहार करता है। अपनी परिवेशगत सामाजिक संस्थाओं के अन्तर्गत वह पारम्परिक व्यवहार करता है। अवबौद्धिक युग में केवल आदिम मानव ही नहीं आते, वरन् विकसित सभ्यता के स्तर पर पहुँच कर भी अगर मानव बुद्धि 'निर्मल विवेक' विहीन रहे तो उसे भी यही नाम दिया जायगा। यह युग कालपरक नहीं, प्रतीकात्मक है। श्री अरविंद इस युग के विधेयात्मक पक्ष को स्वीकार करते हैं। इस अवस्थान में भी तर्कबुद्धि तथा आध्यात्मिकता के स्रोत विद्यमान रहते हैं।

तर्कबुद्धि युग

पारम्परिक नैतिकता (राज्य और धर्म आदि सामाजिक संस्थाओं का दबाव) जब ऐसी परिस्थिति उत्पन्न कर देती है कि व्यक्ति का 'व्यक्तित्व' और विवेक कुण्ठित होने लगे, तो विद्रोह के रूप में व्यक्तिवादी और तर्कबुद्धिवादी अवस्थान प्रारम्भ होता है। यूरोप के आधुनिक इतिहास को दृष्टि में रखकर श्री अरविंद ने व्यक्तिवाद को 'अस्वीकृति का काल' माना है। भौतिक विज्ञान की विजयपूर्ण प्रगति ने 'इस प्रकार का विकास ऐतिहासिक दृष्टि से भी अनिवार्य' सिद्ध कर दिया। व्यक्ति अब एक गिरोह का सदस्य मात्र न होकर 'अपने आप में महत्त्वपूर्ण प्राणी' बन गया है।[6] व्यक्ति स्वयं ही अपने आपको अन्दर से गढ़ता है। श्री अरविंद सम्प्रदाय और राज्य को व्यक्ति के ह्रास का कारण मानते हैं। वे व्यक्ति को इतना पूर्ण बना देना चाहते हैं कि इन दमनकारी संस्थाओं की आवश्यकता ही न रह जाय। टॉलस्टाय और गांधी की तरह श्री अरविंद भी संभवतः अराजकतावादी (अनार्किस्ट थे) व्यक्ति का अस्तित्व (अधिकार सहित) समूह के अधीन नहीं हो सकता। व्यक्ति केवल समाज के लिए ही नहीं है, वरन् निजी विकास के लिए भी है, और सामूहिकता की घुटन की अपेक्षा स्वच्छन्दता की खुली हवा में वह अपेक्षाकृत अधिक विकास कर सकता है, और इस प्रकार सारा समाज विकसित हो सकता है। यही वह सूत्र है, जो क्रमशः व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक विकास (पराबौद्धिक स्तर तक) के क्रम में दिव्य-चेतना की उपलब्धि को संभव बनाता है। अन्यथा सामूहिकता से श्री अरविन्द विशेष आशा रखते नहीं दीखते।

तर्कबुद्धि पर आधारित आधुनिक सभ्यता के चरित्र तथा उसके उपयोगितावादी दृष्टिकोण की आलोचना श्री अरविन्द ने उसे 'उत्तेजनाप्रधान' समझकर की है लेकिन अन्त में उन्होंने स्वीकार किया है कि इस उत्तेजना प्रधान व्यक्ति का रूपान्तरण भी स्वयं परिस्थितिगत कारणों से हो रहा है, विशेषतः शिक्षा की नवीन प्रणालियां समाज के नवीन सिद्धान्त क्रियात्मक संभावना के क्षेत्र में आने शुरू हो गये हैं, जिनसे संभवतः एक दिन ऐसी घटना घटित होगी, जो अभी अज्ञात है, अर्थात् मनुष्यों को एक ऐसी जाति की—केवल एक वर्ग को नहीं—सृष्टि होगी, जिन्होंने कुछ सीमा तक अपने मनोमय पुरुष को प्राप्त एवं विकसित कर लिया होगा, वह सुसंस्कृत मनुष्य जाति होगी।[7]

अतिबौद्धिक युग

मनुष्य एक मतोमय प्राणी है, इस कारण वह अपने आपको रूपांतरित कर सकता है। मानव-जीवन की दो मूल इक्छा शक्तियाँ हैं—पहली, जीवन को इच्छाशक्ति, जो शारीरिक क्रियाओं का नियमन करती है और दूसरी है प्रगतिकारी इच्छाशक्ति, जो उसके कर्म की मुख्य सामर्थ्य में

निहित है। श्री अरविन्द का कहना है कि यही इच्छाशक्ति 'जीवनशक्ति' को मनके विचारों से उठा सकती है और हमारी आन्तरात्मिक शक्ति द्वारा कार्य कर सकती है। जब तक मनुष्य की दूसरी इच्छाशक्ति पहली इच्छाशक्ति से जुटी रहती है (शारीरिक भोग के संदर्भ में) तब तक वह अपनी 'दोहरी प्रकृति' से छुटकारा नहीं पा सकता। "मानव मन की समस्त व्याकुलता, असंतुष्टि, श्रममुक्ति श्रांति, उदासी और निराशा का स्रोत मनुष्य की उस व्यावहारिक असफलता में है, जो उसे अपनी दोहरी प्रकृति की पहेली और कठिनाई को हल करने में प्राप्त होती है।"[८] रूपान्तरण का रहस्य उच्चतर चेतना में रूपान्तरित होना है। तर्कबुद्धि और मन, दोनों अधूरे होने के कारण, ऊपर उठाने में असमर्थ हैं। श्री अरविन्द इस बिन्दु पर पहुँच कर सौंदर्यानुभूतिवादी (अध्यात्मवादी) हो जाते हैं। आध्यात्मिक इच्छा हमें उस स्तर तक पहुँचा सकती है, जहाँ चेतना शरीर एवं संसार के बंधनों से मुक्त होकर सौंदर्यबोध (अर्थात् शुभ) की अनुभूति प्राप्त कर सके।

श्री अरविंद अपने सामाजिक चिन्तन को 'आध्यात्मिक यथार्थवाद' की संज्ञा देते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि हमें 'प्राणिक भाग' और 'आत्मा के भाग' में से किसी एक को चुनना होगा और ऊर्ध्वगमन का लक्ष्य चुनकर स्वयं 'अपनी पूर्णता का सिद्धान्त बनाना पड़ेगा'। उन्हीं के शब्दों में—यह एक प्रकार का मनोमय उपयोगितावाद (Mentalised Pragmatism) होगा। समर्पण के बिना व्यक्ति या समाज आध्यात्मिक नहीं बन सकता। श्री अरविन्द 'अहं' को (व्यक्तिगत अथवा सामूहिक) समर्पित कर देना चाहते हैं। जब व्यक्ति पूर्णरूपेण समर्पित हो जाता है, तो 'आत्मा का अभ्युदय' होता है। उनके शब्दों में—"एक आध्यात्मीकृत समाज, ठीक अपने आध्यात्मिक व्यक्तियों के समान ही, अहं में नहीं, बल्कि आत्मा में निवास करेगा, एक सामूहिक अहं के रूप में नहीं, बल्कि सामूहिक आत्मा के रूप में अस्तित्व रखेगा।[९] सौंदर्य के माध्यम से मनुष्य नैतिक सत्ता की खोज या स्थापना करता है। श्री अरविन्द का कहना है कि "मनुष्य की नैतिक सत्ता भी उसकी सौंदर्यात्मक और धार्मिक सत्ता की तरह सनातन की खोज है, यह अवबौद्धिक स्थिति से आरंभ करके, मध्य में तर्कबुद्धि का आश्रय लेते हुए पराबौद्धिक पूर्णता तक पहुँचती है।"[१०]

—०—

१, श्री विजयकान्त रायचौधरी : श्री अरविन्द का योग, श्री अरविन्द आश्रम, पांडिचेरी। १९६२, पृ० २–३।
२. श्री अरविन्द : मानव-चक्र, अनु० लीलावती इन्द्रसेन, पांडिचेरी १९७०, पृ० ३००।
३. वही, पृ० १६२।
४. वही, पृ० १७३।
५. वही, पृ० १७३।
६. वही, पृ० १४ 1
७. वही, पृ० १०१।
८. वही, पृ० २७०–७१।
९. वही, पृ० २९१।
१०. वही, पृ० १७४।

अरविन्दो महायोगी

पं० त्रिनाथ शर्मा,

दर्शन विभाग, प्रा० वि० एवं ध० वि० सं०, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

अरविन्दो महान् साधकः परमयोगी चासीत्। अधीत वेदवेदाङ्ग तदर्थज्ञः यो मुमुक्षुः ब्राह्मणः स्वयं कर्मफलं स्वर्गकामश्चिन्वीत, "यः पशुकामः पश्यन्ति पुत्रं" इन्यादि श्रुतिवाक्यैः तत्र-तत्र प्रतिपाद्यमानं कर्मणां फलं पुत्रपशु स्वर्ग प्राप्ति लक्षणमनाश्रितः मोक्षैककामनया यत्किञ्चिदपि कर्मफलमनपेक्ष्यैव सर्वं कर्मेश्वराय समर्प्य निष्कामः सन् कार्यं नियमेन यत्कर्त्तव्यं नित्यं नैमित्तिकं काम्यवर्जितं कर्म अग्निहोत्रादि लक्षणं करोति श्रद्धया भक्त्या च सम्यगनुतिष्ठति सः कर्मफलकामनापरित्यागरूप संन्यासवत्त्वात् संयासी च भवति। कर्मयोगे चित्तसमाधानवत्त्वात् योगी च भवति। अत एव च गीतायां भगवान् श्रीकृष्णः कथयति—

"अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति च यः।
स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्नचाक्रियः॥

युज् समाधौ इत्यस्माद् व्युत्पन्नः समाधयर्थे योगशब्दः न तु युजिर योगे यत्यस्मात् संयोगार्थः।

पंडिताः येमेव संन्यासमाहुः तमेव योगं कथयन्ति। योगसाधनाय मनः एकाग्रं कृत्वा आसने उपविश्य आत्मविशुद्धये योगं युञ्ज्यात् साधारणो जनः योगाय न प्रवर्तते। योगकरणाय कठिनतपस्यायाः आवश्यकत्वमस्ति। तदुक्तञ्च गीतायाम्—

"समं कायशिरोग्रीवं धारयन्न चलं स्थिरः।
संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चाऽनवलोकयन्॥"

योगनिष्ठ परायणो योगी आसने उपविश्य अन्तःकरणं ब्रह्मणि अनुसन्धाय निरतिशयां शान्तिमधिगच्छति। यदा योगी सम्पूर्णं विषयेषु निस्पृहो भवति एकाग्रमनसा ब्रह्मणि चावस्थितो भवति तदा तमेव योगीनं योगारूढ़ इत्येव कथ्यते। योगीनश्चित्तं कदापि विचलितं न भवति। योगारूढ़े संलग्नः यदा आत्मना आत्मानं पश्यति तदा परमानन्दमनुभवति। विषयलम्पटस्य मनसः आत्मनि संस्थितिर्न सम्भवति। यतो हि मनः अतीव चञ्चलं अस्थिरं च भवति। अत एव च—

"यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम्।
ततस्ततो त्रियभ्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्॥"

योगस्य फलं अप्रतिबद्धमात्मैकत्वदर्शनमात्मानन्दैक भूतिश्च। समाधिना विना सम्यगे दर्शनं सिध्यति, अत एव योगे 'समाधिरेव कर्त्तव्यः' योग भ्रष्टः पुण्य कर्मणा स्वर्गादि फलं प्राप्य शुद्धः श्रीमतांगेहे यदा कदा जन्म लभते। पूर्वाभ्यासेन योगी हठात् योगाभ्यासे प्रवर्तते।

समाधौ समासीनः किल्विषरहितः योगी पराङ्गतिं प्राप्नोति । कृच्छ्रचान्द्रायणादि पञ्चाग्नि-मध्स्थत्वादितपोनिरतेभ्यः मुमुक्षुभ्यः योगी उत्कृष्टो भवति । मीमांसादि शास्त्रार्थ विद्भ्य उत्तमो भवति योगी । कर्मिभ्यः योगी अधिको भवति । तस्मात् सर्वेषु योगिनः महत्वमस्ति अत एव च भगवान् कृष्णः प्रतिपादयति गीताभ्यांमर्जुनाय—

"तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः ।
कर्मिभ्यश्चाऽधिको योगी तस्माद्योगी भवाऽर्जुनः ॥"

इति रीत्या अरविन्दः परमयोगी परमसाधकोऽभूदित्यत्र नास्ति सन्देहः । योगशास्त्रस्य महत्वंज्ञात्वा योगे प्रवृत्त आसीत् । योगसाधनबलेन संसारेऽस्मिन् बहुख्यातिं लब्ध्वा अन्ते परम-पदं प्राप्तवान् । योगसाधनाप्रणालीं साधकेभ्यः सरलया रीत्या समर्पयतिस्म । अन्यदेशेभ्यः साधकाः समागत्य एतस्मात् योगविद्यां शिक्षतवन्तः । योगसाधनायाश्चमत्कृतिमवलोक्य असाधका अपि योगे निष्ठां चक्रुः । न केवलं भारते अपि तु विश्वंस्मिन् अरविन्दस्य कीर्तिर्जे-गीयते ।

अरविन्दस्य उद्देश्यमिदमेवासीत् यत् योगेनैव एकाग्रचेतसा भगवत्प्राप्तिर्जायते । अहं भावनया भगवत्प्राप्तिः कदापि न भवति । सर्वदा सर्वस्मिन् काले भगवति विश्वासः कर्तव्यः । गुरुमन्तरा योगसाधनाक्रमः कदापि न सम्भवति । यद्यपि ईश्वरप्राप्तौ अनेकमार्गाः विलोक्यन्ते तथापि सर्वासु साधनासु योगसाधना एवोत्कृष्टतमाऽस्ति ।

योगसाधनया भगवत्भक्तिः सुलभा भवति । योगस्य अभ्यास एव साधना । साधनायाः फलप्राप्तये स्वसंकल्पशक्त्येकाग्रीकरणं तपस्या । भगवतः पूजा एव आराधना । भगवतः नामोच्चारणं मेव प्रार्थना । योगः समाधिः, निःश्रेयसहेतुः समाधिः । समाधिरपि वक्ष्यमाणस्य अङ्गिनो योगस्याङ्गम । पातञ्जल योगशास्त्रे भगवता पतञ्जलिना महता संरम्भेण समुप-बृहितं "योगश्चित्तवृत्तिनिरोध" इति सूत्रम् ।

—०—

अरविन्द का भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान

डॉ० पीताम्बर दत्त कौशिक,

रीडर, राजनीति विज्ञान विभाग, का० हि० वि वि०

१९०९ के अलीपुर बम केस में अपने नवयुवक अभियुक्तकी पैरवी करते हुए एक नवयुवक वकील ने न्यायाधीश बीचक्राफ्ट को संबोधित करते हुए भविष्यवाणी की थी–

"जब कि यह विवाद मौन का रूप धारण कर चुकेगा, जब कि यह अशान्ति और आन्दोलन समाप्त हो चुकेगा, जब कि अभियुक्त मृत होकर इस संसार से जा चुकेगा, उसके बहुत बाद भी वह देशभक्ति के कवि, राष्ट्रीयता के पैगम्बर और मानवता के प्रेमी के रूप में सम्मानित किया जायेगा। जब कि वह मृत हो कर जा चुकेगा, उसके बहुत बाद भी उसके शब्द न केवल भारत में वरन् सुदूर सागरों और प्रदेशों के पार भी ध्वनित और प्रतिध्वनित होंगे।"

यह प्रतिभाशाली वकील देशबन्धु चितरंजन दास थे, जिन्होंने बाद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया और अभियुक्त थे श्री अरविन्द घोष। वकील की अपने अभियुक्त के बारे में भविष्यवाणी शत-प्रतिशत सत्य सिद्ध हुई। अपनी मृत्यु के अनेक दशकों के बाद भी श्री अरविन्द महर्षि अरविन्द और योगीराज अरविन्द के रूप में विश्व भर में स्मरण किये जाते हैं।

श्री अरविन्द को एक महान् योग साधक और आध्यात्मिक गुरु के रूप में विश्व-ख्याति प्राप्त हुई है। पांडिचेरी का योगाश्रम उनकी एक महान् उपलब्धि माना जाता है। परन्तु वस्तुतः अरविन्द बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने योग के क्षेत्र में ही नहीं वरन् अन्य अनेक क्षेत्रों में भी सराहनीय सफलताएं प्राप्त की थीं। वे बहुभाषाविद् थे। अंग्रेजी, फ्रेंच, बंगला, गुजराती, संस्कृत लैटिन और ग्रीक अनेकानेक भाषाओं पर उनका समान अधिकार था। वे एक कुशाग्रबुद्धि छात्र, एक सफल अध्यापक, एक लोकप्रिय पत्रकार, एक महान् योगी, एक विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक देशभक्त सेनानी थे, श्री के० एम० मुंशी के शब्दों में "गत शताब्दी में, दूसरा ऐसा विचारक नहीं हुआ, जिसमें श्री अरविन्द के बराबर गहराई हो। दूसरा ऐसा योगी नहीं हुआ, जिसने जीवन के रहस्यों की इतनी सावधानीपूर्वक खोज की हो।" "साथ ही श्री अरविन्द आधुनिक भारतीय पुनर्जागरण के महानतम प्रवक्ता बन गये।"

एक चमकती उल्का

श्री अरविन्द की बहुमुखी प्रतिभा का एक छोटे से निबन्ध में मूल्यांकन करना संभव नहीं है। हम उनके व्यक्तित्व के केवल एक पक्ष–भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के एक सेनानी के रूप में उनके योगदान–की चर्चा करेंगे। श्री अरविन्द ने राष्ट्रीय आन्दोलन में सक्रिय रूप से अत्यन्त थोड़े समय–लगभग पांच–वर्ष तक भाग लिया था। "वे राजनीति के आकाश में एक



श्री अरविन्द अलीपुर जेल में (कलकत्ता–१९०८)

चमकते उल्का के समान प्रकट हुए और लुप्त हो गये" (गुरुमुख निहाल सिंह)। परन्तु इस अल्पकाल में ही उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में न केवल एक विशिष्ट स्थान प्राप्त कर लिया, वरन् उसे एक नवीन तेजस्विता भी प्रदान की।

श्री अरविन्द का जन्म १५ अगस्त, १८७२ को कलकत्ता में हुआ था। उनके पिता डॉ० कृष्णधन घोष एक कट्टर आंग्लीयतावादी थे। वे पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति से इतने अधिक प्रभावित थे कि उन्होंने अपने पुत्रों को न केवल पूर्णतः पाश्चात्य शिक्षा प्रदान की, वरन् उन्हें अपनी मातृभाषा बंगला में बातचीत तक नहीं करने दी। श्री अरविन्द की प्रारम्भिक शिक्षा दार्जिलिंग के एक योरोपियन काण्वेंट स्कूल में हुई तथा ७ वर्ष की आयु में उन्हें एक 'समग्रतः अंग्रेजी शिक्षा' प्राप्त करने के लिए इंगलैंड भेज दिया गया। परन्तु पाश्चात्य सभ्यता की चमक-दमक से अभिभूत होने के स्थान पर श्री अरविन्द उत्कट देशप्रेम से प्रेरित हुए। उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम दशक में, जब कि अधिकांश भारतीय नेता ब्रिटिश शासन को एक दैवी वरदान मानते थे, उन्होंने न केवल भारतीय स्वतंत्रता का विचार प्रस्तुत किया, वरन् उसकी प्राप्ति के लिए सक्रिय कदम भी उठाया।

श्री अरविन्द का महान् देशप्रेम किशोरावस्था में ही दृष्टिगोचर होने लगा था। उनके पिता डॉ० कृष्णधन पाश्चात्य सभ्यता के पुजारी होते हुए भी देशभक्त थे। उनका विश्वास था कि भारत का कल्याण पाश्चात्य जीवन पद्धति और कार्य-पद्धतियों को अपनाने से ही हो सकता है। वे अपने पत्रों में बराबर भारत में ब्रिटिश सरकार के अन्यायों और हृदयहीनता की चर्चा करते रहते थे। इससे उनके पुत्रों, विशेषकर अरविन्द के हृदय में भारत की पराधीनता के विरुद्ध गहरा क्षोभ उत्पन्न हो गया। जब १८९१ में कैम्ब्रिज में इंडियन मजलिस की स्थापना हुई, तब अरविन्द ने न केवल उसकी गतिविधियों में सक्रिय भाग लिया, वरन् उसके सचिव भी रहे। लन्दनवासी भारतीयों की एक बैठक में 'कमल और खंजर' (Lotus and Dagger) नामक एक गुप्त संगठन की स्थापना में भी उन्होंने सक्रिय भाग लिया।

इंगलैंड में अरविन्द ने न केवल विद्यार्थी के रूप में अनुपम प्रतिभा का परिचय दिया, वरन् वे १८९० में आई० सी० एस० की परीक्षा में भी उत्तीर्ण हुए। परन्तु वे घुड़सवारी की परीक्षा में असफल रहने के कारण आई० सी० एस० से हटा दिये गये। अनेक लोगों का विचार है कि अरविन्द अपने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए आई०सी०एस० की परीक्षा में बैठ गये थे, परन्तु वे सरकारी नौकरी करना नहीं चाहते थे तथा जान-बूझ कर घुड़सवारी की परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे थे। कुछ भी क्यों न हो, जैसा कि लाला लाजपतराय का मत है, 'उनकी असफलता उनके देश के लिए भगवान् की अनुपम कृपा थी। यदि ऐसा न होता तो देश एक महान् राष्ट्रीय नेता से वंचित रह जाता।'

श्री अरविन्द १८९३ में भारत वापिस आये। इस बीच लन्दन में उनकी भेंट बड़ौदा के महाराजा गायकवाड़ से हुई, जिन्होंने उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें बड़ौदा-राज्य सेवा में नियुक्त कर दिया। वे १८९३ से १९०६ तक १३ वर्ष बड़ौदा की सेवा में रहे। उन्होंने प्रारम्भ में राजस्व विभाग में कार्य किया। उसके बाद बड़ौदा कालेज में अंग्रेजी के प्राध्यापक

और उप-प्रधानाचार्य रहे। साथ ही वे गुप्त रूप से राष्ट्रीय आन्दोलन में भी भाग लेते रहे। १८९३-९४ में उन्होंने छद्मनाम से पूजा के 'इन्दुप्रकाश' में एक लेखमाला लिखी, जिसमें उन्होंने एक ओर तो आत्मनिर्भरता और चरित्र-विकास पर बल दिया तथा दूसरी ओर उदारवादी नेताओं की आलोचना करते हुए लिखा कि उनका नेतृत्व अन्धों के द्वारा अन्धों का नेतृत्व के समान था। कुछ समय बाद वे पश्चिमी भारत गुप्त समाज (Secret Society in Westen India) के सदस्य बन गये। उन्होंने इस संस्था के उद्देश्यों का बंगाल में प्रचार करने का निश्चय किया तथा १९०४ में बंगाल के अनेक भागों का दौरा किया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की गतिविधियों में भी भाग लेना प्रारम्भ कर दिया, जहाँ उन्होंने गरम दल को अपना समर्थन प्रदान किया। वे लोकमान्य तिलक और विपिनचन्द्र पाल के घनिष्ठ मित्र बन गये। विपिनचन्द्र पाल द्वारा स्थापित 'बन्देमातरम्' पत्र अरविन्द के लेखों के द्वारा राष्ट्रीयता का प्रतीक बन गया। परन्तु अभी तक अरविन्द बड़ौदा में प्राध्यापक थे, इसलिये वे राष्ट्रीय आन्दोलन में गुप्त रूप से भाग ले रहे थे तथा अपने क्रांतिकारी लेख छद्मनाम से लिख रहे थे। परन्तु १९०५ में बंगाल के विभाजन के बाद उन्होंने अपने को पूरी तरह से राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रति समर्पित करने का निश्चय किया। अगस्त १९०६ में उन्होंने बड़ौदा की ७५० रु० मासिक की नौकरी छोड़कर बंगाल नेशनल कालेज में १५० रु० मासिक पर प्राध्यापक पद स्वीकार कर लिया। उन्होंने 'बन्देमातरम्' और 'युगान्तर' पत्रों के माध्यम से पूर्ण स्वतंत्रता के लिए आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया। इसी बीच सरकार ने बन्देमातरम् में उनके लेखों के आधार पर उन पर राजद्रोह का मुकदमा चलाया। परन्तु दंडाधीश किंग्सफोर्ड ने उन्हें निर्दोष माना। 'बन्देमातरम्' मुकदमे ने 'बन्देमातरम्' पत्र की लोकप्रियता को बहुत बढ़ा दिया तथा अरविन्द को उग्र राष्ट्रवादी नेताओं की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया। अगले तीन वर्षों में अरविन्द स्वराज्य, स्वदेशी और बलिदान की अलख जगाते रहे। उन्होंने मिण्टो-मोर्ले सुधारों की एक हास्यजनक नाटक कहकर निन्दा की। अप्रैल १९०८ में कुछ क्रांतिकारियों ने मुजफ्फरपुर के जिलाधीश किंग्सफोर्ड पर बम फेंककर उनकी हत्या करने का प्रयत्न किया। सरकार ने अरविन्द को भी इस कांड (अलीपुर बम कांड) में फँसाकर उन पर मुकदमा चला दिया। अरविन्द अन्ततः निरपराध सिद्ध हुए परन्तु मुकदमे के दौरान उन्हें लगभग एक वर्ष जेल में रहना पड़ा। इस कारावास-काल में अरविन्द के व्यक्तित्व ने एक नवीन दिशा ग्रहण कर ली। वे प्रारम्भ से ही योग के प्रति आकृष्ट थे। इस काल में, जिसे उन्होंने स्वयं 'आश्रम वास' की संज्ञा दी, उन्हें वर्षों के व्यस्त जीवन के बाद विश्राम, एकान्त और सार्वजनिक जीवन के भार से मुक्ति प्राप्त हुई। वे योग-साधना की नयी-नयी सीढ़ियाँ चढ़ते चले गये। उन्हें ईश्वर की झलक दृष्टिगोचर होने लगी। कारावास-मुक्ति के बाद उन्होंने एक अंग्रेजी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' और एक बंगाली साप्ताहिक 'धर्म' का प्रकाशन प्रारम्भ किया, जिसमें उन्होंने राजनीति की अपेक्षा योगसाधना की चर्चा को अधिक स्थान दिया। वे एक वर्ष तक और राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करते रहे, परन्तु उन्हें लगा कि वे राजनीति की अपेक्षा योग के द्वारा अपने देश का अधिक कल्याण कर सकते हैं। ४ अप्रैल १९१० को वे राजनीति से सन्यास लेकर योग-साधना के लिए पांडिचेरी चले गये। परन्तु उनकी योगसाधना उनकी

राजनीति से कम राष्ट्रीयतापूर्ण नहीं थी। उनकी योगसाधना में विवेकानन्द के समान आध्यात्मिक विश्वविजय का संदेश निहित था। उन्होंने कहा—

"पहले भारतीय बनो। अपने पूर्वजों की पैतृक सम्पदा को पुनः प्राप्त करो। आर्य दर्शन, आर्य अनुशासन, आर्य चरित्र और आर्य जीवन को पुनः प्राप्त करो। वेदान्त, गीता और योग को पुनः प्राप्त करो। उन्हें न केवल बुद्धि या भावना में प्राप्त करो, वरन् अपने जीवनों में भी प्राप्त करो।"

इस प्रकार एक अल्पकालीन राजनीतिक क्रियाशीलता के पश्चात् श्री अरविन्द एक दूसरे मार्ग पर चल पड़े। परन्तु इस थोड़े से ही समय में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को जो कुछ दिया, वह उनका नाम भारतीय राष्ट्रीय विकास के इतिहास में अमर रखने के लिए पर्याप्त है। उनके कार्य में हम एक साथ विवेकानन्द, सुभाषचन्द्र बोस और महात्मा गांधी के प्रधान अनुदायों को पाते हैं।

श्री अरविन्द ने विवेकानन्द के समान भारत की आध्यात्मिक महानता पर बल दिया। यद्यपि उनकी शिक्षा-दीक्षा विदेश में हुई थी, फिर भी वे भारत को माँ के रूप में देखते थे। वे सच्चे सपूत थे। उन्होंने देश के नवयुवकों में 'शाश्वत और कालजयी भारत' की धारणा का प्रचार किया और इस प्रकार उग्र राष्ट्रवाद के पैगम्बर बन गये।

पूर्ण स्वतंत्रता का जयघोष

अरविन्द घोष उन पहले राष्ट्रीय नेताओं में थे, जिन्होंने 'पूर्ण स्वतंत्रता' पर बल दिया। उनका मत था कि "राजनीतिक स्वतंत्रता एक राष्ट्र की सांस है। उसके बिना राष्ट्र का विकास नहीं हो सकता।" नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और जवाहरलाल नेहरू ने जिस पूर्ण स्वतंत्रता की माँग बीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक में की, श्री अरविन्द बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भिक वर्षों में ही उसका जयघोष कर चुके थे। उन्होंने 'बन्देमातरम्' में अपने लेखों में बराबर इस बात पर बल दिया कि भारतीय राष्ट्रवादियों का लक्ष्य औपनिवेनशिक-स्वराज्य नहीं, वरन् पूर्ण स्वतंत्रता की प्राप्ति होना चाहिये।

गांधीजी के पथ प्रशस्तक

यद्यपि श्री अरविन्द का गांधी जी के समान अहिंसा में विश्वास नहीं था, परन्तु फिर भी उनका कार्यक्रम बहुत कुछ गांधी जी से मिलता-जुलता था। उन्होंने कांग्रेस को क्रांतिकारी कार्यवाही के यंत्र का रूप देने का प्रयत्न किया, जो सफल न हो सका। परन्तु इस असफल प्रयत्न ने उस राजनीतिक जागृति को उत्पन्न करने में महान् योगदान दिया, जिसके बल पर गांधी जी कांग्रेस को एक जन-आन्दोलन बनाने में सफल हो सके। गांधी जी के समान उन्होंने भी इस बात पर बल दिया कि केवल बलिदान के द्वारा ही स्वतंत्रता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने देश के सामने असहयोग, ब्रिटिश माल का बहिष्कार, सरकारी शिक्षण संस्थाओं के स्थान पर राष्ट्रीय स्कूलों की स्थापना, साधारण न्यायालयों के स्थान पर मध्यस्थ न्यायालयों की स्थापना तथा जन-आन्दोलन की तैयारी के लिए ऐच्छिक समुदायों के संगठन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बीसवीं शताब्दी के अगले दशकों में गांधी जी ने जिस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक अपना कर भारत को राष्ट्रीय स्वतंत्रता के मार्ग पर अग्रसर किया, उस कार्यक्रम की मूल बातें अरविन्द उनसे काफी पहले प्रस्तुत कर चुके थे।

इस प्रकार हम देखते हैं कि श्री अरविन्द भारतीय राजनीतिक आकाश में एक धूमकेतु के समान अत्यन्त थोड़े समय तक चमक कर लुप्त हो गये। उनके पांडिचेरी चले जाने के बाद उनके द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम के विकास की गति अवरुद्ध हो गई, परन्तु फिर भी श्री अरविन्द और उनके राष्ट्रवादी सहयोगियों ने अल्प काल में ही इतना कुछ कर दिया था कि भारतीय राजनीति का सम्पूर्ण रूप और भारतीय जनता की सम्पूर्ण मनोवृत्ति ही बदल गई। स्वतंत्रता भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का लक्ष्य तथा असहयोग और प्रतिरोध उसके साधन बन गये। फलतः जब प्रथम विश्वयुद्ध के अपूर्ण वायदों और जलियाँवाला बाग के दमन के सन्दर्भ में गाँधी जी स्वराज्य और असहयोग के नारों के साथ भारत के राष्ट्रीय मंच पर अवतरित हुए, तब उन्होंने भारतीय जनता को संघर्ष के के लिए पूर्णत प्रस्तुतः पाया। दूसरे शब्दों में श्री अरविन्द ने गाँधी जी के कार्य के लिए उपयुक्त वातावण प्रस्तुत किया तथा गाँधी जी ने श्री अरविन्द के अधूरे कार्य को पूरा करके भारत माता को दासता की श्रृङ्खलाओं से मुक्त किया।

—०—



१९०६-१९०७—पूना के राष्ट्रवादी सम्मेलन में बाल गंगाधर तिलक बोलते हुए एवं श्री अरविन्द दाहिनी ओर बैठे हुए।

POLITICAL VIEWS OF SRI AUROBINDO : AN ANALYSIS

Dr. R. H. Sharan,

Head of deptt. of Political Science, B. H. U.

Sri Aurobindo is one of the greatest spirito-political personalities in the realm of political thinkers of the 19th-20th centuries India. Sri Aurobindo's spirito-political ideas germinated and cryastellised during a particular period and subsequently underwent changes partly because of his inner urge and partly because of the uncongenial ecology in which he found himself.

Sri Aurobindo belongs to that period of Indian History which is characterised as 'colonial' when the best in the Indian culture, and tradition was crushed and subdued by alien rulers and the western impact upon the minority, western-educated elite was proving unsalutory to the cause of Indian nationalism (as understood by Sri Aurobindo). The Indian National Congress which epitomised the political consciousness of a few 'moderate' elites in the country was simply struggling for certain administrative and constitutional reforms against all odds; and was not able to achieve anything substantial.[1] True it is, that Sri Aurobindo's long stay in England had deprived him of direct and personal contact with the political trends of the country but it is also true that he had a passion for Indian culture, and tradition and was a nationalist and a great patriot. This is evident from the fact that Sri Aurobindo deliberately got himself disqualified from the I. C. S.[2] and at an earliest opportunity came to India in a modest capacity of a civil servant in the Baroda state service in 1893. Since then he tried to keep himself abreast to Indian developments and it was during the early part of his Indian State service (1893-1905) he gave vent to some of his thoughts on the current politics in which he also gave inkling to his latter political ideas which began to crystallise after his retirement from active politics in 1910.

Sri Aurobindo, as an Indian intellectual, while following the course of the national movement under the aegis of the moderates in

1. New Lamps for Old, No 3, Indu Prakash, August 28, 1893.
2. Prophet of Indian Nationalism : Dr. Karan Singh, Bhartiya Vidya Bhawan, p. 37.

the Congress, was also preparing his mind and of his associates for a more active and vigorous participation in the national cause. During this period he began to develop a 'scholistic' attitude towards the socio-economic and politico-cultural problems of the country.[1] He could forestall well that pure rationalism will not enfuse among the unsophisticated masses of the country that amount of energy and enthusiasm which was required for an active, and broad-based national movement. Rationalism should be tempered with spiritualism, intuition and the inner urge of the soul. It was this realisation, most likely, which led Sri Aurobindo to define 'nation' and 'nationalism' not purely from a rational point of view nor could he look at the national movement simply as an instrument for achieving certain administrative reforms. He treated them as 'spiritual' in origin and nature[2]. and to this extent, he tried to Indianise those concepts. According to him "Nation···is a mighty Shakti composed of all the Shakties of all the millions of units that make up the nation, just as Bhawani Mahisa Mardini sprang into being from the Shakti of all the millions of Gods assembled in one mass of force and welded into unity. The Shakti we call in India, Bhawani Bharti, is the living entity of the Shakties of three hundred million people."[3] Sri Aurobindo regarded Nation as a divine living entity–a Mother[4] and, therefore, considered Nation supreme to individual The identification of Nation with the 'Mother'[5] led him to ask for all sacrifices for her sake from the people. He knew that unless this identificattion was emphasised there could hardly be any mass appeal and mass participation in the struggle for freedom.

With this spiritual concept of Nation, it was logical for him to impart a new meaning to Nationalism. For him 'Nationalism'...was 'a religion' that had 'come from God', and, as such, it was 'immortal' and could not be 'crushed'.[6] Looked from this spiritual point of view, Sri Aurobindo found the nationalists of his time short of expectation in dedication and sacrifice. He not only condemned the 'mendicant'

1. Prophet of Indian Nationalism, op, cit. pp. 47–62; The Liberator : Sisir Kumar Mitra, Jaico Book, pp. 35-62.
2. The Liberator, op. cit., pp. 63-150;
3. 'Bhawani Mandir' : Sri Aurobindo Mandir Annual Jayanti Number, 15 August,1956.
4. 'Bandematram', 16 April, 1907.
5. The Ideal of the Karmayogion, p. 14., Quoted by Sri Sisir Kumar Mitra, op. cit., p. 142.
6. Speeches of Sri Aurobindo, p. 7.

policy of the Moderates and of the Congress but also their goal.[1] Sri Aurobindo stood for an active mass movement and believed in Swadeshi, Boycott and direct action for the sake of achieving complete independence for the country.[2] Sri Aurobindo, like Tilak and Pt. Madan Mohan Malaviya[3], was not averse to 'violence' completely as was evident from his own active participation in the Extremist and Terrorist Movements, 1905-1908, in the country. Struggle for freedom for him was the 'divine will' and, therfore, it must be waged with courage and determinism. Sri Aurobindo, unlike Marx, believed in 'spiritul determinism' in human history and through out his life he championed it. For Sri Aurobindo the 'Mother' could not be kept in bondage by the aliens nor could she be bled-white by them. It is against this philosophical back-drop that Sri Aurobindo's role as an extremist be viewed and his contribution to the nationalist cause be appreciated. He was, thus, not only a catalyst of the current nationalist views but also a constructive political worker with concrete plan for action. The partition of Bengal, 1905, afforded him the opportunity to practice the plan. He wanted the nationalists to be 'dedicated' to the cause of India's 'Swaraj' in the same way as a religious devout to his Goddess. Nationalism was the 'divine' dictate, and, therefore, must be followed by all and in the same spirit of selfless dedication.[4] But as behind all these spirito-political ideas there was the assumption of a spiritual men also, which unfortunetly, like Plato's Philosopher king, were rare to find, Sri Aurobindo was constrained to seek 'sanyasa' from active politics (there might be other reasons as well) to find out first, ways and means for preparing spiritual men before a 'spiritrual human society' could be established.[5]

During his long spell of meditation, writings and deep thinking at Pondicherry, Sri Aurobindo reflected upon the current political events and ideas, like war and peace, Democracy, Socialism totalitarianism, anarchism, and finally, finding these concepts and

1. New Lamps for Old, No. 4, Indu Prakash, 7 August, 1893; and Speeches of Sri Aurobindo, pp. 85-86.
2. He stood for 'Swaraj', Bande Matram, 3 May, 1908.
3. Pt. Madan Mohan Malaviya : Professor M. B. Lal, Aaj (Daily) 25-12-72.
4. Bande Matram, 26 April 1907; 15 December, 1907; The Doctrine of Passive Resistance, Sri Aurobindo, pp. 77-78.
5. The Liberator, op. cit., Quoted a letter of 1932 which Aurobindo wrote to a disciple which hints to this conclusion, p. 148.

systems unsuitable for the 'spiritual' mass of humanity at large, prescribed a scheme for a spiritual anarchist's Society, a step for ahead of Sri Jayaprakash Narain's utopia.[1]

Sri Aurobindo's retirement to Pondicherry in 1910 provided him ample time to evaluate the current politics of the country in a detached manner of a spirito-political thinker. Being dissatisfied with the pure materialistic and middle-class character of the Nationalist movement of the Congress, Sri Aurobindo stressed on the mass participation in the national struggle for independence and had given his moral support to Gandhi's mass non-cooperation and civil disobedience movements. He also had his blessings for the quit India movement as all these were the mass movements aiming at 'Swaraj'. But he was unhappy over the communal disharmony and regional conflicts. In a series of his articles he tried to emphasise the essential human unity irrespective of differences in religion, culture and race. The emergence of fissiparous tendencies in India [2] were against the very grain of his concept of spiritual unity of the human soul. It was this aspect of his thinking which most probably impelled him, like Gandhi, to lament over the partition of the country in 1947[3] and made him wish for the unification of India and Pakistan–not by force but 'naturally, by an increasing recognition of the necessity not only of peace and concord but of common action, by the practice of common action and the creation of means for that purpose.'[4] Sri Aurobindo visualised a great spiritual role for an independent India in the course of the evolution of human civilisation and particularly in Asia. With the liberation of India he wished for an early resurgence and liberation of the whole of Asia so that India and Asia both could play their destined role 'in the progress of human civilisation.'[5]

Sri Aurobindo further analysed the present course of evolution of human civilisation in which democracy, socialism, totalitarianism, anarchism, liberty, equality and fraternity all were playing their roles in some way or the other. He said, "If we may judge, the pro-

---

1. Social and Human Reconstruction : Jayaprakash Narayan.
2. Karmayogin (An English weekly), 6 November, 1909; A letter of Sri Aurbindo & his disciple, 19 Oct. 1945, published in the Amrit Bazar Patrika, 26 March, 1954.
3. Sri Aurobindo's message, 15 August, 1947.
4. Ibid.
5. Ibid.

gress of the reason as a social renovator and creator, if not interrupted in its course, would be destined to pass through three successive stages, which are the very logic of its growth, the first individualistic and increasingly democratic with liberty for its principle, the second, socialistic, in the end perhaps a governmental communism with equality and the state for its principle, the third, if that ever gets beyond the stage of theory anarchistic in the higher sense of that much abused word, either a loose voluntary cooperation or a free communalism with brotherhood or comradeship and not government for its principle."[1] For Sri Aurobindo these were the imperfect stages based upon pure rational and materialistic bases devoid of any spiritual foundation but leading to a more perfect stage of human evolution which may be called as an era of 'spiritual anarchism' where the ideal of human unity will be possible, where the spiritual liberty and equality will be practised and where external compultion will be replaced by spiritual submission voluntary in nature.

Sri Aurobindo while accepting the role of reason in the development of human civilisation seems to be convinced that as reason, as was the case in the 'age of reason,' could not be applied 'universally', in practice, reason aimed at replacing ruling classes by individualistic democracy.[2] According to him there was a wide gap between democratic ideas and actual facts of human nature. Human reason in democracy was not applied to arriving at the truth or right judgement nor was used 'to come to an agreement with his follows' [3] On the contrary, it was used for ones own 'interests' or 'prejudices' or 'impulses' or 'to enforce ones own opinion by struggle and conflict with the opinion of other.'[4] Democracy in practice, according to him, became 'an instrument either of a modified aristocratic or of middle class' rule and involved 'an immense waste of time and energy'[5]. It led to the 'more precarious rule of a dominant class over the ignorant' and finally, to 'a war of classes.'[6] Democracy failed to provide liberty and equality and much less fraternity to the people in general. Partly this was the result of industrialism which led to the development of 'an increasing plutocratic tendency' under the garb of democracy.

1. The Human Cycle : Sri Aurobindo, p 181.
2. Ibid. pp 183-85.
3. Ibid. p 185.
4. The Ideal of Human Unity, pp 450-51.
5. The Human Cycle.
6. Ibid.

Aurobindo, therefore, considered it as 'the initial bankruptcies of the rational age.'[1] But a necessary stage in the process of evolution of human civilisation.

The second stage in the process of development of human civilisation was Socialism which emerged as a 'reaction to Capitalism.' According to Sri Aurobindo, 'Socialism sets out to replace a system of organised economic battle by an organised order and peace.'[2] But Socialism denied 'democratic basis of individual liberty on the one hand, and 'the inherited right to Property in order to establish equality[3] on the other.' Sri Aurobindo considered Socialism as an excellent theory but pointed out great discrepancy between the ideas of Socialism and the actual facts of human nature. Socialism ignored 'the soul of man and its supreme need of freedom'[4] and Sri Aurobindo who firmly believed in the spiritual freedom would not commend Socialism as a panacca for all ills.

Socialism ultimately would lead to totalitarianism which in its turn will not only destroy the rational and intellectual expression of the human mortal being but will also herald the end of liberty, equality and fraternity.[5] Sri Aurobindo did not consider it desirable nor could he call it as an ideal. But as an inevitable result of Socialism, it was treated as a step towards the last stage of evolution of human reason, i e. anarchism.[6]

Sri Aurobindo was sure of a reaction to the supremacy of the state under Socialism and Totalitarianism because individual will not tolerate by nature excessive control and dominance.[7] This reaction, according to him, will take the form of anarchism. But the intellectual anarchism will also fall short of expectation as it will not give premium to individual soul and its freedom. Aurobindo, therefore, tried to substitute intellectual anarchism with 'spiritual anarchism.'[8] Because it is only under this system that there can be fulfilment of liberty, equality, and fraternity. In order to achieve this, Sri Aurobindo provided the path of spiritual enlightenment which can be obtained by means of establishing human unity on the basis of freedom of soul and under the guidance of a 'Supermind'.

●

1. The Ideal of Human Unity, pp 444-448.
2. The Human Cycle, pp 188-89.
3. Ibid, pp 195-7.
4. Ibid, pp 196-7; 193-4.
5. Ibid, pp 193-4.
6. Ibid, pp 199-207.
7. Ibid.
8. Ibid.

RELIGIOUS EXPERIENCE : RUDOLF OTTO AND SRI AUROBIND*

Ramesh Chandra Sinha

In this paper, an attempt has been made to find along with significant differences, several striking similarities between the two representative thinkers of East and West, Sri Aurobindo and Rudolf Otto.

The present paper is based on two major works of Otto and Aurobindo i. e. *The Idea of the Holy* and *The Life Divine* respectively. Otto's category of the 'holy' has been viewed as similar in certain fundamental respects to Aurobindo's category of 'divine' in as much as both are religious concepts and not merely ethical or moral concepts. Both Aurobindo and Otto conceive religious experience as non-rational. Non-rational is neither anti-rational nor irrational but Supra-rational. Sri Aurobindo contends that intuition is not the highest source of knowledge as it is also affected by the subjectivity of human mind. As such he contemplates 'Supra-mental consciousness.' 'Supra-mental consciousness' absorbs the essence of sense experience, reason and intuition and transcends their limitations. 'Supra-mental consciousness' of Aurobindo is akin to 'numinous experience' of Otto for both are non-rational but it differs in the sense that the former is integral and the latter is mystical. Sri Aurobindo and Otto like Paul Tillich and S'aṁkara tone down the agnosticism of Kant and realise the unknown by non-rational religious experience. According to Vedāntins, Otto and Sri Aurobindo, though the Absolute or the unconditioned is unknowable to reason yet it is comprehended by the higher modes of experience like 'intuition', 'numinous experience' and 'supra-mental consciousness.' Aurobindo like Tillich believes that reason is a limited faculty but its role in religion and theology cannot be minimized.

Aurobindo's 'integral experience' absorbs sense-experience, reason and intuition and at the same time transcends them whereas Otto's 'numinous experience' creates a gulf between rational and non-rational. G. D. Hicks and H. J. Paton also maintain that the relation of the non-rational to the rational element in Otto's account of religious experience is precisely the most baffling aspect of it. S'aṁkara also fails to reconcile intuition with reason for whereas the former comprehends reality,

---

* This paper was read in All India Philosophical Congress of 1968 held at Patna.

the latter gives only the illusory experience. Otto's 'numinous experience' is also concerned with the category of the 'holy' which is 'Wholly other'. Aurobindo makes an improvement and removes the serious limitation of Otto and S'aṁkara by envisaging the possibility of integral experience.

Though Otto distinguishes his 'feeling' from Schleiermacher's psychological and subjective feeling and gives objective tinge to it yet it is succeptible to confusion. Otto's feeling is feeling about some object and not feeling into. Religious experience is not feeling about but something like spiritual realisation. The Greek word *empathy* is equivalent to Otto's creature feeling. Otto's creature feeling is feeling about and 'empathy' is feeling into.

Otto's category of the 'holy' as numinous has been assigned overplus meaning which is minus moral factor and minus rational aspect. Aurobindo's category of 'divine' is neither minus moral factor nor minus rational aspect. It is rather above both. Otto's category of 'holy' cannot be interpreted in terms of the Good, the Beautiful and the True, whereas Aurobindo's category of the 'divine' which is termed as *Sat-chit-ananda*, can be interpreted in terms of the Good, the Beautiful and the True.

Otto's conception of 'holy' like Saṁkara's Absclute seems to be something fixed above. Saṁkara realises the difficulty as to how the union of man and God can be attained if God is Absolute or 'Wholly other'. Otto does not seem to be very much conscious of this problem. If the reality were utterly transcendent to the self of man, in that case, it would bot be able to say even that it is 'Wholly other'. This difficulty is solved by Sri Aurobindo as he does not believe in any gulf existing between man and the divine. Man is eternally one with the Divine and at the highest level of his spiritual experience, has an all embracing vision of the divine existence.

There is a striking similarity between the ideas of two books namely *The Idea of the Holy* and *The Life Divine.* Otto's category of 'holy' is similar to Aurobindo's category of the divine. Both 'holy' and 'divine' are nct ethical but religious concepts. The terminologies like 'holy' and 'divine', 'numinous experience' and 'supra-mental consciousness' have got close affinity. The comparision has not been done with a view to show the superiority of the one over the other but to understand one thinker in the light of the other.

Religion involves experience. It is experience of the 'holy' for Otto and the 'divine' for Sri Aurobindo. Religious experience according

to Otto as well as Sri Aurobindo is mainly non-rational. Though the rational element is not altogether denied by them. In contemporary literature on religion a distinction is often made between non-rational and rational. In ordinary parlance, non-rational is equated to passion, will, desire and volition. Otto stipulates non-rational in the sense of supra-rational and not infra-rational. In his introduction to *The Idea of the Holy*, John W. Harvey the English Translator writes, "The feelings, Otto has to explore are, he seeks to show, though a non-rational sort of apprehension, in no sense an anti-rational element in human experience. In religion at its highest the rational and non-rational are intimately woven together."[1] Religious experience is technically known as 'numinous experience' in Otto's terminology and 'integral experience in Sri Aurobindo. It is necessary to make it clear that by non-rational, one should not assume 'irrationalism'. Otto observes, "The irrational is to-day a favourite them of all who are too lazy to think or too ready to evade the ardous duty of clarifying their ideas and grounding their convictions on a basis of coherent thought."[2] Aurobindo contends that religious experience is not of the nature of sense-experience or mind It is supramental in nature. The integral religious experience is not based on any source of knowledge whether it is sense-experience or reason or intuition. These different sources of knowledge cannot give us an integral and all-embracing view of Reality. According to Sri Aurobindo, even intuition is not the highest or the supreme for it is conditioned by human subjectivity. Sri Aurobindo takes that 'Supramental consciousness' like 'numinous experience' of Otto and admits that intuition does take us to the ontological category of 'divine' or 'holy' but does not give us the integral and all embracing view of Reality. Dr. Misra observes, "The different systems of Vedānta, for example, arrive at totally different views of reality inspite of their recognition of intuition as the highest and the real source of knowledge."[3] Aurobindo seems to be aware of the defect of intuition and this leads him to contemplate 'Supra-mental consciousness'. 'Supra-mental consciousness' is beyond reason but not against reason. It absorbs the essence of sense experience, reason and intuition and transcends the limitations and subjectivity of human mind. 'Supra-mental conscious-

1 Otto, Rudolf; *The Idea of the Holy* (E. T. by John. W. Harvey, penguin Books, 1959) P. 1o.

2 Ibid ; (Foreword by Otto) P. 13.

3 Misra, R. S : *Integral Advaitism* (Banaras Hindu University Press, First edition, 1957) P. 25,

ness' is akin to 'numinous experience' for both are non-rational but differs in the sense former is integral and the latter is mystical. Here it is required to be mentioned that intuition can be taken into two senses e.g. lower and the higher senses. Aurobindo's 'supra-mental consciousness' and Otto's 'numinous experience' are taken into higher sense and not in the lower or restricted sense. As philosophers of religion, Otto and Aurobindo find out the limits of reason in particular field of human experience and point out its role in religion. Like Kant, Otto and Aurobindo, seem to be conscious of the limitations of reason for it works sunder the conditions of categories of mind. Kant declared God to be unknown and unknowable. Reason fails to unveil nature of ontological reality. Kant's contention gets serious challenge from other thinkers like the vedāntins. The 'unknown' is not unknowable. According to the vedāntins, and Otto and Sri Aurobindo unknown becomes known through non-rational experience like intuition, revelation, supra-mental consciousness and numinous experience. Otto, Paul Tillich, S'aṁkara and Aurobindo attempt to tone down the agnosticism of Kant and realise 'unknown' by non-rational religious experience. Paul Tillich contends in his book *Systematic Theol gy* (Vol. I) that reason is limited and suffers from inherent difficulties. But he does not undermine the role of reason in theology. Reason serves as a pointer to 'Divine' or 'Holy'. Tillich thinks to resolve the contradictions of reason in 'revelation' which is certainly Supra-rational experience. With Hegelians Sri Aurobindo traces evolution in religion and accepts the value of reason to purge religions of its infra-rational elements but unlike them, he subordinates reason to Supra-rational experience.

Inspite of the fact that religious experience is non-rational for both Aurobindo and Otto, there are striking contrasts in their expositions. Aurobindo's integral knowledge absorbs sense experience, reason and intuition whereas Otto's 'numinous experience' creates gulf between rational and non-rational. Prof. G. D. Hicks writes in his book *The Philosophical Bases of Theism* that Otto's non rational and the rational as consisting merely of concepts, involves an abstraction which precludes him even from so much as indicating any middle term by which to bring them into union. Otto treats the 'numinous' as strictly non-rational and it is simply incomprehensible how it could ever be clothed with the ideas of goodness, mercy and love. Prof. H.J. Paton in his book entitled *The Modern Predicament* points out that the relation of the non-rational to the rational element in Otto's account of religious experience is precisely the most baffling aspect of it. Otto, on the one hand, speaks of a 'unique original feeling-response'. The 'Numinous

feeling' is non-rational and non-conceptual. It is the inmost core of religion at all its levels. On the other hand, he attempts to relate this 'numinous feeling' to human reason. There seems a cleft between rational and non-rational in Otto's religious experience. Though Otto and his followers may not accept it yet we find a sense of justification in this criticism. Since Otto's 'numinous experience' is mystical in nature, it is prone to be cut off rational experience. Saṁkara also fails to reconcile intuition with reason for whereas the former comprehends reality and the latter gives appearance. Otto's 'numinous experience' is concerned with the category of the 'holy' which is 'wholly other' and according to G.D. Hicks and Paton, Otto undermines the empirical reality of rational level. Being mystic by temperament and in his approach, Otto like Saṁkara fails to bridge the gufl between rational and non-rational in religious experience. Here we find a sort of improvement in Sri Aurobindo's religious experience which is 'integral' in nature. 'The Integral knowledge' says Sri Aurobindo, "is something that is already there in the integral reality, it is not a new or still non-existent thing that has to be created, acquired, learned, invented or built up by the mind; it must rather be discovered or uncovered it is a truth that is self-revealed to a spiritual endeavour for it is there veiled in our deeper and greater self; it is the very stuff of our own spiritual consciousness, and it is by awaking to it even in our surface self that we have to possess it. There is an integral self-knowledge that we have to recover and because the world-self also is our self an integral world knowledge."[1] Thus 'integral experience' of Aurobindo removes the serious limitation of Otto and Sãṁkar's non-rational experience.

Otto's religious experience is a sort of feeling which is technically known as 'Creature feeling'. He has attempted to distinguish his 'creature-feeling' from Schleiermacher's 'feeling of dependence'. He tries to give objective tinge in place of Schleiermacher's psychological or subjective feeling. Nevertheless, Otto's 'feeling' is succesptible to confusion. Why Otto does not use the more suitable and prevalent word like 'intuition' to indicate his supra-rational religious experience.[2] This boils to the point that the feeling of Otto is not something like spiritual realisation. Religious experience does not invoke feeling but inculcates realisation of 'Divine' or 'Holy'. It is neither emotional annoyance nor vague mystic feeling nor fancy nor make-believe rather integral reali-

---

1 Aurobindo : *The Life Divine*, vol. II, Pt. II (Sri Aurobindo Ashram, Pondicherry, 1955) p. p. 755-56.

2 Op. cit. P. 19.

sation of the reality as a whole. There is one Greek word *empathy* which is equivalent to Otto's 'Creature feeling'. But '*empathy*' is feeling into and creature feeling is feeling about Sri Aurobindo's religious experience is not 'feeling about' but 'feeling into'.

Otto's non-rational experience tends to undermine value consciousness. This point is clear when we consider the overplus meaning of the category of 'holy'. Otto contends, "we generally take 'holy' as meaning 'completely good' it is the absolute moral attribute denoting the consumation of moral goodness."[1] He says, "It is true that all this moral significance is contained in the word 'Holy' but it includes in addition as even we cannot but feel a clear overplus of meaning and this it is now our task to isolate."[2] If the ethical element was present at all, at any rate it was not original and never constituted the whole meaning of the word. Otto observes, "Any one who uses it to-day does undoubtedly always feel, 'the morally good' to be implied in holy, and accordingly in our enquiry into that element which is separate and peculiar to the idea of the 'holy', it will be useful at least for the temporary purpose of the investigation to invent a special term to stand for 'the holy' minus its moral factor or 'moment' and as we can now add, minus its 'rational' aspect altogether."[3] But according to Aurobindo, 'divine' is neither minus moral nor minus rational aspect. The idea of the holy obtained through non-rational experience is not enough for religion because moral values are kernel of religion Otto's non-rational experience tends to undermine value consciousness but Sri Aurobindo does not afford to do so. Otto's category of 'holy' cannot be interpreted in terms of the Good, the Beautiful and the True whereas Aurobindo's category of 'divine' which is termed as *Sat-Chitananda*, can be interpreted in terms of the Good, the Beautiful and the True.

The experience of the 'holy' is regarded as an illumination descending upon man from the Beyond. In integral experience of Sri Aurobindo, there is not only a descent or illuminating consciousness from Beyond but there is also ascent of man to the divine level and thus man relises the Divine in his inmost self as well as in the whole of existence. The problem of union between man and God remains baffling in Otto's treatment of religious experience. Radhakrishnan observes, "If the real were utterly transcendent to the self of man, it

1 Loc. cit.
2 Loc. cit.
3 op. cit; P. 20.

would be impossible for us to apprehend even dimly its presence. We would not be able to say even that it is 'wholly other.'[1] This difficulty is solved by Sri Aurobindo as he does not believe in any gulf existing between man and Divine. Aurobindo conceives that the self of man is a portion of the divine and is thus one with it. Man is eternally one with the Divine and at the highest level of his spiritual experience has an all embracing and luminous vision of the divine existence.

———

1 Radhakrishnan, S.: *An Idealist view of Life* (George Allen & Unwin Ltd., 1961) P. 81.

ह्वाइटहैड एवं अरविन्द के विकासवादी सिद्धान्त

प्रमोद् कुमार कोयल,

शोध छात्र, दर्शन विभाग, का० हि० वि० वि०

ह्वाइटहैड एवं श्री अरविन्द आधुनिक युग के दार्शनिक चिन्तकों में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। विकासवाद के क्षेत्र में उनके योगदान अत्यन्त उल्लेखनीय हैं। इस लेख में उनके विकासवादी सिद्धान्तों का संक्षिप्त, तुलनात्मक एवं आलोचनात्मक विवेचन प्रस्तुत करने की चेष्टा की गई है।

दोनों दार्शनिकों की विचारधाराओं में सबसे मुख्य साम्य यह है कि वे दोनों ही, विकासवाद में, ऊर्ध्व आरोहण द्वारा उच्चतर ध्येयों की प्राप्ति में अपनी अटूट आस्था प्रकट करते हैं। ह्वाइटहैड ने ईश्वर और जगत् के सतत विकासशील रूपों पर जो बल दिया है उससे उनके दर्शन का विकासवादी रूप नितान्त स्पष्ट हो जाता है। उनका अवयवीय सिद्धान्त विकास-प्रक्रिया का सूक्ष्म बौद्धिक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। श्री अरविन्द के अनुसार ईश्वर एक ऐसा विश्वव्यापी सक्रिय तत्त्व है जो अपना स्वरूपानन्द विकास-प्रक्रिया द्वारा अभिव्यक्त करता है। शक्ति सत्ता में निहित होती है एवं विकास तथा गति उसी की अभिव्यक्तियाँ हैं। श्री अरविन्द के शब्दों में, "विश्वसत्ता शिव का आनन्द नृत्य है जो ईश्वर को असंख्य रूपों में दृश्य बनाता है, परन्तु वह उस परम सत्ता को ठीक वहीं और उसी रूप में रहने देता है; उसका एकमात्र उद्देश्य है—नृत्य का आनन्द लेना।"[१]

ह्वाइटहैड एवं श्री अरविन्द दोनों ही नव्योत्क्रान्तिवादी (एमरजेन्ट) विकास-सिद्धान्त को स्वीकार करते हैं। उनके अनुसार जगत् में नूतन तत्त्वों का निरन्तर प्रादुर्भाव होता रहता है। नित्य बिन्दुओं (एन्टीटिस) के ब्रह्माण्ड में प्रवेश (इनग्रेशन) करने से नवीन तत्त्वों की उत्पत्ति होती रहती है। ह्वाइटहैड के शब्दों में, "नित्य वस्तुएँ विश्व के शुद्ध बीजरूप हैं।"[२] इसके फलस्वरूप ब्रह्माण्ड की प्रगति होती है।

ह्वाइटहैड का कालातीत वस्तुओं के ब्रह्माण्ड में प्रवेश करने विषयक सिद्धान्त श्री अरविन्द के उच्चतर तत्त्वों के निम्नतर तत्त्वों में अवरोहण (डिसेण्ट) से मेल खाता है। ह्वाइटहैड ब्रह्माण्डके विकास हेतु उच्चतर तत्त्व का निम्नतर तत्त्व में प्रवेश अनिवार्य मानते हैं और श्री अरविन्द भी निम्न की उच्च तक पहुँचने की लालसा की पूर्ति हेतु उच्च के निम्न में अवरोहण को अपरिहार्य मानते हैं। दोनों ही यह स्वीकार करते हैं कि विकास हेतु निम्न एवं उच्च के बीच सम्पर्क होना आवश्यक है।

दोनों विचारकों का मत है कि समस्त उच्च एवं नवीन तत्त्व जड़ पदार्थ (मैटर) में ही प्रकट होते हैं। अस्तित्व के सभी रूप जड़-पदार्थ में ही उत्पन्न होते हैं और इसलिए वे

---

१. श्री अरविन्द : द लाइफ डिवाइन, पृ० ७४।

२. ह्वाइटहैड : प्रॉसेस एण्ड रीयलिटी, पृ० २०८।

परस्पर संश्लिष्ट होते हैं। श्री अरविन्द के अनुसार, "यदि आध्यात्मिक विकास हमारे जन्म एवं जागतिक अस्तित्व का केन्द्रीय लक्ष्य नहीं होता तो इस तरह का विकास संभव नहीं था; जड़ पदार्थ में मन, जीवन एवं आत्मा विकास इस तथ्य का सूचक है कि यह संश्लेषण...ही इसका मुख्य हेतु है।"[१]

दोनों दर्शनों में विकास-प्रक्रिया एक अवयवीय वृद्धि है। श्री अरविन्द के दर्शन में ब्रह्माण्ड के विकास के समय निम्नतर तत्त्वों का उच्चतर तत्त्वों के साथ संश्लेषण होता है। ह्वाइटहैड भी ब्रह्माण्ड को कोषयुक्त (सैल्यूलर) देहों वाले प्राणी के समान मानते हैं। विकास की प्रक्रिया निरन्तर विस्तृत होती रहती है। प्रत्येक यथार्थ बिन्दु के द्वारा जगत् निरन्तर विनष्ट और उत्पन्न होता रहता है। रचनात्मकता (क्रिएटिविटी) की गति एक बर्फ के गेंद की गति के समान है जो कि परिधि से केन्द्र की ओर बढ़ने में उभरती जाती है।

दोनों दार्शनिकों के अनुसार ईश्वर ही विकास-प्रक्रिया का नियन्त्रक, निदेशक एवं मूल कारण है। ब्रह्माण्ड के विकास हेतु वह कालातीत रूपों को सदा देश एवं काल में प्रकट करता है। ह्वाइटहैड के अनुसार ईश्वर की रचनात्मक क्रिया के बिना कालातीत नित्य बिन्दुओं को देश-काल से सीमित जगत् में प्रकट नहीं किया जा सकता। यद्यपि प्रत्येक यथार्थ बिन्दु आत्मगत प्रयोजन से ही प्रेरित है तथापि विश्वव्यापी स्तर पर ईश्वर ही चरम तत्त्व एवं मार्गदर्शक है। अतः उसे परिसीमन अथवा 'मूर्त्तता (कांक्रिशन) का तत्त्व'[२] कहा जाता है। ईश्वर नित्य वस्तुओं का आधार भी है। "ईश्वर की प्रकृति आदर्श रूपों के राज्य का प्रत्यय रूप में पूर्ण साक्षात्कार है।"[३] ईश्वर केवल सृष्टा ही नहीं, अपितु सांसारिक प्राणियों का सुहृद् भी है। वह जगत् को उत्पन्न करता एवं उसका आनन्द भोगता है। श्री अरविन्द के अनुसार भी ईश्वर ब्रह्माण्ड में सतत उच्चतर आध्यात्मिक तत्त्वों की अभिव्यक्ति में रत रहता है। श्री अरविन्द के शब्दों में, "यहाँ परम पुरुष, जो कालातीत एवं विश्वव्यापी चेतना से युक्त है, सर्वशक्तिमान् तथा सर्वज्ञ के रूप में हमारे सामने आता है।"[४]

ह्वाइटहैड एवं श्री अरविन्द दोनों ही इस बात पर एक मत हैं कि विकास-प्रक्रिया के किसी भी चरण में जीव अपनी वैयक्तिकता को नहीं खोता; विश्वव्यापी तत्त्व में लीन नहीं होता। जीव का अनन्त काल तक विकास होता रहता है। वह अधिकाधिक आध्यात्मिक श्रेष्ठता का स्वामी बनता जाता है। श्री अरविन्द के अनुसार व्यक्ति एवं विश्वव्यापी तत्त्व में कोई विरोध नहीं है; वे एक दूसरे के पूरक हैं। "व्यक्ति के महत्व······· का तभी पोषण किया जा सकता है जब कि उसे विश्वव्यापी तत्त्व के बराबर ही सत्य माना जाय; वस्तुतः वे दोनों (व्यक्ति एवं विश्व) नित्य सत्ता की ही शक्तियाँ हैं।"[५] ह्वाइटहैड भी स्वीकार करते हैं कि ईश्वर इतना क्रूर नहीं कि वह व्यक्ति को नष्ट कर दे। उन्हीं के शब्दों में, "जगत् का निर्माता

---

१. श्री अरविन्द । द लाइफ डिवाइन, पृ० ६०७।

२. ह्वाइटहैड : प्रॉसेस एण्ड रीयलिटी, पृ० ३४५ और ४४८।

३. ह्वाइटहैड : रिलीजन इन द मेकिंग, पृ० १३८।

४. श्री अरविन्द : द लाइफ डिवाइन, पृ० ३१८।

५. वही, पृ० ६७३।

ईश्वर एक कवि की भाँति है जो सत्य, सौंदर्य एवं शिव के अपने आदर्शों को जगत् में सदैव अत्यन्त सहृदयता के साथ व्यक्त करता रहता है।"[1]

दोनों सिद्धान्त व्यक्ति एवं जगत् के एक साथ विकास पर बल देते हैं। ह्वाइटहैड अवयवीय सिद्धान्त में व्यक्ति का विकास ब्रह्माण्ड के विकास में योग देता है। ब्रह्माण्ड एवं व्यक्ति एक दूसरे को प्रभावित एवं विकसित करते हैं। श्री अरविन्द भी स्वीकार करते हैं कि विश्व एवं व्यक्ति दोनों ही विकास-प्रक्रिया के अन्योन्याश्रित पहलू हैं।

दोनों सिद्धान्तों में परम सत्ता के नित्य एवं अनित्य पक्षों के बीच सामञ्जस्य स्थापित किया गया है। ह्वाइटहैड के अनुसार ईश्वर के 'आदिम' (प्राइमोरडियल) एवं 'परिणामस्वरूप' (कान्सेक्वेन्ट) दोनों ही रूप होते हैं। मूलतः वह शुद्ध सत्ता है किन्तु अपने परिणामरूप में वह सक्रिय एवं विकासशील भी है। इसी तरह जगत् भी अपनी अविकसित अवस्था में गतिमान रहता है किन्तु विकसित होने पर नित्य एवं सत् हो जाता है। इस तरह ह्वाइटहैड के अनुसार ईश्वर एवं जगत् के नित्य एवं अनित्य पहलू एक दूसरे के पूरक हैं। श्री अरविन्द भी स्थिति एवं गति को एक ही ईश्वर के अभिन्न पहलू मानकर उनमें सामञ्जस्य स्थापित करते हैं। 'शिवं' एवं 'शक्ति' दोनों ही ब्रह्म के पहलू हैं।

दोनों ही दार्शनिकों के अनुसार विकास का चरम लक्ष्य विश्व का दैवीकरण है। श्री अरविन्द के शब्दों में, "सत्य, शिव एवं सौन्दर्य अपने आप में सत्ता के प्राथमिक एवं शक्तियुक्त रूप हैं.........परन्तु अन्ततः उस ब्रह्म का ही, जिसके वे प्रतीक हैं, हमें अनुभव प्राप्त करना होगा।"[2]

इन समानताओं के बावजूद दोनों दार्शनिकों की विचारधाराओं में अनेक अन्तर भी हैं।

ह्वाइटहैड विकास-प्रक्रिया के प्रयोजन को समझाने में सर्वथा असमर्थ रहे हैं। रचनात्मकता एक अचेतन सिद्धान्त है, अतः वह विश्व की विकास-प्रक्रिया एवं उसका मार्गदर्शन नहीं कर सकता। इसी प्रकार, ईश्वर भी, जो रचनात्मकता का प्रथम परिणाम है, विकास प्रक्रिया का संचालन नहीं कर सकता। ह्वाइटहैड ने ईश्वर के आदिम एवं परिणामस्वरूप रूपों में अन्तर स्थापित कर इस कठिनाई को दूर करने की चेष्टा की है, परन्तु वे इसमें सफल नहीं हो पाये हैं। यदि ईश्वर अपने आदिम रूप में सदैव अचेतन रहता है तो वह जगत् की सृष्टि कैसे कर सकता है? परन्तु ईश्वर का परिणामस्वरूप रूप भी, जिसे ह्वाइटहैड चेतन एवं सक्रिय मानते हैं, जगत् की सृष्टि नहीं कर सकता। चेतन होने पर भी वह स्वयं ही अपूर्ण, सीमित एवं विकासमान है, ऐसी स्थिति में वह जगत् को पूर्णता तक कैसे ले जा सकता है? विकासशील ईश्वर जगत् की सृष्टि तो कर सकता है किन्तु उसका पूर्ण विकास कदापि नहीं कर सकता।

हमारी मान्यता है कि ह्वाइटहैड की सबसे बड़ी त्रुटि यह है कि वे अपने दर्शन के विभिन्न सिद्धान्तों जैसे नित्य तत्त्वों एवं यथार्थ बिन्दुओं, आदिम ईश्वर एवं परिणामस्वरूप

---

१. ह्वाइटहैड : प्रॉसेस एण्ड रीयलिटी, पृ० ४८०।

२. श्री अरविन्द : द लाइफ डिवाइन, पृ० ८०१।

ईश्वर—के बीच की खाई को पाटने में सर्वथा असमर्थ रहे हैं। ये तत्त्व एक दूसरे से स्वतंत्र प्रतीत होते हैं और अन्ततः अनेकवाद को जन्म देते हैं।

ह्वाइटहैड के दर्शन में ईश्वर एवं जगत् के सम्बन्ध को समझानेवाला रचनात्मकता का सिद्धान्त अन्ततः एक रहस्य ही रह जाता है। जिस सिद्धान्त के द्वारा ईश्वर किसी नित्य वस्तु को किसी यथार्थ बिन्दु में उतरने के लिए प्रेरित करता है, वह स्पष्ट नहीं है। अतः विकास के 'क्यों' की व्याख्या नहीं हो पाती। ईश्वर का जगत् के साथ सम्बन्ध जगत् के ईश्वर से सम्बन्ध जैसा नहीं है। जगत् ईश्वर पर आधारित हो सकता है परन्तु इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि ईश्वर भी जगत् पर आधारित है। जैसा कि श्री अरविन्द कहते हैं, "जगत् ईश्वर के कारण रहता है, ईश्वर जगत् के कारण नहीं।"[1]

डॉ० मैत्र के इस कथन में हमें पर्याप्त सत्यांश दिखाई पड़ता है : "ह्वाइटहैड विकास की ओर अन्त की नहीं, बल्कि आरम्भ की दृष्टि से देखते हैं।"[2] जगत् के साथ ईश्वर का विकास एक ऐसे द्वैतवाद की स्थापना करता है जिसको भरने में रचनात्मकता की आध्यात्मिक पृष्ठभूमि भी असफल रहती है। यदि जगत् ईश्वर का प्रसार है तो विविधता केवल उसके अनेकत्व को ही अभिव्यक्त करती है। ह्वाइटहैड ने नानात्व तथा गति पर आवश्यकता से अधिक बल दिया है एवं सत्ता के सत् एवं एकत्व के पहलुओं की उपेक्षा की है। उनके दर्शन में एक ऐसे निरपेक्ष तत्त्व अर्थात् ब्रह्म का अभाव है जो व्यक्त जगत् की विभिन्नताओं में ऐक्य स्थापित कर सके। इसके विपरीत, श्री अरविन्द के अनुसार विकास-प्रक्रिया ब्रह्म की क्रमिक अभिव्यक्ति है। ब्रह्म नाना रूपात्मक जगत् को व्यक्त तो करता है किन्तु इस नानात्व के पीछे भी ऐक्य की भावना सदैव विद्यमान रहती है। उन्हीं के शब्दों में, "एकत्व में नानात्व की अभिव्यक्ति का नियम है; अतिमानसिक ऐक्य में इन विभिन्नताओं का एकीकरण होना ही चाहिए किन्तु इन्हें नष्ट करना प्रकृति को अभीष्ट नहीं।"[3]

ह्वाइटहैड ने विकास के विभिन्न स्तरों में कोई स्पष्ट अन्तर नहीं दिखलाया है। ऐसा प्रतीत होता है कि विकास का क्रम मानव-स्तर पर ही रुक जाता है यद्यपि ह्वाइटहैड ने स्वयं इसके लिए कोई तर्क नहीं प्रस्तुत किया है। उनका 'प्रवेश' का सिद्धान्त अत्यन्त महत्वपूर्ण है किन्तु यह बड़े आश्चर्य की बात है कि उन्होंने निम्न के उच्च में समावेश पर कोई ध्यान नहीं दिया है जो किसी भी ऐसे सिद्धान्त के लिए एक अनिवार्य शर्त है जो प्रगति के साथ-साथ विकास-क्रम के विस्तारण को स्वीकार करता है।

दूसरी ओर, श्री अरविन्द ने मानव के विकास में मन को सर्वोच्च स्थान नहीं प्रदान किया है। उनकी मान्यता है कि विकास-प्रक्रिया का अगला चरण अनिवार्यतः अति मन के अवरोहण का होगा। उन्होंने मानव के अतिमानसिक विकास का विशद वर्णन किया है एवं असीम के तर्क द्वारा उसका तार्किक एवं बौद्धिक औचित्य सिद्ध किया है।

---

१. श्री अरविन्द : द लाइफ डिवाइन, पृ० २८।

२. मैत्र, एस० के० : द मीटिंग ऑव द ईस्ट एण्ड वेस्ट इन श्री अरोविन्दोज़ फ़िलासफ़ी, पृ० ४२९।

३. श्री अरविन्द : द लाइफ डिवाइन, पृ० ७९०।

असीम तत्त्व स्वयं सीमित वस्तुओं के विश्व का प्रत्यक्ष स्रष्टा नहीं हो सकता, क्योंकि किसी विशेष नित्य वस्तु के किसी विशेष यथार्थ बिन्दु में आने हेतु एक निदेशक शक्ति की आवश्यकता है। परन्तु ह्वाइटहैड के दर्शन में ऐसी शक्ति का सर्वथा अभाव प्रतीत होता है। ह्वाइटहैड की इस कमी को श्री अरविन्द ने पूरा किया है। उनके अनुसार अतिमानस ब्रह्म में निहित अनन्त सम्भावनाओं में से कुछ का चयन कर उन्हें साकार करता है तथा इस नाना रूप जगत् की सृष्टि करता है। वह ब्रह्म एवं जगत् को जोड़ने वाली एक कड़ी है।

श्री अरविन्द का 'रूपान्तर' (ट्रांसफारमेशन) का सिद्धान्त विकास-प्रक्रिया को समझाने में अत्यन्त सहायक सिद्ध हुआ है। रूपान्तर का अभिप्राय है उच्चतर तत्त्वों के सम्पर्क से निम्नतर तत्त्वों का विकास; परन्तु इस प्रक्रिया में निम्नतर तत्त्वों का विनाश नहीं होता। ह्वाइटहैड ने इस रूपान्तर-सिद्धान्त का कोई उल्लेख नहीं किया है और इसीलिए उन्होंने ईश्वर एवं जगत् को एक ही स्तर पर रखने की भयंकर भूल की है।

ह्वाइटहैड का यह सिद्धान्त सर्वथा भ्रामक एवं निरर्थक है कि विकास-प्रक्रिया दो प्रकार की होती है: एक तो, गतिशील एवं अनित्य जगत् का स्थिति एवं नित्यता की ओर विकास तथा दूसरे नित्य एवं सत्तास्वरूप ईश्वर का अनित्यता एवं गति की ओर विकास। अपूर्ण का पूर्ण की ओर विकास तो सम्भव है किन्तु पूर्ण का अपूर्ण की ओर विकास तो आत्म-विरोधी एवं निरर्थक प्रतीत होता है। यदि ईश्वर गतिमान एवं जगत् के विकास के अधीन है तो विकास का लक्ष्य क्या होगा? ह्वाइटहैड का कहना है कि विकास का लक्ष्य जगत् में दिव्यत्व एवं अमरत्व लाना है। परन्तु यदि दिव्यत्व का अर्थ ईश्वर के स्तर को प्राप्त करना है। तो फिर उसे नित्य मानना अनिवार्य है; अन्यथा दैवीकरण का कोई अर्थ नहीं रह जायगा। वस्तुतः ह्वाइटहैड के दर्शन में देश-कालातीत नित्य ब्रह्म जैसी सत्ता का कोई अस्तित्व नहीं है। वे केवल गतिशील ईश्वर को मानते हैं, अतः दैवीकरण का सिद्धान्त उनके दर्शन में घटित नहीं हो सकता। श्री अरविन्द के दर्शन में दैवीकरण का प्रत्यय सार्थक हो उठता है क्योंकि वे एक ऐसे निरपेक्ष तत्त्व–ब्रह्म को स्वीकार करते हैं जो गति एवं स्थिति को अभिव्यक्त करते हुए भी उनसे अतीत रहता है।

ह्वाइटहैड के अनुसार ब्रह्माण्ड के विकास का अंतिम लक्ष्य ईश्वर एवं जीव का मिलन नहीं है क्योंकि वे जगत् के ईश्वर के रूप में रूपान्तर को स्वीकार नहीं करते। उनके अनुसार विश्व-विकास की पराकाष्ठा वस्तुगत अमरत्व अर्थात् नित्यता एवं स्थिति की अवस्था को प्राप्त करने में निहित है। परन्तु विकास की इस चरम अवस्था का मानव के धार्मिक एवं आध्यात्मिक लक्ष्यों के साथ सामञ्जस्य नहीं किया जा सकता। जगत् के विकास के विषय में ह्वाइटहैड की अपेक्षा श्री अरविन्द का सिद्धान्त अधिक श्रेष्ठ एवं मान्य प्रतीत होता है। उनके अनुसार विकास की पराकाष्ठा मानव के दिव्यत्व को पा लेने में है। "प्रातीतिक अज्ञान का दिव्य सत्ता में निवर्तन (इन्वॉल्यूशन) विकास का केवल प्रारंभिक बिन्दु है। परन्तु वह तत्त्व अपने मूल रूप में सच्चिदानन्द स्वरूप है। अतः विकास-प्रक्रिया में इस सत्, चित् एवं आनन्द की ही अभिव्यक्ति होनी चाहिए।"[१]

---

१. श्री अरविन्द : द लाइफ डिवाइन, पृ० ६०९।

उपर्युक्त संक्षिप्त विवेचन के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि ह्वाइटहैड ने अपने विवर्तन, निवर्तन, प्रवेश, प्रगति में वृद्धि, ईश्वर का निर्देश एवं रचनात्मकता आदि सिद्धान्तों की सहायता से विकास-प्रक्रिया को समझने में पर्याप्त योग दिया है किन्तु इस दिशा में श्री अरविन्द का प्रयास अधिक प्रशंसनीय है क्योंकि उन्होंने दैवीकरण, रूपान्तर, अतिमानस तथा स्थिति एवं गति को निरपेक्ष ब्रह्म के ही अभिन्न पहलू मानना आदि सिद्धान्तों के द्वारा विकास-प्रक्रिया को समझने में अत्यधिक सहायता की है। उनके सर्वांगपूर्ण विकास-वाद को पूर्वी एवं पश्चिमी विकास के सिद्धान्तों का शिरोमणि कहा जाय तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी।

महर्षि अरविन्द और तांत्रिक-योग-पद्धति

डॉ० जनार्दन उपाध्याय

महर्षि अरविन्द भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक चिन्तना के महान् उद्गाता हैं। उनकी चिन्तन पद्धति, अन्तर्दृष्टि और साधना भावना एवं विवेक के आधार पर एक ऐसा गतिशील समष्टिमूलक सर्वमान्य ऋषि-मनीषा के उदात्त दर्शन को उपस्थापित करती हैं जो शरीर, जीवन और मन के रूपान्तर द्वारा अतिमानव बनने की प्रेरणा देता है। अरविन्द की दार्शनिक चिन्तना में चिन्तन की प्रखरता, अन्तर्दृष्टि की सूक्ष्मता और समन्वयात्मक ग्राहिका शक्ति का उन्मेष है। इसी शक्ति के परिणामस्वरूप उन्होंने स्वेच्छया जड़ पदार्थ में प्रसुप्त चेतना के विकास के अनेक स्तरों का प्रत्यक्षीकरण करते हुए दिव्य चेतन मन को देखा है। इस सम्बन्ध में उनका मत यह है कि "आध्यात्मिक विकास ही इस पार्थिव अस्तित्व का मूल अस्तित्व, इसका केन्द्रीय सार्थक हेतु—निरन्तर विकासशील स्व-रूपायन के रूप में चेतना का तब तक विकास है जब तक रूप अन्तर्वासी आत्मा का उद्घाटन न कर दे।"[१]

अरविन्द ने जीवन रहस्य को जैविक धरातल पर व्याख्यापित न करके उसकी मनोवैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक व्याख्या की है। यह बात अवश्य है कि चेतना के ऊर्ध्वगमन में उन्होंने जड़ को अग्राह्य नहीं माना है। जड़ पदार्थ से जीवन के विकसित होने पर जड़ का अस्तित्व समाप्त नहीं हो जाता और इसी प्रकार मन के ऊर्ध्वरेता बनने पर जीवन नष्ट नहीं होता। मूलतः यह एक प्रकार की समन्वयात्मक दृष्टि है जो जड़-चेतन, माइन्ड-मैटर के द्वन्द्व और ग्रंथि का विमोचन कर अति मन (Super-Consciousness), अति-चेतना के प्राकट्य को व्यक्त करता है। चेतना के इस स्तर में निम्न-तत्वों का नाश नहीं होता, अपितु सभी को अपने में रूपान्तरित करते हुए अति मन ऊर्ध्वरेता बनता है: "दिव्य अथवा आध्यात्मिक जीवन न केवल मानसिक, जैविक और शारीरिक जीवन को अपने भीतर रूपान्तरित और अध्यात्मीकृत कर लेगा, बल्कि अपने धरातल पर जीवित रहने में जितना सुलभ था, उससे कहीं अधिक विस्तृत एवं सम्पूर्णतर अवकाश देगा। आत्म विस्तार से मानसिक, शारीरिक और जैविक अस्तित्व का नष्ट होना आवश्यक नहीं है और नहीं आध्यात्मीकरण से वे क्षतविक्षत होते हैं। वे अधिक समृद्ध, अधिक महानतर, अधिक सशक्त और सम्पूर्ण हो सकते हैं और होते भी हैं। अपने दिव्य परिवर्तन में वे ऐसी सम्भावनाओं में पहुँच जाते हैं जो उनकी अनाध्यात्मीकृत अवस्था में व्यावहारिक अथवा कल्पना सम्भव नहीं हो सकती थी।"[२]

---

१. अरविन्द : 'द लाइफ डिवाइन', १९७० का भारतीय संस्करण, द्वितीय भाग, पृ० ८२४। उक्त हिन्दी अनुवाद श्री विश्वनाथ नरवणे के 'माडर्न इण्डियन थॉट' के हिन्दी संस्करण से उद्धृत है।

२. वही, पृ० ७२८।

श्री अरविन्द पाण्डीचेरी स्थित अतिथि गृह में (१९१९-१९२०)

अरविन्द की यह समन्वयात्मक दृष्टि सब जगह सक्रिय है। इससे उनका दर्शन कभी-कभी जटिल और उलझा हुआ प्रतीत होता है। क्योंकि एक ही रेखा में जैविक और आध्यात्मिक संवेदन की प्रक्रिया उलझन उत्पन्न करती है। फिर भी ज्ञान के पूर्ण विकास पर इस प्रकार के भ्रम के लिए स्थान नहीं रह जाता।

भारतवर्ष में योग की अनेक पद्धतियाँ हैं। इनमें मुख्यतया दो धाराएँ विशेष विचारणीय हैं। ये दो धाराएँ क्रमशः वैदिक और तांत्रिक धारा है। अरविन्द ने तंत्र की योगपद्धति को एक विशिष्ट प्रकार की योग पद्धति कहा है : "भारतवर्ष में अब भी एक विशेष प्रकार की ऐसी योग पद्धति प्रचलित है जो स्वभाव से ही समन्वयात्मक है और जिसका प्रवर्तन प्रकृति के एक महान् केन्द्रस्थ तत्त्व से—प्रकृति की एक प्रचण्ड वेगवती शक्ति से होता है। पर यह है एक पृथक योग ही, अन्य योग प्रणालियों का समन्वय नहीं। यह योग पद्धति तंत्र की योगपद्धति है।"[१] तंत्र के दो भेद हैं—दक्षिणमार्ग और वाममार्ग, जिन्हें क्रमशः ज्ञान मार्ग और आनन्द मार्ग कहा जाता है : "दक्षिण और वाम—इन दो शब्दों के जो प्राचीन लाक्षणिक अर्थ हैं वे यही हैं कि एक ज्ञान का मार्ग और दूसरा आनन्द का मार्ग। मनुष्य में जो प्रकृति है उसका अपनी शक्तियों, अपने हृत्तत्त्वों और सम्भावनाओं के बल संचय और प्रयोग में विवेक से चलना और इस प्रकार अपने आप को मुक्त करना ज्ञान मार्ग (दक्षिण-मार्ग) है, और प्रकृति का अपनी शक्तियों, अपने हृत्तत्त्वों और सम्भावनाओं के बल संचय में आनन्द की स्थिति बनाये रखना और इस प्रकार अपने आप को मुक्त करना आनन्द मार्ग (वाम-मार्ग) है।"[२]

तांत्रिक वाङ्मय की शाक्त दृष्टि में योग का स्वरूप वैदिक मनीषा की योग-धारणा से भिन्न है। सम्पूर्ण वैदिक साहित्य और सम्प्रदाय शक्ति का मूल केन्द्र ज्ञान मानता है। हाँ, इतना अवश्य है कि वहाँ ज्ञान शब्द व्यापक रूप में प्रयुक्त है। वैदिक मनीषा में ज्ञान-मात्र बुद्धि द्वारा संचालित विवेक का ही प्रतिनिधित्व नहीं करता, अपितु उसमें हृदयगत प्रेम-श्रद्धा, मन के संकल्पात्मक कर्म भी समाहित हैं। वस्तुतः एक ही ज्ञान शक्ति तीन रूपों में प्रतिफलित है :

(१) बुद्धिगत विवेक या ज्ञान-रूप।

(२) हृदयगत भाव प्रेम-श्रद्धारूप॥

(३) मन के संकल्प का कर्मरूप।

वैदिक योग-साधना में केन्द्रबिन्दु योगेश्वर चिन्मय पुरुष है। वही सर्वनियन्ता, ज्ञाता, द्रष्टा, आकर्षणकर्त्ता भी है। आशय है वैदिक धारणा में ध्यान का केन्द्र-बिन्दु चिन्मय पुरुष है। उसी की प्राप्ति योगी की चरम उपलब्धि है। तांत्रिक वाङ्मय की शाक्त दृष्टि में पुरुष की अपेक्षा शक्ति को प्रधान माना गया है। यहाँ पुरुषतत्त्व निष्क्रिय है। वह शक्ति तत्त्व से संयुक्त होकर ही क्रियाशील होता है : "शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम् न

१. अरविन्द कृत निबन्ध 'तंत्र और वेदान्त', कल्याण-शक्ति अंक; पृ० ३२ से उद्धृत।

२. वही, पृ० ३२।

चेदेवं देवो न खलु कुशलस्पन्दितुमपि।"[१] तंत्र के 'मातृका-विलास' के अनुसार 'इ'कार शक्ति-वाचक है। अगर शिव से 'इ' कार को विलग कर दिया जाय तो 'शिव' 'शव' में परिणत हो जाता है। इसीलिए तंत्र में वैदिक योगेश्वर चिन्मय पुरुष के ध्यान की जगह योगेश्वरी का ध्यान ही प्रमुख है। अरविन्द ने स्पष्ट लिखा है, "योगेश्वरी स्वयं प्रकृति, प्रकृतिदेवी, शक्ति, शक्तिमयी, संकल्परुपिणि, सर्ग स्थिति प्रलय रूप संसार की अधिष्ठात्री विधात्री हैं। इन सर्व समर्थ संकल्पशक्ति का रहस्य उनकी कार्य पद्धति, उनका तंत्र जानकर और उसका प्रयोग करके ही तांत्रिक योगियों ने प्रभुता, पूर्णता, मुक्ति और परमानन्द प्राप्त करने के लिए वैसी साधना की।"[२] तंत्र का स्पष्ट उद्घोष है कि शक्ति पूजा ही सब कुछ है। वही अमोघ शक्ति है। उसी के लीला-विलास के स्पन्दन-विस्पन्दन का प्रतिफलन यह जगत है। अरविन्द के अनुसार यह सत्य के एक पहलू को स्पर्श करता है, क्योंकि वेदान्त शक्ति को माया-मरीचिका मानता है। इसलिए कर्म-स्वरूपा प्रकृति से मुक्ति के लिए एक मात्र साधन अचल अकर्त्ता पुरुष ही है।[३] अरविन्द पूर्ण तत्त्व की कल्पना करते हैं। वे अपनी अन्तर्दृष्टि से ज्ञान स्वरूप आत्मदेव प्रभु और प्रकृतिदेवी को उनकी कर्मशक्ति के रूप कल्पना करते हैं। पुरुष अनन्त ज्ञानघन है। वह आत्म सत्ता रूप है। प्रकृति शक्ति चिद्रूपा है। वह पुरुष की अनन्त आत्मसत्ता की शक्ति है। दोनों का परस्पर सम्बन्धविश्राम है। जब ज्ञान स्वरूप परमानन्द में प्रकृति का समावेश होता है उस समय विश्रान्ति अवस्था आती है। पर जब पुरुष प्रकृति शक्ति चिद्रूपा के कर्म में अपने को डाल देता है तब सृष्टि होती है। यही कर्म और आनन्द का भोग भावानन्द है।[४] जड़-चेतन दोनों का आनन्दभाव यही है। आनन्दानुभूति, विश्रान्ति, सृष्टि की समग्र चेतना में जड़ चेतन दोनों स्फुरित हैं क्योंकि चेतना के विकास में जड़ का नाश नहीं होता। वह भी रूपान्तरित होकर भावस्थ हो जाता है।

योग की चिन्तन पद्धति पर सोचते हुए अरविन्द तांत्रिक दृष्टि अपनाते हैं। क्योंकि योग की मनोवैज्ञानिक-शरीर-वैज्ञानिक व्याख्या आगे चल कर सूक्ष्म देह की कल्पना में परिणत हो जाती है। वस्तुतः हठयोग की क्रियायें ही शारीरिक हैं। कुण्डलिनी शक्ति का जागरण और उसका ऊर्ध्वमुखी विकास तांत्रिक योगी की भाव देह की ऊर्ध्वमुखी अभिसार यात्रा है। शाक्त-दृष्टि में योग चित्त की एकाग्रता द्वारा वृत्तियों का निरोध कर अपनी ही अधोमुखी शक्ति को शरीरस्थ षट-चक्रों का भेदन करते हुए ऊपर की ओर ले जाने की साधनात्मक प्रक्रिया है। वस्तुतः सम्पूर्ण योग प्रक्रिया एक ऊर्ध्वगामी अभिसार यात्रा का भावमय प्रतीक है। जड़ात्मक वृत्तियों से आक्रान्त मानव मन अपनी ही महत् शक्ति की अनुभूति नहीं कर पाता जिससे उसकी समूची क्रिया अधोमुखी अभिसार को हो जाती है जब कि जीवन की सार्थकता ऊर्ध्वगमन में है। चेतना के ऊर्ध्वमुखी विकास से ही यह प्रत्यक्ष

१. जगद्गुरू शंकराचार्य : सौन्दर्य लहरी।
२. अरविन्द कृत निबन्ध 'तंत्र और वेदान्त', कल्याण-शक्ति अंक, पृ० ३२।
३. वही, पृ० ३२।
४. वही, पृ० ३२–३३।

होता है कि एक ही परम सत्य का आलोक वलय देह से चिदात्मा तक और अणु से विराट तक रूपायित है। बिन्दु एक है। उसकी परिधि रेखाएँ अनेक हैं जो मानवीय चिन्तन की स्थापनाओं के अनुरूप अनेक रूप आख्या पाकर रेखांकित होती है। योगी की निर्विकल्प समाधि में सब कुछ एक हो जाता है। वह सत्वस्थपुरुष तन्मय होकर बिन्दु से परिधि (क्वेण्टम से कन्टीन्यूअम) और परिधि से बिन्दु (एलेक्ट्रोन से प्रोटोन) तक की मधुमती यात्रा करता है। अणु से ब्रह्माण्ड (माइक्रोकाज्म से मैक्रोकाज्म) और ब्रह्माण्ड से अणु तक एक ही सत्ता के परम लीलामय स्वरूप को पहिचान कर अपने को उसी लीला धाम में खपा देना ही मानव के लिए श्रेयस और प्रेयस है।

अरविन्द ने चेतन के विकास-प्रक्रिया में चार सोपानों–जड़ पदार्थ, जीवन, मन, अति-मन–की कल्पना की है। अति-मन के स्तर तक पहुँचने की क्रिया तीन चरणों में पूर्ण होती है। इसको इन्होंने 'आत्मिक-परिवर्तन,' 'आध्यात्मिक परिवर्तन' और 'अति मानसिक परिवर्तन' कहा है। 'आत्मिक परिवर्तन' में आत्मा को आवृत्त करने वाले अज्ञान का नाश होता है। आत्मा जड़ विकारों–इन्द्रिय, मन, प्राण, बुद्धि से आवृत्त रहता है। इन जड़ विकारों से आवेष्ठित होने के कारण आत्मा का यथार्थ स्वरूप बोध नहीं होता। पर योग-साधना द्वारा आत्मिक परिवर्तन शीघ्रता से की जा सकती है। किस प्रकार चिदात्मा जड़ विकारों—देह, इन्द्रिय, मन, प्राण, बुद्धि से आवेष्ठित है, इसे चित्र संख्या १ में देखा जा सकता है :



चित्र सं० १

अरविन्द ने आत्मिक परिवर्तन को ही एकमात्र प्रधान नहीं माना है। आध्यात्मिक परिवर्तन भी आवश्यक है। व्यक्ति के अन्दर ही दिव्य उच्चतर शक्ति के आरोहण से उसका सीमित अहं नष्ट हो जाता है। अतिमानसिक परिवर्तन द्वारा व्यक्ति अपनी ही शक्ति को अपने अति-मन में ऊर्ध्वमुखी कर पाता है। इस प्रकार मनुष्य दिव्य चेतना से अतिमानव बन सकता है।

मन का चांचल्य उसे एकाग्र नहीं होने देता। इसलिए तंत्र एवं योग में मन को एकाग्र करने के लिए शरीरस्थ विभिन्न चक्रों—मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्ध आज्ञा, उनके वर्णों, दलों एवं बीजाक्षरों पर केन्द्रित करने का संकेत है। मन इधर-उधर चंचल न हो, इसलिए उसे टेढ़े-मेढ़े रास्ते और कल्पित कमल दलों पर केन्द्रित करने का निर्देश है। साधक वक्रिम मार्गों से ध्यान करता है। वस्तुतः पिण्डवासिनी देवी भी तो

षटचक्र वक्रासना है। इसी वक्रता में सहज भावबोध का स्फुरण होता है। योगी को सहज होने के लिए ही वक्रिम अर्थात कठिन परिश्रम करना पड़ता है।

आधुनिक शरीर विज्ञान विभिन्न चक्रों की सूक्ष्मता को नाड़ी पुञ्जों का मात्र समुच्चय मानता है। उनके लिए यह योगी की भावना-शक्ति को क्रियात्मक रूप देने की सायास रूपात्मक कल्पना है। चिन्तन द्वारा उस मानस कल्पना को भौतिक शरीर में देखा जा सकता है। पर भारतीय योग मनीषा की दिव्य चेतना में चक्रों की कल्पना मानस की अन्तस्थ शक्ति को ऊर्ध्वरेता बनाने के लिए मनोज्ञ मार्ग की अवधारणा है। महर्षि अरविन्द ने भी इन चक्रों की आध्यात्मिक स्थिति निरूपित की है। अरविन्द ने मानव के शरीरस्थ सात चक्रों की कल्पना की है। ये सातों चक्र मानव देह के मध्य सुषुम्ना से सम्बद्ध होकर स्थित हैं।[1] इसे चित्र संख्या २ में इस प्रकार देखा जा सकता है।



चित्र सं. २

पर वास्तव में इन चक्रों की स्थिति इस स्थूल देह में न होकर सूक्ष्म देह में है : All these centers are in the middle of the body they are supposed to be attached to the spinal chord; but in fact all these things are in the subtle body, 'Sukshma Deha', though one has the feeling of their activities as it in the Physical body when the consciousness is awake.[2] वस्तुतः यह सूक्ष्म देह शरीर-रचना विज्ञान और मनोविज्ञान से परे की वस्तु है। उसकी व्याख्या के लिए परामनोविज्ञान और पारा-फिजियालॉजी की कल्पना करनी पड़ेगी। मूलतः सभी चक्र अति दिव्य अतीन्द्रिय, ऑस्ट्रल नाड़ी में स्थित है। अतः इस अति सूक्ष्म वायवीय शरीर की रचना समझ लेना आवश्यक है। योग दर्शन में इस भौतिक शरीर के चारों तरफ

१. अरविन्द कृत 'आन योग', द्वितीय, टॉम वन, पृ० ३६८-३६९।

२. वही, पृ० ३६९।

उसी प्रकार की अतिमानवीय एवं वायववीय शरीर की कल्पना है। यह चित्र संख्या ३ के (क) को देखकर समझा जा सकता है :



चित्र सं० ३

यह शरीर अपने विधायक तत्त्वों की अति सूक्ष्मता के कारण अदृश्य है। इनकी रचना ऐसे ईथरीय तत्त्व से है जो स्थूल तत्त्वों की अपेक्षा अधिक स्पन्दनशील (व्राइब्रेटिंग है। पदार्थ में अणु-परमाणु का वेग–वेलासीटी, कम्पन–बाइब्रेशन और उल्लास–वेरासीठी होता है। आकाश तत्त्व से निर्मित यह वायवीय शरीर भी अति संवेदनशील है। इसमें पदार्थीय गुणों वेग, कम्पन, उल्लास के होते हुए भी इसे न तो पूर्णतः पदार्थ कह सकते हैं और न मात्र यह ऊर्जा (एनर्जी) ही है। यह शरीर अति सूक्ष्म तत्त्व से बना पदार्थ की अपेक्षा अधिक दृढ़ ग्राही है। तत्त्व विज्ञान में इस ब्रह्मस्वरूप शरीर का निर्माण आकाश तत्त्व से माना गया है जो अति संवेद्य-सत्व-तत्व है। यह हर दिकाकाश (स्पेस्) और हर मानव शरीर में सहज प्रवेश्य है। यह तात्विक सूक्ष्म देह काल-आकाश (टाइम एण्ड स्पेस्) की सीमा से परे है। योगी निर्विकल्प समाधि में अपनी आत्मा को ब्रह्म रन्द्र से मुक्त कर इस ईथरीय देह में प्रवेश करता है। इस क्रिया को चित्र संख्या २ के 'ग' और 'घ' रेखा द्वारा देखा जा सकता है। पुनः आत्मा वहाँ के सूक्ष्म तंतुओं को अपने साथ लेकर इस भौतिक शरीर में प्रत्यागमन करता है। इसके प्रत्यक्षीकरण के लिए अति संवेदनशील बोध वृत्ति का स्फुरण आवश्यक है।

अरविन्द के अनुसार शरीरस्थ सात चक्रों (Centers) की कल्पना है।[१] ये चक्र क्रमशः इस प्रकार हैं :

(1) सिर के ऊर्ध्व में सहस्त्र दल कमल (The thousand petalled lotus on the top of the head)।

(2) भ्रूमध्य में आज्ञा चक्र (In the middle of the forehead the Agna Chakra)।

(3) कंठ देश में स्थित चक्र (Throat Centre : Externalizing Mind)।

(4) हृदय-कमल-भावात्मक चक्र (Heart-Lotus-Emotional centre) The Psychic is behind it.

---

१. अरविन्द : 'ऑन योग, द्वितीय, टाम वन, पृ० ३६८-३६९।

(5) नाभि चक्र [(Novel centre, higher vital (Proper)] ।

(6) नाभि के नीचे चक्र (Below Novel, the lower Vital) ।

(7) मूलाधार (Muladhara, the Physical) ।

मानव शरीर का मूलाधार मेरुदण्ड है। समूचा स्नायु तन्त्र इसी के मध्य स्थित है। इसकी रचना तैंतीस अस्थिखण्डों के समन्वय से हुई है। यह मेरुदण्ड एक खोखली नली है जिसका निचला भाग नुकीला और छोटा है। इसी के आस-पास के स्थल को 'कन्द' कहा जाता है। यहीं पर कुण्डलिनी नीचे की ओर मुख किये सर्पाकार कुण्डली में अवस्थित है। इसकी स्थिति शरीर के दाहिने तरफ मानी जाती है। डॉ० वसन्त रेले कुण्डलिनी को दाहिनी वेगस नर्व (Right Vegus Nerve) कहा है : "It will thus be seen that the description of Vegus and its connections with the important plexuses of the sympathetic, runs parallel with the description of the Kundalini and her connections with the Chakras."[1] सर जान उडरफ ने इसे महती संगृहीत शक्ति (The Grand Potential) कहा है।[2] आर्थर अवेलन ने इसे गुप्त संगृहीत शक्ति कहा है।[3] अरविन्द ने कुण्डलिनी को चक्रों में निहित और प्रसुप्त शक्ति माना है : "Above the head is the universal or Divine consciousness and Force. The Kundalini is the latent Power asleep in the Chakras".[4]

यह मानव शरीर बहत्तर हजार नाड़ियों का समुच्चय है जिसमें चौदह विशिष्ट और तीन परम विशिष्ट नाड़ियाँ है : इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना। इड़ा मेरूदण्ड की बाँयी ओर, पिंगला उसकी दाहिनी तरफ और सुषुम्ना मेरुडण्ड के भीतर 'कन्द' से प्रारम्भ होकर सहस्रदल कमल तक पहुँचती है। सुषुम्ना की तीन परते हैं : वज्रा, चित्रिणी और ब्रह्म नाड़ी। योगकल्पना में मेरुदण्ड स्थित सुषुम्ना की ब्रह्मनाड़ी में षट्चक्रों की कल्पना है। इसी के माध्यम से कुण्डलिनी शक्ति ऊर्ध्वगामी होती है।

योग प्रक्रिया में सभी चक्रों का अपना एक मनोवैज्ञानिक उपयोग है। इसके साथ ही ये शरीर के विभिन्न अंगों और क्रिया को क्रियान्वित और नियमित करते हैं। अरविन्द ने इन चक्रों के दलों के रंगों का भी संकेत किया है। मूलाधार मेरुदण्ड की हड्डी के नीचले भाग के पास जो कन्द प्रदेश हैं उससे सम्बद्ध गुदा और लिंग के मध्य में स्थित है। यह इन स्थानों का नियमन करता है। इसके दल चार हैं और इनका वर्ण रक्त है। एनाटामिकल नाम पेलविक प्लेक्सेज (Pelvic plexus) है। स्वाधिष्ठान चक्र लिंग स्थान के सामने स्थित है। इसके दल ६ हैं और रंग सिन्दूर वर्ण का है। यह निचले तत्त्व को शासित करता है। एनाटामीकल नाम हाइपोगैस्ट्रीक प्लेक्सस (Hypogastric Plexus) है। मणिपूरक नाभिप्रदेश के सामने स्थित है। इसके नील वर्ण के दश कमल दल हैं। यह उच्च तत्त्व को

---

१. डॉ० वसन्त रेले। द मिस्टोरियस कुण्डलिनी, पृ० ४६।

२. सर जान उडरफ : द मिस्टीरियस कुण्डलिनी, रेले कृत की प्रस्तावना।

३. आर्थर आवेलन। द सरपेन्ट पावर।

४. अरविन्द : ऑन योग, द्वितीय, टाम वन, पृ० ३३६।

अनुशासित करता है। इसे इपीगैस्ट्रीक प्लेक्सेस (Epigastric Plexus) से जाना जाता है। अनाहत चक्र हृदय प्रदेश में है। इसके कमल दल द्वादश हैं जो अरुण वर्ण के हैं। यह संवेगों का नियामक है। विशुद्ध चक्र कंठ प्रदेश में स्थित है। इसके सोलह दल हैं जिसका वर्ण धूम्र है। आज्ञा चक्र भ्रूमध्यप्रदेश के सामने मेरु-दण्ड के भीतर ब्रह्म नाड़ी में स्थित है। इसमें दो दलों वाला श्वेत कमल है। जिस प्रकार विशुद्ध चक्र मानवीय मस्तिष्क के विचार-स्पन्दन की बाह्याभिव्यक्ति करता है, उसी प्रकार आज्ञा चक्र[1] गत्वर मन, इच्छाशक्ति, अन्तर्दृष्टि (Vision) का नियमन कर्त्ता है।

सबसे महत्व की बात यह है कि इन विभिन्न दलों वाले चक्रों के दलों पर वर्णों की भी कल्पना है जिससे मातृका सृष्टि के प्रतीकात्मक रहस्य का उद्घाटन होता है। इतना तो स्पष्ट है कि नाड़ी-पुञ्जों या चक्रों पर अक्षर या वर्णों का स्थूल अंकन नहीं है। पर वैज्ञानिक दृष्टि से इस सम्बन्ध में यही कहा जा सकता है कि उच्चारण के समय नाड़ियों में प्राण-वायु के धक्के से जो स्फुरण तरंग पैदा होती है उससे दलों पर अक्षरों का रूप निर्धारित होता है जिसे योगी अपनी दिव्य दृष्टि से देख सकता है। दलों के अक्षरों एवं उनकी प्रतीकात्मक व्याख्या के पूर्व संक्षेप में स्पन्दन तरंग से निर्मित अक्षर स्वरूप का विचार आवश्यक है।

स्पन्दन या तरंग ही ध्वनि या शब्दों का विधायक है। कुमारी वाट्स ह्युग्स ने ध्वनि रूप विवेचन में यांत्रिक प्रयोगों द्वारा स्पष्ट किया है कि किस प्रकार ध्वनि विशेष के कम्पन के अनुसार उसकी आकृति निर्मित होती है। इसके लिए उन्होंने इडोफोन नामक यंत्र का प्रयोग भी किया है।[2]

मिस्र की सांस्कृतिक चेतना में यह धारणा प्रमुख है कि सृष्टि के पूर्व केवल लहर ही थी। उसी से मिस्री भाषा का प्रथम वर्ण एम (M) बना। पुनः वही तरंग उलट कर डब्ल्यू (W) बन गया। यही 'एम' मदर या मातृ शब्द का जनक है और डब्ल्यू वाइफ या पत्नी का विधायक है। इस स्थापना को रेखाचित्र सं० ४ में देखा जा सकता है।



चित्र सं० ४

समग्रतः कम्पन या स्पन्दन ही, जो नाड़ियों में प्राण-वायु के आकुंचन-विकंचन का परिणाम है, अक्षरों का विधायक है। मानव देह में स्थित विभिन्न चक्रों के दलों पर अंकित अक्षरों का वैज्ञानिक रहस्य यही है। जब भी मनुष्य उच्चारण की मुद्रा में आता है उसकी अन्तस्थ चेतना शक्ति स्फुरित होने लगती है। इसके कारण नाड़ी पुंजों में जो कम्पन होता है

१. अरविन्द : ऑन योग; द्वितीय, टाम वन, पृ० ३६९-३७०।
२. कुमारी वाट्स ह्युग्स : Voice figures।

वह उसके ऊपर वर्णों को निर्मित करता है। चक्रों पर शब्द सृष्टि के विभिन्न वर्णों की क्या स्थिति है, नीचे की तालिका एवं रेखाचित्र को देखकर समझा जा सकता है :



चित्र सं० ५

रेखाचित्र में चक्रों की स्थिति देखी जा सकती है (चित्र संख्या ५)।

क्र०सं०	चक्र नाम	चक्र स्थान	दल संख्या	वर्ण मातृकाएँ
१	विशुद्ध चक्र	कंठ प्रदेश	सोलह दल	अँ से अः तक सोलह वर्णों की स्थिति
२	अनाहत चक्र	हृदय प्रदेश	द्वादश दल	क, ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ ञ, ट, ठ अक्षरों की स्थिति
३	मणिपूरक चक्र	नाभि प्रदेश	दश दल	ड, ढ़, ण, त, थ, द, ध, न, प फ, अक्षरों की स्थिति
४	स्वाधिष्ठान चक्र	लिंग स्थान के सामने	छ दल	ब, भ, म, य, र, ल, अक्षरों की स्थिति
५	मूलाधार चक्र	कंठ प्रदेश से लगे गुदा एवं लिंग के मध्य	चार दल	व, श, ष, स अक्षरों की स्थिति
६	आज्ञा चक्र	भ्रूमध्य प्रदेश	दो दल	ह, क्ष अक्षरों की स्थिति

कुण्डलिनी शक्ति साधना का मूल रहस्य नाद तत्त्व के अनुसंधान में है। कुण्डलिनी विक्षुब्ध होकर नाद का विकास करती है। वह मूलाधार के नीचे सुप्तावस्था में पड़ी रहती है। जिस समय उसका जागरण होता है, उस समय वह शरीरस्थ विभिन्न चक्रों का भेदन कर ऊपर की ओर उन्मुख होती है। इस प्रकार योगी सहस्रार में नाद बिन्दु की अनुभूति करता है।

वर्णमयी मातृका सृष्टि के प्रतीकात्मक अर्थ की व्याख्या के पूर्व वर्णों की उत्पत्ति एवं विकास क्रम पर संक्षिप्त प्रकाश आवश्यक है। परम शिव अपनी प्रारम्भिक अवस्था में निष्क्रिय हैं। वह स्पन्दनहीन रहता है। परिणामतः वह अशब्द, निर्विषय एवं प्रत्ययहीन है। परन्तु जब उसने स्वेच्छया अपनी अनन्त शान्ति सागर में चेतना-उर्मियों को स्फुरित किया तब 'नाद' की उत्पत्ति हुई। यही नाद शक्ति घनीभूत होकर 'बिन्दु' रूप में प्रतिफलित होती है : "नाद एवं घनीभूतः क्वचिदभ्येतिविन्दुताम्" (शारदा तिलकं)। स्पन्दन की गति के साथ ही ध्वनि और बिन्दु का निर्माण होता है। अनन्त स्पन्दित लहरों की भाँति शब्द, अर्थ एवं प्रत्यय भी अनेक हैं। क्योंकि शब्द से अर्थ एवं अर्थ से रूप भिन्न नहीं हैं : 'वागर्थाविव सम्पृक्तौ' (रघुवंश : कालिदास) चेतना तरंगों की यही परिपक्वावस्था 'शब्द-ब्रह्म' है।

प्रकृति में प्रत्येक विषय के तीन रूप हैं : पर, सूक्ष्म, स्थूल। वाक् रचना क्रम में परावाक् 'पर' (कारण) रूप में स्वीकृत है। जब परावाक् रूप ग्रहण कर सूक्ष्म रूप मध्यमावस्था की ओर अग्रसर होती है तब इसे योग-मनीषा में 'पश्यन्ती' नाम से जाना जाता है। इस अवस्था में योगी-मनीषी ही अपने दिव्य चक्षु से इसके स्वरूप का दर्शन कर सकता है। आगे के क्रम में मध्यमा वाक् हिरण्यगर्भ शब्द है। यहीं से वर्ण मातृका शब्दरूप ग्रहण करती है। इस अवस्था के बाद सूक्ष्म-ध्वनि स्थूल-ध्वनि में बदल कर 'बैखरी' नाम से जानी जाती है। यहाँ सूक्ष्म ध्वनि कण्ठरव में प्रकट होकर अक्षरों के माध्यम से उच्चरित होती है। कण्ठरव उच्चरित होकर किस प्रकार व्यक्त होती है, इसे चित्र सं० ६ में देखा जा सकता है।



चित्र सं० ६

स्पष्ट है कि किस प्रकार अपनी ही प्राणवायु ध्वनि-स्फोट को स्फुरित करती हुई ऊर्ध्वमुखी होकर कण्ठरव के रूप में प्रकट होती है।

अक्षरों का कभी नाश नहीं होता। समूची सृष्टि ही मातृकामयी है : "तयोत्पन्नानि भूतानि भुवनानि चतुर्दश, वाङ्मयं चैव यत्किंचितत्सर्वंमातृकोद्भवम्।" अभिनवपाद गुप्त ने तत्त्वों की उत्पत्ति विषयक धारणा में मातृका वर्णों को एक-एक तत्त्व का प्रतीक कहा गया है। इसे नीचे की तालिका में देखा जा सकता है :

क्र० सं०	क्रम वर्ग	तत्त्व	चवर्ग	तत्त्व	टवर्ग	तत्त्व	तवर्ग	तत्त्व	पवर्ग	तत्त्व	य	तत्त्व
१	क	पृथ्वी	च	गन्ध	ट	पायु (गुदा)	त	घ्राण	प	प्रकृति	य	कला
२	ख	जल	छ	रस	ठ	उपस्था (लिंगयोनि)	थ	जिह्वा	फ	अहंकार	र	अविद्या
३	ग	तेज	ज	रूप	ड	पाणि	द	चक्षु	ब	बुद्धि	ल	शम
४	घ	वायु	झ	स्पर्श	ढ	पाद	ध	त्वक्	भ	मन	व	काल
५	ङ	आकाश	ञ	शब्द	ण	वाक्	न	स्रोत	म	पुरुष	श	शुद्ध विद्या
											ष	ईश्वर
											स	सदाशिव
											ह	शक्ति
											क्ष	शिव

परमेश्वर की तीन शक्तियों का उल्लेख है। ये तीन शक्तियाँ क्रमशः इस प्रकार हैं :

(१) अनुत्तर (अ)
(२) इच्छा (इ)
(३) उन्मेष (उ)

अतः स्पष्ट है कि 'अ', 'इ', 'उ' वर्ण परमेश्वर सूचक हैं। विश्रान्तिक्रम में 'अनुत्तर' के आनन्द (आ) इच्छा की ईशन (ई) और उन्मेष की उर्मि (ऊ) में विश्रान्ति है। वर्णमातृका क्रम में पूर्व के तीन वर्ण अ, इ, उ प्रकाशात्मक है। अतः ये सूर्यप्रतीक हैं। इसके उत्तर वर्ण आ, ई, ऊ विश्रान्ति रूप है। इसलिए सोम प्रतीक है और इसलिए यह आनन्द-दायक है। सृष्टि का मूल ही 'अग्निसोमाष्टकं' है। यह सम्पूर्ण सृष्टि सूर्य एवं सोम के समन्वयात्मक राग सम्बन्ध का परिणाम है। मानवीय धरातल पर यही पति-पत्नी के राग-मय सम्बन्धों से निर्मित आदर्श सृष्टि का परिचायक है। शब्द एवं अर्थ की सम्पृक्त स्थिति का भी यही गूढ़ रहस्य है। क्योंकि अर्थ ही शम्भू तत्त्व है और वाणी ही शिवा है : "अर्थः शम्भूः शिवा वाणी।" यह समूची मातृका-सृष्टि शिव की अपनी ही चेतन शक्ति, (चिदाकाश) उसकी अपनी ही प्रिया-पत्नी शिवा के लीला का प्रसार है। तत्त्वज्ञ योगी नाद-बिन्दु के इस गूढ़ रहस्य का द्रष्टा है। वह अपनी चेतना में जगत के हर रेणु-कण में वर्ण और प्रत्येक वर्ण में परम शिव की चेतनमयी आह्लादिनी शक्ति शिवा का दर्शन करता है। इस प्रकार अलौकिक दृष्टि सम्पन्न योगी के लिए न तो दलों के वर्णों की गूढ़ रहस्यात्मक स्थिति ही रह जाती है और न शब्द-अर्थ सृष्टि के अन्तर्युक्त समन्वयात्मक रहस्य ही रहस्य रह पाता है। उसके लिए सब कुछ सहज है।

अरविन्द के अनुसार यह समस्त सृष्टि-रचना पुरुष-प्रकृति के ही लीला का विस्तार है। इस जगत् में परम सत्य वस्तु एक है। उसी के निष्क्रिय और सक्रिय दो पक्ष हैं। यही एक अक्षर पुरुष और दूसरी आद्याशक्ति 'भगवती माता है। उनके अनुसार यही सृष्टि का मूल हेतु है। क्योंकि इन्हीं के द्वारा सृष्टि करने के लिए ब्रह्म में सक्रियता आती है। शक्ति तत्त्व की इतनी प्रधानता स्पष्ट करती है कि अरविन्द दर्शन में आगम का अधिक हाथ है। अरविन्द ने भगवती माता को अधिक महत्त्व दिया है। शक्ति की यह प्रधानता शाक्ततंत्र से अधिक साम्य रखती है। शाक्त दर्शन के त्रिपुरा-सिद्धान्त' में शिवशक्ति कामेश्वर-कामेश्वरी हैं। उनका सामरस्य ही त्रिपुर-सुन्दरी का रूप है जिसकी माता रूप में उपासना की जाती है।

अरविन्द के चिन्तन की सबसे बड़ी उपलब्धि है अति मानसिक स्तर की अनुभूति और उसे जीवन जगत में उतार लाने की क्षमता। उनकी दृष्टि में यह सम्पूर्ण सृष्टि अवरोहण-आरोहण की एक प्रक्रिया का प्रतिफलन है। अति मन अवरोहण क्रिया में मन एवं प्राण के स्तर से होकर जड़ बनता है। परन्तु पुनः जड़ से प्राण, प्राण से मन की ओर आरोहण करने की अति चेतना साधनाजन्य है। अति चेतना के विकास पर अति मन मनोमय मानव को प्राप्त करता है। तांत्रिक चिन्तना में शक्ति का ऊर्ध्वमुखी करना ही जड़ से चेतन की ओर आरोहण है। शाक्त दृष्टि में ऐसा विश्वास है कि साढ़े तीन फेरे में लिपटी सर्पाकार सुप्त कुण्डलिनी अधोमुखी पड़ी रहती है। साधक प्राणायाम द्वारा उसे जागृत कर ऊपर की ओर उन्मुख करता है। यही परम शिव से शक्ति के संयोग कराने के लिए तांत्रिक योगी की अभिसार यात्रा है। अरविन्द की आरोहण क्रिया नाम-रूप में भिन्न होते हुए भी तांत्रिक वाङ्मय के इसी निगूढ़ सत्य को प्रतिभासित करती है। अरविन्द के योग में भगवती माता के प्रति आत्मसमर्पण आवश्यक है। इसके अभाव में मानवप्रकृति का दिव्य-रूपान्तर सिद्ध नहीं हो सकता : "The surrender to the Divine Mother is essential for without it there is no fulfilment of the object of the yoga."[1] अरविन्द का तांत्रिक-योग समन्वयात्मक योग होते हुए भी एक भौतिक दृष्टि देता है। निश्चय ही अरविन्द मानस चेतना की उस उदात्त भूमि पर पहुँच चुके थे जहाँ गति, अगति, नृत्य, अनृत्य, स्पन्दन-विस्पन्दन सभी का ध्रुवीकरण हो जाता है और वहाँ मात्र स्थिति रहती है शान्त बिन्दु की।

"At the still point of the turning world. Neither flesh nor fleshless;
Neither from nor towards; at the still point, there the dance is.
But neither arrest nor movement. And do not call it fixity
Where past and future are gathered. Neither movement from nor towards.
Neither ascent nor decline. Except for the point, the still point.[2]

———

1. Sri Aurobindo on Bimself and on the Mother, p. 447-448.
2. T. S. Eliot : Four quartets, p. 11.

अरविन्द के अनुसार गीता में भक्ति योग

रामजी सिंह,

शोध छात्र, दर्शन विभाग, का० हि० वि० वि०

सारा योग भगवान् की खोज करता है। भक्तियोग का मूल सूत्र यह है कि मानव चेतना की सभी या कुछ एक शक्तियाँ ईश्वर या भगवान् की ओर फेर दी जाँय, ताकि जीव को इस चेष्टा के द्वारा संस्पर्श सम्बन्ध एवं मिलन स्थापित हो जाय। भक्तियोग में जिस शक्ति को साधन बनाया जाता है वह है भावमय प्रकृति। भक्तियोग का मूल सिद्धान्त यह होता है कि मनुष्य और ईश्वर में कोई एक मानवीय सम्बन्ध अपनाकर अपने हृदयगत भावों को भगवान् की ओर अधिकाधिक तीव्र वेग से प्रवाहित किया जाय, जिससे अन्त में मानव आत्मा दिव्य प्रेम के मद में उन्हीं में आसक्त होकर उन्हीं के साथ मिल जाय। भक्त अपनी भक्ति के द्वारा जो कुछ ढूँढ़ता है वह अन्ततः एकत्व की विशुद्ध शान्ति या एकत्व की शक्ति एवं निष्काम संकल्प-बल नहीं है, वह तो है मिलन की उन्मत्त मस्ती। प्रेम ही इस भक्ति का मूल प्रेरक है, अतः जैसा प्रेम का समग्र रूप होगा, वैसी ही होगी भक्ति की गति, उसकी परिणति और परिपूर्ति। भक्त जानता है कि चाहे जो भी सत्य भक्ति प्रगट करती हों, वह वास्तव में संसार के बाह्य विधान के साथ विकासी मानव आत्मा के बाह्य सम्बन्धों का सत्य है न कि भगवान् के साथ मानव आत्मा के अंतरीय सम्बन्धों का कोई अंतरंग सत्य; परन्तु भक्ति का वास्तविक क्षेत्र तो ये अंतरंग सम्बन्ध ही हैं।

गीता में भक्ति योग

गीता में केवल ७०० छन्द हैं और उपनिषद्, गीता तथा ब्रह्म सूत्र, इन तीनों को मिला करके प्रस्थानत्रयी कहते हैं। शंकराचार्य, रामानुज तथा बालगंगाधर तिलक ने गीता पर अलग-अलग ढंग से भाष्य लिखा है; परन्तु गीता का प्रतिपाद्य विषय अर्जुन के मोह को दूर करना तथा उसको मोक्ष दिलाना ही है। अरविन्द ने गीता पर कोई भाष्य नहीं लिखा है। वे भाष्यकार के रूप में नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र चिन्तक के रूप में हमारे सामने आते हैं। अरविन्द का योग भक्तियोग से भिन्न नहीं है।

व्याकरण के अनुसार भक्ति शब्द की व्युत्पत्ति 'भज सेवायां' धातु से है; जिसका अर्थ होता है, भजन या सेवा। यहाँ पर एक प्रश्न उठ सकता है कि भजन या सेवा किसकी ? तो उत्तर है, ईश्वर या भगवान् की। भक्ति सम्प्रदाय भक्ति को बहुत उच्च स्तर से स्वीकार करते हैं। भक्त को किसी वस्तु की इच्छा नहीं रह जाती। अरविन्द भी भक्ति की विचित्रता को स्वीकार करते हुए कहते हैं—"जहाँ पर सभी दार्शनिक अनुभव एक मत हैं, वहाँ पर धर्म और भक्तियोग इससे भी आगे जाते हैं, इनके मत से व्यक्तित्व तथा मनुष्य के साथ मानवीय सम्बन्ध इस चिन्मय पुरुष की विशेषताएँ हैं। धर्म और भक्तियोग दोनों में मनुष्य भगवान् के पास वैसे ही जाता है, जैसे वह अपने किसी मित्र के पास जाता है—

अपनी मानवता के द्वारा तथा मानवीय भावों के साथ, परन्तु अधिक तीव्र एवं उदात्त भावों के साथ; इतना ही नहीं, बल्कि भगवान् भी इन भावों के अनुरूप ढंग से इनका उत्तर देते हैं।''[1] यह भक्त और भगवान् का सम्बन्ध आस्तिकता पर आधारित है। भगवान् की सत्ता स्वीकार किये बिना भक्ति हो ही नहीं सकती; क्योंकि संशय आत्मा नास्तिक जिस आधार को लेकर धर्म पर आक्रमण करता रहता है, वह यह है कि विश्व में कोई ऐसी चेतन सत्ता है ही नहीं जो हमसे बड़ी और ऊँची हो या हमारी सत्ता को किसी प्रकार प्रभावित या नियंत्रित करती हो। इस आधार को भक्तियोग स्वीकार नहीं करता; क्योंकि इससे तो सारा आध्यात्मिक अनुभव ही खण्डित हो जायेगा और स्वयं सारा भक्ति-सम्प्रदाय भी असमंजस में पड़ जायेगा। इस बात को अरविन्द भी स्वीकार करते हैं। उनके अनुसार, ''दर्शन या सार्वजनिक धर्म की भाँति योग कोई सिद्धान्त या मतवाद की वस्तु नहीं है, बल्कि यह तो अनुभव का विषय है।'' यहाँ पर अरविन्द का योग भक्तियोग के बहुत निकट आ जाता है।

भक्ति की परिभाषाओं पर विचार कर लेना अति उत्तम होगा।

'सर्व कर्म समर्पण भक्ति।'—गीता

अर्थात् अपने सभी कर्मों को ईश्वर के प्रति समर्पण ही भक्ति है।

'नित्य युक्तस्य योगिनः।'

अर्थात् निरन्तर ईश्वर में युक्ति ही भक्ति होती है। भक्त निश्चल मन से स्मरण करता हुआ उस ईश्वर के स्वरूप को प्राप्त होता है।

अरविन्द के अनुसार ''पूर्ण आत्म समर्पण, अनन्य शरणागति ही वह भक्ति है जिसे गीता ने अपने समन्वय का मुकुट बनाया है।''[2] कर्म का मार्ग भी आत्मनिवेदनरूपी उपासना और भक्ति में परिणत हो जाता है। वास्तविक यज्ञ वह होता है जिसमें आन्तरिक होम हो, जिसमें भगवान् स्वयं ही समग्र यज्ञक्रिया और यज्ञ की प्रत्येक वस्तु और घटना बनते हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि भक्ति सामान्य स्तर की नहीं है। ईश्वर के प्रति जो प्रेम है वही भक्ति है। यह भक्ति लौकिक या व्यावहारिक नहीं है; क्योंकि लौकिक प्रेम या व्यावहारिक प्रेम में कुछ न कुछ लक्ष्य रहता है, लेकिन अलौकिक प्रेम में कोई लक्ष्य नहीं होता। लौकिक प्रेम का जो लक्ष्य होता है भक्ति के स्तर पर पहुँचने पर वह समाप्त हो जाता है। भक्तियोग हृदय का विषय है, बुद्धि का नहीं। इस मार्ग से जो ज्ञान प्राप्त होता है उसके लिए भी हम अपनी यात्रा हृदय से आरम्भ करते हैं न कि बुद्धि से। अरविन्द के अनुसार भी यह भक्ति हृदय का कोई एकांगी वृत्ति नहीं, बल्कि जीवन का सर्वांग आत्म-समर्पण है। इसलिए यह यज्ञ भी है; क्योंकि इसमें सब कर्म ईश्वर को अर्पण करने की क्रिया होती है, अपनी सारी क्रियशील अन्तर्बाह्य प्रकृति अपनी प्रत्येक मानसिक और प्रत्येक विषय-गत क्रिया में अपने भजनीय भगवान् को समर्पित की जाती है। अहं बद्ध प्रवृत्ति के लिए

---

१. अरविन्द : 'योग समन्वय' (उत्तरार्द्ध) भाग--३, ४, पृष्ठ ६४५।

२. अरविन्द : गीता प्रबन्ध, पृष्ठ ३४६।

ईश्वर को प्राप्त करना कठिन है। अहं बद्ध व्यक्ति को सिसिफस[1] की भाँति अनन्त काल तक केवल परिश्रम ही हाथ लगता है। अन्तरात्मा के अन्दर व्यक्त होने की जो छटपटाहट दीर्घ काल से चली आ रही है वह अब अपने आप में भगवान् को प्राप्त करने और प्रकृति में उन्हें अनुभव करने की एक आध्यात्मिक चेष्टा और अभीप्सा का रूप धारण करती है। सम्पूर्ण जीवन उस भगवान् और इस मानव आत्मा का निरंतर योग और एकीभाव बन जाता है, यही परिपूर्ण भक्ति की रीति है। हमारे समस्त आधार और प्रकृति की यह सनातन पुरुषोत्तम में लगे हुए हृदय से होने वाले यज्ञ के द्वारा एक साथ ऊपर उठा ले जाती है।[2]

यहाँ पर एक प्रश्न यह उठ सकता है कि क्या भक्ति के पूर्व ज्ञान को रहना चाहिए या नहीं? कुछ लोगों का यह विचार है कि भक्ति के पूर्व ज्ञान रहना चाहिए, परन्तु सही बात तो यह है कि भक्ति के पूर्व ज्ञान का होना कोई आवश्यक नहीं है; क्योंकि भक्ति ज्ञान के अभाव में भी हो सकती है। भक्ति में 'स्व' का भाव नहीं रहना चाहिए; जबकि ज्ञान में 'स्व' का भाव रहता है। इस बात को अरविन्द भी स्वीकार करते हैं कि अहं बद्ध व्यक्ति के लिए भक्ति असम्भव है। भक्ति के पूर्व ज्ञान रहना जरूरी नहीं है; क्योंकि भक्ति हो सकती है ज्ञान रहे या न रहे। अरविन्द तो यहाँ तक स्वीकार करते हैं—"आत्मज्ञान अनायास ही एक भजन-पूजन, एक विशाल भाव-भक्ति, एक महान् आत्मदान, एक पूर्ण आत्मोसर्ग को उत्पन्न कर देता है; क्योंकि यह उस आत्मा का ज्ञान है, उस आत्म स्वरूप का स्पर्श है, उस परम और विश्व रूप, विराट् पुरुष का आलिंगन है जो हमें, हम जो कुछ भी हैं अपना बना लेता है और जब हम उसके समीप पहुँचते हैं तो हमारे ऊपर अपने सत्स्वरूप के अनन्त आनन्द की निधियाँ बरसाता है।"[3] यहाँ पर भी अरविन्द यह मानने को तैयार हैं कि जो आत्मज्ञान है वह भक्ति का एक साधन है वह साध्य नहीं है। भक्ति के द्वारा ही उस विराट् पुरुष के पास पहुँचा जा सकता है, आत्मज्ञान के द्वारा नहीं। गीता में भी कहा गया है कि ज्ञान के अभाव में भक्ति हो सकती है :

"नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि यां यथा।"

—गीता, ११-५३।

"भक्त्यात्वनन्यथा शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।"

—गीता, ११-५४।

(श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि हे अर्जुन! न वेदों से, न तप से, न दान से, न ज्ञान से, न निष्काम कर्मयोग से, न यज्ञ से भी लोग मेरे दर्शन नहीं कर सकते। परन्तु हे

---

१. सिसिफस को यह शाप था कि उसे हमेशा एक चट्टान की चोटी पर बड़ा पत्थर चढ़ाते रहना पड़ेगा। जब पत्थर चोटी के पास पहुँचता तो वह लुढ़क जाता था, और फिर से वही क्रम उसे शुरू से करना पड़ता था।

२. अरविन्द : गीता प्रबन्ध, पृष्ठ ३४०।

३. अरविन्द : गीता प्रबन्ध, पृष्ठ ३४१।

अर्जुन ! तुम श्रेष्ठ भक्ति वाले अर्थात् अनन्य भक्ति करके तो इस प्रकार चतुर्भुज रूप वाला, प्रत्यक्ष देखने के लिए तथा प्रवेश करने के लिए अर्थात् एकीभाव से प्राप्त होने के लिए भी शक्य हूँ।)

अरविन्द के अनुसार, "जो जीव भक्ति करता है और अपने सारे कर्म अपनी सारी सत्ता की महत्ता शरणागति की भाव से सनातन पुरुष को अर्पण करता है, उसके लिए ईश्वर सब कुछ हैं और सब कुछ ईश्वर है।"[१] "बिना समग्र आत्म निवेदन और समर्पण के कोई भी मार्ग हमें उस परम तक नहीं ले जायेगा, जो कि सब कुछ है।"[२] यह बात सत्य है कि अन्य धर्म, भजन-पूजन, साधना, ज्ञान भी अवश्य ही अपने-अपने फल देने वाले हैं; परन्तु वे फल अल्पकालीन होते हैं, अर्थात् नश्वर होते हैं। भक्ति का फल कालातीत होता है। "यां यां तनुं श्रद्धया अर्चति," जैसी ही भक्ति या जीव की श्रद्धा होती है वैसे ही बनकर ईश्वर उससे मिलते हैं।

इससे सिद्ध होता है कि भक्ति के पूर्व ज्ञान होना कोई आवश्यक नहीं है। भक्ति में जब स्व' का अभाव रहता है तो यह भक्ति उच्च कोटि की होती है। इसी को भक्ति का साध्यावस्था कहते हैं। इस अवस्था पर पहुँचने पर भक्त मुक्ति का भी तिरस्कार कर देता है। इसी को अरविन्द पूर्ण योग कहते हैं। भक्ति की साध्यावस्था और अरविन्द का पूर्ण योग एक ही है। अरविन्द कहते हैं कि "जो लोग ज्ञान पर अधिक बल देकर चलते हैं वे भी उसी ईश्वर तक पहुँचते हैं। उनका यह ज्ञान, ज्ञान-यज्ञ और ज्ञान के ही एक अनिर्वचनीय परम भाव और आनन्द से वे पुरुषोत्तम की भक्ति करने लगते हैं। "ज्ञान यज्ञेन भजन्ते मायुपासते।" यह वह ज्ञान है, जो भक्ति से भरा हुआ है; क्योंकि यह अपने कारणों में पूर्ण है, अपने लक्ष्य में पूर्ण है। वह ज्ञान निरर्थक है जिसमें भक्ति का समावेश न हो और वह ज्ञान नहीं अज्ञान है जो भक्ति की ओर उन्मुक्त न करता हो। ऐसा ज्ञान कोरा ज्ञान है जिसमें भक्ति का लेशमात्र भी स्थान नहीं है।[३] ज्ञान के द्वारा ईश्वर को जानना ही पर्याप्त नहीं है जब तक उसके साथ हृदय और अन्तःकरण भगवान् की ओर प्रगाढ़ता के साथ ऊपर न उठे। जब तक कि मनुष्य के अन्दर वह ज्ञान एकमुखी और साथ ही सर्वग्राही प्रेम, भक्ति और अभीप्सा को प्रज्वलित कर दे। वह ज्ञान, जिसके साथ अभीप्सा और भक्ति नहीं होती और जो उन्नयन से उद्दीप्त नहीं होता कोई सच्चा ज्ञान नहीं है, क्योंकि ऐसा कोरा ज्ञान केवल बौद्धिक रूप से देखने की क्रिया और नीरस ज्ञान प्रयास मात्र हो सकता है। भगवान् की झाँकी पा लेने के बाद तो भगवान् की भक्ति और उन्हें ढूँढ़ने की सच्ची आस्था और लगन प्राप्त हो जाती है। वह ऐसी लगन प्राप्त हो जाती है जो केवल उस भगवान् को ही नहीं, जो अपने कैवल्य रूप हैं, बल्कि उस भगवान् को भी जो हम लोगों के अन्दर हैं या अन्तर्यामी हैं और उस भगवान् को भी जो यह सब कुछ है उसके अन्दर हैं या सर्वव्यापी हैं, ढूँढ़ती-फिरती रहती है। उस ईश्वर की तो बुद्धि से जानना केवल समझना है और प्रारम्भ के लिए यह एक प्रभावशाली साधन हो सकता है पर साध्य नहीं।

१, वही, पृष्ठ ३४२।
२. वही, पृष्ठ ३४३।
३. अरविन्द : योग समन्वय (उत्तरार्द्ध), भाग ३-४, पृ० ६३४।

अरविन्द कहते हैं कि गीता में भक्ति का दृष्टिकोण आत्मसमर्पण से है। भगवान् की भक्ति मन का समर्पण ही है। भक्ति ही मोक्ष प्राप्ति का परम साधन है। बिना भक्ति के मोक्ष प्राप्त नहीं होगा। परमेश्वर के अभ्यास रूप योग से युक्त अन्य तरफ न जाने वाला चित्त से निरन्तर ईश्वर में चिंतन करता हुआ पुरुष (भक्त) परम प्रकाश स्वरूप दिव्य अर्थात् ईश्वर को प्राप्त होता है। इसी बात की पुष्टि गीता के आठवें अध्याय के आठवें श्लोक से होती है और इसकी विस्तृत व्याख्या ग्यारहवें अध्याय के पचपनवें श्लोक से होता है :

"मत्कर्म कृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः।
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव॥"–गीता ११-५५।

अर्थात् जो पुरुष केवल मेरे ही लिए सब कुछ मेरा समझता हुआ यज्ञ, ज्ञान और तप आदि सम्पूर्ण कर्त्तव्य कर्मों को करने वाला है और मेरे परायण है, अर्थात् मेरे को परम आश्रय और परम गति मानकर, मेरी प्राप्ति के लिए तत्पर है तथा मेरा भक्त है अर्थात् मेरे नाम, गुण, प्रभाव और रहस्य को श्रवण, मनन, कीर्तन, ध्यान और पठन-पाठन का प्रेम सहित निष्काम भाव से निरन्तर मेरे को भजने वाला है, आसक्ति रहित है और सम्पूर्ण भूत प्राणियों में वैरभाव से रहित है, ऐसा वह अनन्य भक्ति वाला पुरुष मेरे को ही प्राप्त होता है। भक्त में सर्वत्र भगवद् बुद्धि हो जाने से उस पुरुष का अति अपराध करने वाले में भी वैरभाव नहीं होता है।

भक्ति एक मनोभाव है। भक्ति एक मानसिक वृत्ति है। जिस भाव को हम ईश्वर में लगाते हैं, वही भक्ति है। भक्ति का मूल है श्रद्धा। श्रद्धा और विकास एक मानसिक धारणा है। श्रद्धा के अभाव में भक्ति हो ही नहीं सकती; जब कि ज्ञानाभाव में भक्ति हो सकती है। यदि ईश्वर में श्रद्धा और विश्वास हो तो आप भक्त की श्रेणी में आ सकते है। कर्त्ता अहंकार को रखकर अपने लिए करता है, परन्तु अहंकार को त्यागना चाहिए। अहंकार को त्यागना कठिन है, इसलिए अहंकार को धीरे-धीरे त्यागना चाहिए। यहि अहंकार न छूटे तो मानसिक दृष्टि बदल देनी चाहिए अर्थात् आप जो भी करें, इस भावना से करें कि मैं एकमात्र ईश्वर का दास हूँ। यह कार्य ईश्वर का ही है, मेरा नहीं है। इस प्रकार की आन्तरिक वृत्ति होनी चाहिए।

"त्वदीयं वस्तु गोविन्दं तुभ्यमेव समर्पये।"

(अर्थात् हे भगवान् ! मैं आपकी वस्तु आपको ही समर्पण कर रहा हूँ।) भक्ति में श्रद्धा और विश्वास एक गुण है। इसके अभाव में आप भक्ति नहीं कर सकते, इसके अभाव में आप जीवित भी नहीं रह सकते। गीता में कहा गया है—जो भी है उसे ईश्वर के प्रति रखकर समर्पण कर दो, ईश्वर विश्व का जड़ (मूल) है। इसलिए ईश्वर को समर्पित करके पूरे विश्व को समर्पित कर दो। इसी तरह की बात अरविन्द भी कहते हैं—"भक्त या योगी अपने संकल्प, विचार और आचार को ज्ञानपूर्वक ईश्वर के संकल्प, विचार और आचार के साथ एक कर देता है, उसका चित्त अन्तःस्थित भगवान् के साथ सदा अपने अन्दर होने की भावना के साथ एक प्रकार की सतत् अनुभूति के द्वारा सुसंगत बना रहता है और वह सबके

अन्दर उन्हीं को देखता और उन्हीं की पूजा करता रहता है और समूचे मानव-कर्म को भागवत प्रकृति के परम अभिप्राय में परिणत कर देता है ।"[1]

गीता और अरविन्द दोनों आत्म-समर्पण पर बल देते हैं । श्रवण, मनन, कीर्तन स्मरण, अर्चन, वन्दना आदि को इन्कार भी नहीं करते और न स्वीकार ही करते हैं। हाँ, इतना जरूर कहते हैं कि ये सब भक्ति के साधन मात्र हैं साध्य तो आत्म-समर्पण ही है। विष्णुपुराण और शिवपुराण भी आत्म-समर्पण को ही अधिक महत्व देते हैं :

विष्णुपुराण—

"श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पाद सेवनम् ।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यं आत्म निवेदनम् ॥"

शिवपुराण—

"श्रवणं कीर्तनं चैव स्मरणं सेवनं तथा ।
दास्यं तथार्चनं देवि वन्दनं मम सर्वदा ॥"

अपने आराध्य की प्राप्ति के लिए सम्पूर्ण देहादि को उसको अर्पण कर देना और अपने निर्वाह के लिए शून्य समझना ही आत्म-समर्पण कहलाता है ।

अरविन्द भक्तों को चार कोटियों में बाँटते हैं :[2]

(१) प्राणगत भावमय प्रकृति की भक्ति ।
(२) व्यावहारिक गतिशील, कर्मप्रधान प्रकृति की भक्ति ।
(३) तर्क प्रधान बौद्धिक प्रकृति की भक्ति ।
(४) परम अन्तर्ज्ञानमय सत्ता की भक्ति ।

चौथे प्रकार की जो भक्ति है शेष सारी प्रकृति को भगवान् के साथ एकत्व में समेट लेती है । इस चौथे प्रकार की भक्ति को छोड़कर शेष तीन प्रकार की भक्ति प्रारम्भिक प्रयास मात्र हैं । ऐसा महात्मा अति दुर्लभ है जो यह जानता हो कि सर्वव्यापी वासुदेव ही सब कुछ हैं । अन्तर्ज्ञानमय सत्ता की भक्ति करने वाला ही असली भक्त होता है । इसी भक्त के अन्दर सभी गुण (भक्त के २४ गुण) विद्यमान रहते हैं ।

गीता में भी भक्त को ४ भागों में विभाजित किया गया है :

"चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन ।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ ॥ ७।१६ ॥
तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एक भक्तिर्वि शिष्यते ।
प्रियोहि ज्ञानीनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः ॥ ७।१७ ॥
बहुनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान्मां प्रपद्यते ।
वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ॥" ७।१९ ॥

---

१. अरविन्द : गीता प्रबन्ध, पृ० ३६५-६६ ।
२. वही, पृ० २४९, २५० ।

(हे भरत श्रेष्ठ अर्जुन ! अति दुःखपीड़ित), जिज्ञासु (तत्त्व जानने का इच्छुक) अर्थार्थी (योग प्राप्ति की इच्छा करने वाले) और ज्ञानी (तत्व) ये चार प्रकार के सदाचारी मेरी भक्ति करते हैं। इनमें नित्य समभाव रखने वाला योगी और एकनिष्ठ ज्ञानी भक्त विशेष श्रेष्ठ होता है। मैं ज्ञानी को अत्यन्त प्रिय हूँ और ज्ञानी मुझे अत्यन्त प्रिय हैं। यहाँ पर ज्ञानी का अर्थ ज्ञानी भक्त से लेना चाहिए। एक सब ही (उदार) श्रेष्ठ हैं। ज्ञानी तो मेरी आत्मा ही है, ऐसा मैं मानता हूँ, क्योंकि वह योगी मुझे श्रेष्ठ गति मान कर मेरा ही आश्रय लेता है। ज्ञानी मनुष्य 'वासुदेव ही सब कुछ है' ऐसी प्रतीति प्राप्त कर बहुत जन्मों के अनन्तर मुझ (ईश्वर) को प्राप्त होता है :

महाभारत में पूर्वोक्त चतुर्विध भक्तों का वर्णन इस प्रकार है :—

"चतुर्विधा ममजना भक्ता एवं हि मे श्रुतम्।
तेषा मेकान्तिनः श्रेष्ठा ये चैवानन्य देवताः॥
अहमेव गतिस्तेषां निराशीः कर्म कारिणाम्।
ये च शिष्टामयो भक्ताः फलकामा हि ते मताः॥
सर्वे च्यवन धर्मास्ते प्रतिबुद्धस्तु श्रेष्ठभाक्॥"

—महाभारत, शान्ति०, ३४१/३३-३५।

ये चार प्रकार के लोग ईश्वर भक्ति करते हैं; उनमें अन्य किसी देवता की भक्ति न करते हुए एक ही ईश्वर की उपासना करने वाले सबसे श्रेष्ठ हैं। फलेच्छा का त्याग करके कर्म करनेवाले भक्तों का अन्तिम प्राप्तव्य ईश्वर है। अन्य तीनों प्रकार के भक्त अर्थात् आर्त, जिज्ञासु तथा भोगार्थी फल की इच्छा से कार्य करते हैं। इसलिए सकामता से कार्य करने के कारण ये गिरते हैं, परन्तु ज्ञानी भक्त सबसे श्रेष्ठ होता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि अरविन्द और गीता, दोनों के अनुसार ज्ञानी भक्त सदा 'नित्ययुक्त' होता है। अर्थात् उसका योग साधना सतत् और निरन्तर चलता रहता है। उसके साधन में खण्ड कभी नहीं होता। वह अखण्ड योग साधना किया करता है। वह जो भी कर्म करता है, वह योग ही होता है; क्योंकि तत्त्वविद् होने से वह कोई भी अनुचित कर्म नहीं करता और उसके कर्म में कुशलता रहती है और समभाव रहता है अर्थात् योग के सब लक्षण उसके जीवन में पूर्ण रूप से रहते हैं। इसलिए वह जो कुछ करता है, वह योग (भक्ति) ही होता है। इसी कारण उसका समस्त आचरण अखण्ड योगानुष्ठान होता है।

श्री अरविन्द (लगभग १८७९)

SRI AUROBINDO : LIFE AND THOUGHT

K. L. Srivastava,
Lecturer in History, B. H. U.

"Thought builds the Universe. The mind alone is real. All that is seen is but a dream."[1]

Such was the saying of great yogi who enlightend the people, steeped in darkness and ignorane, by his gospels. Sri Aurobindo occupies a high place in the history of Indian Nationalism. He devoted his whole life for the sake of his motherland and the spiritual uplift of humanity. The ideals of Swami Dayananda[2] and Shri Ramkrishna Paramhansa[3] had a deep impact on Sri Aurobindo. He prepareda new plan for the attainment of India's freedom. He exhorted the human beings "to become ready for the manifestation on earth of the Light and Force of the Truth, the time for which has come".[4] Sri Aurobindo felt that India could not remain aloof and unaffected by the radical ideas which were them dominating the European minds. He observed, " ....although the centre of agitation is in progressive Europe, yet the East is being rapidly drawn into this Churning of the Thought and thus breaking up of old ideas and old institutions."[5]

Sri Aurobindo hails from a family whose members were imbued with patriotic feelings and nationalism. His maternal grandfather, Rajnarayan Basu, is known as 'The Grandfather of Indian Nationalism,' who incited the youngmen to rise against the British rule.[6] Sri Aurobindo belonged to Konnagar in Hooghly District West Bengal

1. Sri Aurobindo : 'Arise, Awake, Great India !', *Bhavani Journal*, Bombay, August 20, 1961, p. 17.
2. Sri Aurobindo called him 'a soldier of Light' who vowed to rebuild India on the eternal truths of the *Vedas*.
3. Sri Ramkrishna had the vision of God as Mother and saw her Light in man.
4. Sisir kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, New Delhi, 1972, p. 10.
5. Sri Aurobindo : *Ideal and Progress*, quoted in Sisir kumar Mitra, *Sri Aurobindo*, pp7-8.
6. He appealed to his countrymen : "Will you for ever lie in the slough of despondence ? Are you so dull-headed as to think, that our foreign conquerers are a set of philanthtopist. Who have come to our country to serve your interests only and not their own ?"

—Atul Gupta : ***Studies in the Bengal Renaissance, p. 210.***

which became very famous during the Swadeshi movement. His father, Dr. Krishna Dhan Ghosh and grandfather Koliprasad Ghosh were prominent personalities. His mother Smt. Swarnlata and grandmother Smt. Kailasbasini Devi were religious ladies. In 1876, a secret society known as 'Sanjibani Sabha' (Life-giving society) was established which attracted Rabindranath Tagore and the members of his family.[1] In 1861, Rajnarayan Basu published the 'Nationality Promotion Scheme' which was the basis of National fairs (Jatiya Mela). These fairs gave impetus to the 'Students Association' of Anand Mohan Bose, 'Indian League' of Shisir Kumar Ghose and Indian Association of Surendranath Banerjee which are regarded 'as precursors of the Indian National Congress (1885).'

Sri Aurobindo was born on 15th August 1872.[2] His father, who had been the Chief Medical Officer at Khulna from 1876 till the end of his life, wanted that his son be given a Christian name.[3] His father was interested in the writings of Bankim Chandra. Sri Aurobindo had his first schooling in Lorotta Convent School at Darjeeling, where the Europeans sent their children for education. In 1879, Sri Aurobindo went to England with his father and brothers, where arrangments were made for their education under the care of Rev. William H. Drewett. Sri Aurobindo and his brothers, Benoy Bhushan and Monomohan were admitted to a school at Manchester. Sri Aurobindo took interest in the study of shakespeare, shelley, Keats and the Bible. He began writing poems for '*Fox Family Magaziue.*' He had no interest in games.[4] Sri Aurobindo and his brothers were strictly forbidden by his father not to mingle with other Indian students in England.[5] On account of the pro-british attitude of Sri Aurobindo's father, the mother of Mr. Drewett proposed Sri Aurobindo's conversion to christianity which was

---

1. Every member had to sign the pledge of membership with his own blood drawn from the breast.—B. C. Pal : *Memoirs of My Life and Times*, vol. I, pp246-48.
2. He was born at the residence of his father's friend Man Mohan Ghose, Bar-at-law, the name of whose wife was also Swarnalata.
3. In England Sri Aurobindo was known as Aurabinda Ackroyd Ghose, The English name was assumed as Miss Ackroyd, a friend of Man Mohan Ghose, initiated the christening ceremony of Sri Aurobindo.
4. Once Sri Aurobindo played cricket and impressed the spectators. He was fond of having excursions in the country life in England. ---Sisir Kumar Mitra : Sri Aurobindo, p. 20.
5. Sisir kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 20.

not allowed by Mr. Dremett.[1] He soon made his mark in English literature when he was admitted to St. Paul's school, west kensington, London (1884).[2] Sri Aurobindo became a member of St. Paul's Literary society and took part in a debate on the subject 'The Inconsistency of Swift's Political Views.'[3] He also participated in a debate on milton.[4] At this time Sri Aurobindo had to face hardships on account of the short remittance of money by his father.[5] Sri Aurobindo studied English poetry, literature, fiction, French literature, History of medieval and modern Europe, Italian, German and spanish. He also read Dante, Goethe and Plato. He also composed English verses many of which were later published at Baroda (1895) in his book entitled *'Songs to Myrtilla and other Poems.'*[6] Sri Aurobindo wrote on the beauty of nature : "God burns in the star, God blossoms in the rose, the cloud is the rushing dust of his chariot, the sea is the spuming mirror of his moods. His breath whisteles in the wind, his passions reddens in the sunset, his angiush drops in the rain."[7] He studied classical poetry and composed verses in Greek and Latin.[8]

Sri Aurobindo became the secretary of the 'Indian Majlis' at cambridge and delivered many fiery speeches there.[9] This alarmed the British authorities and he was subsequently disqualified for the Indian

---

1 Ibid.

2. The Head-Master, Dr. Walker took great interest in Sri Aurobindo and personally taught him Greek.

3. Minutes of November 5, 1889.

4. Minutes of November 19, 1889.

5. Sri Aurobindo once said, "During the whole year a slice or two of sandwich, bread and butter and a cup of tea in the morning and in the evening, a penny worth of savely, formed the only food."

—Sisir Kumar Mitra observes, "what a trial for these young souls in a foreign land !" (*Sri Aurobindo*, p. 21.)

6. These poems relate to romantic idealism, Goethe and Bankimchandra.

7. Quoted in Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 22.

8. His elder brother Monomohan asked him to study classical poetry. In India Monomohan joined the Indian Education Service and served at Patna college, Dacca college and Calcutta Presidency college as Professor of English.

Sri Aurobindo wrote a poem on the Irish leader Parnell which indicates his interest in the political affairs. (Ibid.)

9. The 'Indian Majlis' played a vital role in the social life of the Indian scholars living in England. —R. C. Majumdar, *History of the Freedom Movement in India*, Calcutta. 1963, Vol. I, p. 461.

civil service.[1] Regarding Sri Aurobindo's joining the Indian civil service, his father wrote to a relative, "Ara (Sri Aurobindo) I hope will glorify his country by his brilliant administration."[2] Sri Aurobindo had no intrest in the Indian civil service. He appeared in the test at the instance of his father. He remarked "......I had no interest in the administrative life. My interest was in poetry and literature and the study of languages and patriotic action."[3] In England, Sri Aurobindo was kept regularly informed about the atrocities, perpetrated by the British on Indians, by his father, who regularly despatched 'The Bengalee' newspaper. In England Sri Aurobindo was not given proper facilities for his studies as is evident from the remark of Oscar-Browning of kings College, Cambridge : "How rude we are to scholars ! We get great minds to come down here and then shut them up in that box. I suppose it is to keep their pride down."[4] At cambridge he studies Bengli and Sanskrit.[5] He learnt the English literature and poetry from several learned scholars at Cambridge---Robert Petland, Felix Xavier de souza, K. G. Deshpande, Sri Hari Singh Gaur, Norman Ferris.[6]

In 1892, Sri Aurobindo and his brothers became members of a secret society at London, called 'The Lotus and Dagger.'[7] Deshbandhu C. R. Das met Sri Aurobindo at London and helped him in his revolutionary work. They also discussed the political programme there. After reading the works of Max Muller, a desire to study *Vedanta* and practise 'Yoga' was kindled in him. In 1893, Sri Aurobindo left England after a study of 14 years for taking up his assignment in the Baroda State.[8]

---

1. Sri Aurobindo secured very good marks in the selection test but he. was deliberately disqualified in the riding test.
2. *The Orient*, Calcutta, dated 27. 2. 1949.
3. Nirodbaran, *Talks with Sri Aurobindo*, pp. 58-59.
4. When Oscar-Browing visited the room of Sri Aurobindo, he was very much annoyed at the lodging arrangements and angrily remarked "That wretched hole !" ---Quoted in A.B. Purani, *The Life of Sri Aurobindo*, p. 23.
5. Mr. Towers known as Pandit Towers taught him Bengali at Cambridge. Sri Aurobindo learnt sanskrit by himself.
6. Afterwards Sri Aurobindo wrote an exhaustive dissertation on the subject.—see Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 26.
7. Its membes vowed to work for the Indian freedom movement.
8. In 1892 Sri Sayajirao Gaekwad, who was in search for an I. C. S seleated Sri Auorbindo for his state.

The year 1893 was remarkable year in Indian history[1] in the sense that Swami Vivekananda had gone to the west to deliver the message from the East and Sri Aurobindo had come to India 'to liberate the world.'[2] On landing at Apolloo Bunder (January 1893), Sri Aurobindo remarked, ".........since I set foot on the Apollo Bunder in Bombay, I began to have spiritual experience............A thing, I never knew about, never bargained for "didn't understand either."[3] Sisir Kumar Mitra remarks, "Even his political work had a pretty long period of silent inner preparation before hand..........In fact, his spritual work began with his work for India's freedom."[4] Both Sri Aurobindo and Rabindranath Tagore believed that spiritual freedom leads to social and political freedom.[5]

At Baroda Sri Aurobindo worked in various departments and afterwards he took up his assignment in the Baroda College first as Lecturer in French and then as professor of English and the Vice Principal. Once Tait, the principal of the College, who was an Englishman, remarked to C. R. Reddy, "Did you notice his eyes ? There is a mystic fire and light in them. They penetrate into the beyond. If Joan of Arch heard heavenly voices, Aurobindo probably sees heavenly visions."[6] People at Baroda held him in high esteem. "There was a magnetism in his personality and an unpalpable aura of a lofty ideal and a mighty purpose about him,.........."[7]

In a series of his articles entitled 'New Lamps for old' in the *Indu Prakash* (a Bombay weekly) between the August 1893 and March 1894, Sri Aurobindo bitterly criticised the policies of the

---

1. In 1893 Annie Besant came to India to work for India's liberation. Gandhiji went to South Africa to plead the cause of Indians living there. Tilak started the Ganpati Festival which aroused national consciousness among the people.
2. Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 21.
3. Ibid. p. 28; see also Nirodbaran, *Correspondence with Sri Anrobindo.* An unfortunat event occurred at this time when his father died of shock on receiving the wrong news of the wreak of a steamer in which Sri Aurobindo was supposed to be travelling.
4. Sisir Kumar Mitra, *The Liberator–Sri Aurobindo, India and the world,* Jaico Pub. House, 1954, p, 3.
5. Rabindranath Tagore, *The Religion of Man*, London, 1931, p. 188.
6. For details see K, R. Srinivas Iyengar : *Sri Aurobindo.*
7. Rishabhchand : *Sri Aurobindo : Life and work*; Sisir Kumar Mitra, *Sri Aurobindo*, p. 30.

Indian National Congress. On August 28, 1893, Sri Aurobindo wrote, "In an era when democracy and similar big words slide so glibly from our tongues, body like the congress, which represents not the masses of the population, but a single and a very limited class could not honesty be called National......"[1] He again remarked, "I say, of the congress, then, this–that its aims are mistaken...............we are at present the blind led, if not by the blind, at any rate by the one-eyed."[2] His disappintment in the programme of the Indian National Congress is revealed from his remarks, "How shall we find words vivid enough to describe the fervour of those morning hopes, the April splendour of the wounderful enthusiasm ? The congress was to us all...... a proud banner in the battle of Liberty, a holy temple of concord where the races met and mingled."[3] Sri Aurobindo sarcastically named the congress as 'Indian Un-National Congress."[4]

Shri Aurobindo paid tribute to Bankim Chandre Chatterjee, the creator and king of Bengali Prose.'[5] He continued his literary work side by side his polittical activities in the Nationlist movement.[6] The field of his study was vast. He translated the Sanskrit passage, which he studied, into English. His translations of the *Upanishads*, the Ramayana and the *Mahabharat* were memorable works in the field of literature.[7] Sri

1. Quoted in Haridas Mukherjee and Uma Mukherjee, *Sri Aurobindo's Political Thought*, pp, 75–76.
2. Ibid.
3. *Indu Prakash*, dated August 7, 1893.
4. Sri Aurobindo, *Bankim Chandra Chatterjee*, Pondicherry 1954,
5. He was very much influenced by the religion of patriotism which was the main theme in the writings of Bankim Chandra.
   see Sri Aurobido : *Riski Bankim Chandra*, Chandernagore, 1923.p. 13.
6. Sri Aurobindo produced two English versions of the *Bandemataram*, one in verse and the other in Prose. At Baroda he revised his knowledge in Bengali and Sanskrit and learnt Gujarati and Marathi. He also translated into English the works of mystic poets of medieval Bengal—Chandidas and Vidyapati, 'the twin creators of Bengali Poetry.'
7. Ramesh Chandra Dutta wrote to Sri Aurobindo, "I am sorry to have wasted so much of my labours over this work. Had I seen your translations before I would never have published mine. It now appears that my translations have been a child's play beside yours."—noted in Divendra Kumar Roy, *Arabinda Prasanga* (Bangali); Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 40.



श्री अरविन्द (लगभग १८९०-९२) किंग्स कालेज कैम्ब्रिज में अध्ययन करते हुए। क्लासिकल ट्रीपोज I (प्रथम श्रेणी) और आई० सी० एस० परीक्षा उत्तीर्ण किया।

Aurobindo had his own views about the functions of a translator. He said, "A translator is not necessarily bound to the original he chooses; he can make his own poems out of it, if he likes, and that is what is generally done."[1] Sri Aurobindo also translated Bhartrihari's *Nitishatak* as *'The Century of Life'*, Kalidasa's *Vikramorvasie* as *'The Hero and the Nymph'* and other works of Kalidasas' *Kumarsambhava* (*The Birth of the war-God*) and *Meghduta* (*The Cloud Messenger*). He regards Kalidasa as 'the mirror of an important and necessary phase in Indian history.'[2] 'To him Kalidas was the great representative poet of the age, a poet of love and beauty and the joy of life.'[3] His programme for a detailed study of Kalidas had to be abandoned on account of pressure of political work. In the first chapter, entitled. The Age of Kalidas' Sri Aurobindo wrote, "Valmiki, Vyasa and Kalidasa are the essence of the history of ancient India.........Each of these master poets was the embodiment of national consciousness."[4] At Baroda Sri Aurobindo mostly studied poetry. He composed the poems *'Urvasi'* and *'Love and Death.'*[5] 'Love conquering Death' is the central idea of his monumental work *Savitri*.[6] Sisir Kumar Mitra remarks : "Through poetry he gave expressions to his visions and of experiences and through politics he did what he felt he should for the freedom and greatness of his motherland."[7] His important books are, *The Essays on the Gita, The Ideal of Human Unity, A synthesis of Yoga, Future Poetry, The Psychology of Social Development and The Life Divine.*

In 1816 Sri Aurobindo became the President of Secret Society at Poona, the scope of which was widencd with the amalgamation of other youth wings, functioning under the supervision of Sri Aurobindo[8] and the 'Hindu Dharma Sangha', established by Chapekar brothers.[9] In his revolutionary movement, Sister Nivedita. the Irish disciple of Swami

---

1. Dilip Kumar Roy : *Among the Great*, Jaico Pub. House 1950, p. 243.
2. Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 41.
3. Ibid., p. 40.
4. Ibid., p. 41.
5. K. D. Sethna : *Sri Aurobindo, The Poet.*, p. 73t
6. *Savitri* is twice as long as Milton's *Paradise Lost.*
7. *Sri Aurobindo*, p. 43.
8. Sri Aurobindo became the President of the central organisation of this society for the whole of Gujarat.
9. One of the chapekar brothers was sentenced to death in 1897 for murdering British officers–Mr. Rand, the collector of Poona and Lt. Averst another officer to avenge the atrocities perpetrated by them on the Indians.

Vivekananda, gave her moral support.[1] Sri Aurobindo remarked, "When ever she (Sister Nivedita) used to speak on revolution, it was her very soul, her true personality that came out.........."[2] In 1903 Sri Aurobindo's brother, Barindra, joined the revolutionary work.[3] As later on some differences arose among the members of the party.[4] Sri Aurobindo formed a council of 5 members to resolve the deadlock in the work. Though this arrangement continued for some time but the could not be carried on for long due to the personal differences of the members.[5]

The political philosophy of Sri Aurobindo is revealed in his two letters which he wrote to wife:[6] "I look upon my country as the Mother I worship her and adore her as the Mother. What would a son do when a demon sitting on the breast of his mother is drinking her blood ? would he sit down content to take his meals and go on enjoying himself in the company of his wife and children or would he rather, run to the rescue of his mother ?"[7] In another letter he wrote, "......I am no longer my own master; I will have to go like a puppet wherever the Divine takes me; I shall have to carry out like a puppet whatever He makes me do......"[8]

---

1. Sri Aurobindo was also encouraged by Jagdish Chandra Bose in his revolutionary work.
2. To a question on the indebtedness of the Indian Nation to Sister Nivedita, Sri Aurobindo replied "Indebted ? There can be no measure of our indebtedness to Nivedita."
   —Sisir Kumar Mitra : Sri Aurobindo, pp. 47-48.
3. A society called 'Anushilan Samiti', which was the parent organisation of the revolutionary movement was established in Bengal under the guidance of P. Mitra in 1901. A similar organisation was planned by Sri Aurobindo who was then in Baroda. —R. C. Majumdar, History of the Freedom Movement in India, Calcutta, 1963, vol, I p. 460.
4. There were differecces between Barindra and Jatindra, a fiery youngman, who was determined to nullify the British policy of debarring the Bengali form joining the army.
5. Jatindra left the party and became a sanyasi (Niralamba Swami).
6. In April, 1901, Sri Aurobindo married Mrinalini, daughter of Bhupal Chandra Bose.
7. Letter dated 30th August, 1905, in Bengali. An extract of this letter was published in Upendra Chandra Bhattachary, *Bharat-Purusha Sri Arabinda* (Bengali), p. 46.
8. Letter dated Feb 17, 1905, in Bengali.
   While searching Sri Aurobindo's house in Calcutta (1908), The police seized these letters. These papers were delivered to the Ashram, by the Government of West Bengal in 1952.
   –See Sisir Kumar Mitra, *The Liberator–Sri Aurobindo, India and the World*, p. 60, f. n.

Sri Aurobindo's ideals of the uplift of humanity may be gathered from some of his writings. "It is not human nature to rest eternally contented with a state of subordination or serfdom.........Tyrants have tried but have they ever succeeded in repressing the natural love of freedom in man ? Repressed it has grown in strength; crushed under the heel of the tyrant, it has assumed a myriad forms and in successive incarnations...... to overthrow its oppressor for good; this is the teaching of History, this is the message of humanity.........tyrannies have eyes but they see not, have ears but they hear not and the universal teaching of history and the eternal message of humanity of both lost on them."[1]

Sri Aurobindo set forth an Ideal to guide the activities of the 'Ashrama'[2] which was established at the instance of his brother Barindra, for the youth of the country outside Bengal, such as, Bihar, Orisa and even province in the South like Madras. He gave a call to construct a temple in a calm and quite place in the hills which was to be dedicated to 'Bhawani', the Mother.[3] Thus began the 'Bhawani Mandir' movement,[4] Which attracted people from far off places.[5] Barindra gave a call to his countrymen, "hundreds of thousands of them who are ready to wipe out with their blood the stain of agelong subjection."[6]

Sri Aurobindo had already begun practising 'Yoga' and taking keen interest in spiritualism. Under the guidance of a disciple of Swami Brahmanand, he performed 'pranayama' and other yogic exercises for the first time in 1904. Sri Aurobindo felt that by these yogic exercises his mind had become very receptive and sharp and

---

1. Quoted in M.A. Buch, *Rise and Growth of Indian Militant Nationalism*, pp. 83–85.
2. To preach the gospel of revolution, the first book entitled, *Bhawani Mandir* was published in 1905. (R. C. Majumdar, *History of the Freedom in India*, Calcutta, 1903, Vol. II, p. 69.
3. 'Bhawani Mandir Om Namas Chandikayai' This temple was to be the center of a new order of political devotees, who were to be 'Brahmacharis.' (Ibid.)
4. In his forward to G. H. Langley's book entitled, *Sri Aurobindo, poet, Philosopher and Mystic*, Lord Ronaldshay remarks that 'Bhawani Mandir' movement "seemed indeed to have been the mainstream behind Sri Aurobindo's activities in support of the revolutionary movement."
5. Both Charu Chandra Dutt and G. D. Madgaokar who belonged to the Indian civil service supported the 'Bhawani Mandir' movement.
6. *The Heart of Aryavarta*, p. 92.

'worked with great illumination and power'[1] Sri Aurobindo said about 'yoga', "The power to distinguish between the truths of the Divine and the lies of the 'Asura' is a cardinal necessity for 'yoga'.[2] He wrote on another occasion, "The Super-conscient, not the sub--conscient is the foundation of things. The significance of the lotus is not to be found by analysing the secrets of the mud from which it grows here, its secret is to be found in the heavenly archetype of the lotus that blossoms for ever in the Light above."[3] Sri Aurobindo remarked, "Trust the Divine Power and she will free the god-like elements in you and shape all into an expression of Divine Nature."[4] Regarding the importance of yoga, Sri Aurobindo said, "We believe that it is to make *Yoga* the ideal of human life that India rises today, by *Yoga* she will get the strength to realise her freedom, unity and greatness......"[5] On Sri Aurobindo's Yogic exercises, Upendranath Banerji observes, he would "get lost in his spiritual meditations. Even the hell of the noise.........did never disturb or affect him. In the afternoons he would pace up and down the room and read the *Upanishads* or such holy things."[6]

The partition of Bengal by Lord Curzon (1950) gave a new fillip to the revolutionary movement. Sri Aurobindo wrote from Baroda to the members of his revolutionary party in Calcutta, "Here is our great opportunity. Push tho anti-partition agitation with utmost force. Lots of workers will emerge from it."[7] With the publication of *Yugantar* (March 1906), The revolutionary movement of Sri Aurobindo took a new dimension.[8] He wrote fiery articles in the *Yugantar*, whose office

---

1. Sri Aurobindo remarked : Usually I wrote 5 to 8 or 10 lines per day. about 200 lines in a month. After the "Pranayama", I could write 200 lines within half an hour.........Along with the enhanced mental activity, I could see an electric energy all round the brain." -Quoted in Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 27.
2. Dilip Kumar Roy : *Among The Great*, p. 250.
3. Ibid, p. 296.
4. Sri Aurobindo : *The Molher*, p. 63.
5. Sri Aurobindo : *The Ideal of the Karmyogin*, p. 5.
6. *Memoirs of a Revolutionary*, p. 73.
7. For details see H. W. Nevinson, *The New Spirit of India*, London, p. 227 ††.
8. The circulation strenght of *Yugantar* rose to 7000 in 1907 and the strength further rose higher in 1908 when it was muzzted under the then Newspaper Act.—see *Sedition* (*Rowlatt*) *Committee's Report* pp. 22-23.

   'Its cerculation reached as much as 50,000 attained by no other Indian newspaper at that time. (see I.M. Reisner and N.M. Gold Berg, ***Tilak and struggle for Indian Freedom,*** New Delhi, 1966, p. 273.)

लगभग १९०१ में बड़ौदा में श्री अरविन्द अपनी पत्नी श्रीमती मृणालिनी देवी के साथ।

became a centre of revolutionary work. 'This may be said to be the nucleus of the Manik Tola Garden centre started by Barindra under Sri Aurobindo's direction.'[1] In August, 1906 he resigned from Baroda service and joined Bengal National College.[2] On August 2, 1907, he left his assignment at the National College to devote his whole time in the cause of India's liberation. Bipin Chandra Pal started the publication of an English daily newspaper, '*Bandemataram*' and Sri Aurobindo became its editor. Sri Aurobindo remarked, "The Bandemataram was almost unique in journalistic history in the influence it exercised in converting the mind of a people and preparing it for revolution." Ronaldshay observes that the writings of[3] Sri Aurobindo were "a heartening call to his countrymen to save the Motherland."[4] He wrote a series of articles in the *Bandemataram* (between April 9 and 23, 1907) on 'Passive Resistance.'[5] Dr. R. C. Majumdar remarks, "These contain a masterly exposition of the doctrine of Passive Resistance which later in the hands of Gandhiji played an important role in India's struggle for freedom."[6] In his well known article 'An open Letter to My Countrymen' published in the *Karmayogin* (31st July,1909), Sri Aurobindo explained his doctrine of Passive Resistance which is regarded as his 'Political will'[7] Sri Aurobindo wrote, "Just as 'No representation, no taxation' was the watch word of American constitutional agitation in the 18th Century, So 'No control, no cooperation' Should be the watchword of our lawful agitation for constitution we have none--in the twentieth."[8]

---

1. Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 63.
2. Sisir Kumar Mitra : *The Liberator*, p. 75.

   Sri Aurobindo was drawing Rs. 800/–per month in Baroda where as he joined the Bengal National College at Rs. 150/–per month.

   The Bengal National College was the nucleus of the present Jadavpur University.
3. Quoted in Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 70.
4. Ronaldshay : The Heart of Aryavarta, p. 90.

   Sri Aurobindo became the leader of the youth, *Times of India*, December 21, 1907, p. 8.
5. These articles have been published in the form of a booklet entitled '*The Doctrine of Passive Resistance,*' Arya Pub. House, 1948. For detailed programme of Sri Aurobindo's Passive Resistance see Harbilas Sarda, *Swami Krishna Verma*, Ajmer, 1954–5.
6. *Histoty of the Freedom Movement in India*, Vol II, p. 176.
7. Ibid, p. 178.
8. Quoted in Ibid. pp. 178-79.

Sri Aurobindo was imprisoned (August16, 1907) for his 'seditions' writings in the Bandemataram taken from the *Yugantar* and acquitted.[1] He has been described by Rabindranath Tagore as a voice incarnate, free, of India's soul in his poem 'Salutation to Aravinda Ghose's.[2] Sri Aurobindo was again arrested and sentenced in the Alipur Conspiracy Case He utilised the period of his confinement (April 1908 to May 1909) in the study of the *Upanishads* and the *Gita* and the practice of the *Yoga*. After his release, Sri Aurobindo started a weekly paper '*Karmyogin*' in English (June 19, 1909) to propagate his views on Nationalism.[3] He spoke at the conference at Jhalakathi Barisal (June 1909) : "It is God, who rides abroad on the wings of hurricane.........Repression is nothing but the hammer of God............ without suffering there can be no growth.........God is the leader..... ... It is because God has chosen to manifest Himself and has entered into the hearts of His people that we are rising ogain as a Nation.........."[4] Sri Aurobindo, started a new weekly paper in Bengali called *Dharma*, whose editorials were prefaced by the verse of the Gita.[5]

Dr. R. C. Majumdar observes, "Aurobindo Ghosh put the new nationalism on the high pedestal of philosophy and religion."[6] We get a glimpse of Sri Aurobindo's ideas on nationalism from his writings and speeches : "India can best develop herself and serve humanity by being herself and following the law of her own nature."[7] "Nationalism is not a mere political programme. Nationalism is a religion that has

---

1. The English judges failed to establish the authorship of the articles published in the *Bandemataram.*-see *Times of India*, November 28, 1907, p. 6.
2. See Sachin Sen, *The Political Thought of Tagore*, Calcutta, 1947, p. 360. Rabindranath Tagore went to meet Sri Aurobindo after his aquittal and sarcastically commented in Bengali, 'what ! You have decieved us ! (by not going to Jail); Sri Aurobindo replied in English, 'Not for long will you have to wait'.
   —Quoted in Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 74.
3. Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 110.
4. Quoted in R. C. Majumdar : *History of the Freedom Movement in India*, vol. II, p. 187.
5. "Whenever there is the fading of the 'Dharma' and uprising of unrighteousness then I loose myself forth into birth (the Gita)."
6. R. C. Majumdar : *Three Phases of India's Struggle for Freedom*, Bhartiya Vidya Bhavan, 1961, p. 32.
7. Sri Aurobindo, 'India's Destiny', *Bhavan's Journal*, Bombay, February 13, 1955, p. 21.

come from God. Nationalism is a creed in which you shall have to live." "There are some who fear to use the word[1] freedom, but I always used the word because it has been the *Mantra* of my life to aspire towards the freedom of my Nation.[2] "Nationalism is the *dharma* of the age, and God reveals himself to us in our Common Mother."[3] "Nationalism is simply the passionate aspiration for the realisation of the Divine Unity in the nation.........."[4] ".........Ramdas must be born in one body with Shivaji; Mazzini mingle with Cavour. The divorce of intellect and spirit, strength and purity, may help a European Revolution but by a European strength, we shall not conquer.[5] "......Awake, awake Great India' is an ejaculatson which said within the mind quietly by hundreds of thousands of persons at a given hour, would produce immeasurable force.........."[6]

Sri Aurobindo was again arrested in February, 1910 and acquitted. In his confinement he recieved a Divine message to go to Chandernagore, a French colony which he immediately complied with after his release.[7] His departure from Calcutta did not mean that he retired from politics.[8] "It seems he changed the front. Instead of from the outer he would now carry on his work from the inner Yogic front."[9] In March, 1910 Sri Aurobindo recieved a Divine Command to go Pondicherry where he reached on April 4, 1910. At Pondicherry he tested his achievements

---

1. From a Lecture delivered at the Bombay National Institution (January 19, 1908). The original quoted in *Bharat-Purush Sri Arabinda* (Bengali), pp. 95-98. The English versian quoted in R. C. Majumdar, *History of the Freedom Movement in India*, vol. I, p. 436.
2. *The Modern Review, VI*, p. 187; Sri Aurobindo, *Speeches* p. 106.
3. Sri Aurobindo : *The Ideal of the Karmayogin*, p. 56.
4. *Bandemataram*, september, 22, 1907.
5. *The Ideal of the Karmayogin*, pp. 17-18.
6. Sri Aurobindo, 'Arise Awake Great India !' *Bhavan's Journal*, Bombay, August 20, 1961, pp. 17-18.
7. Before going to Chandernagore Sri Aurobindo entrusted the task of publishing *Karmyogin* to Sister Nivedita.
8. For the opposite view see Nikhilananda : *Sri Aurobindo's Philosophy East and West*, 1951, pp. 90-91; D. S. Sarma : *The Renaissance of Hinduism*, B. H. U., 1944, p. 686,
9. Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 120. Sri Aurobindo wrote in a letter in 1932 that at chandernagore "I remained in secret, entirely engaged in *Sadhna*" (Ibid.)

in the Yogic field.[1] In 1912, the diplomatic efforts of the British government to get Sri Aurobindo extradited from the French colony, failed.[2] During the World War I, the British government made a move again to bring Sri Aurobindo to Bengal by persuasion and diplomatic pressure but in vain.

Iu 1971 Sri Aurobindo was approached by Tilak to lead the nationalist movement which he declined. He also refused to accept the offer of Presidentship of the Nagpur Session of the Cogress (1920) which was sent through a nationalist worker B.S. Munje. In 1922, Deshbandhu C.R. Das met Sri Aurobindo and discussed with him the scheme of Asian Federation and the Hindu-Muslem problems. Sri Aurobindo opposed the plan of separate electorates for the Muslims.[3] But he supported the Swaraj Party. On the death of Deshbandhu C. R. Das (1925), Sri Aurobindo said, "Chittaranjan's death is a supreme loss.........he was the one after Tilak who could have led India to Swaraj".[4] Sri Aurobindo called Tilak 'One of the mightiest prophets of Indian Nationalism'. In 1925, Lala Lajpat Rai and Purushottam Das Tandon came to seek Sri Aurobindo's guidance on certain political matters. In 1926, Sri Aurobindo again engaged himself in meditation and stopped meeting people.[5]

In 1947, Sri Aurobindo came out from his seclusion and talked to Maurice Schumann,[6] regarding the setting up of an institute for the

---

1. In 1915 Sri Aurobindo swallowed enough of opium withuot any harm to his body. There he was bitten by a scorpion but he changed the pain to pleasure by his yoga.
2. Subramania Bharati (the Patriot poet) who was with Sri Aurobindo was worried. But Sri Aurobindo remained calm and unruffled and said, "I am not going to" budge an inch from Pondicherry.—Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 129.
3. Sri Aurobindo also opposed the plan of C.R. Das in assigning affices to the Muslims on the basis of percentage.
4. Sisir Kumar Mitra : *Shri Aurobindo*, p. 147. The Year 1926 saw the victory, of his *Sadhna.* On 24th Non 1926, he had a decisive realisation.
5. Sri Aurobindo made an exception in the case of Rabindranath Tagore who came to see him (May 28. 1928) He said to Sri Aurobindo, "You have the word and we are waiting to accept it from you. India will speak through your voice, Hearken unto me."—*The Modern Review*, July, 1928.
6. He was sent by the French Governmet.

research and study of Indian and European culture. Dr. K.M. Munshi, who was an old student of Sri Aurobindo at the Baroda Collge, met him. Dr. Munshi observed "He spoke in a low clear voice, which stirred the depth of my being."[1]

The Ashram in Pondicherry became full of life. Dr. D. S. Sarma observes, "There grew up around him (Sri Aurobindo) an extensive Ashram of 700 men and women of all nationalities.[2] The Mother opened a school (Dec 2, 1943) in deference to the wishes of Sri Aurobindo to open an Education Centre. In 1951, Sri Aurobindo Memorial Convention was held in Pandicherry which decided to open a University centre there. Accordingly the Mother started 'Sri Aurobindo International University centre' (January, 6, 1952) but after some time the Mother renamed the centre as 'Sri Aurobindo International centre of Education' by deleting the word 'University.'[3]

During the period of 25 years (1926-50) Sri Aurobindo openly participated in the public affairs on two occasions. The first time when he supported the Allies in the World War II. He characterised the war "not a fight between nations and governments but between two forces, the Divine and the 'Asuric'."[4] He even asked the people to contribute to the War Fund. It was his contention that Hitler was going to capture the world including India. Sri Aurobindo explained his stand in favour of the Allies : "Even if I knew that the Allies would misuse their victory or bungle the peace.........I would still put my force behind them. At any rate, things could not be one-hundredth part as bad as they would be under Hitler."[5] Sri Aurobindo even had a premonition about Hitler's defeat and gave two dates—15th Augut, 1940 and 15th September 1940 for German defeat in the war.[6] The second occasion was when Sri Aurobindo supported Crippis's proposals 'as or step towards independece.' He sent his disciple S. Duraiswamy Iyer,

---

1. Bhavan's Journal, December 26, 1971, *Amrit Bazar Patrika*, dated 14, 6, 53.
2. *Hinduism Through the Ages*, Bharatiya Vidyabhawan, 1956, p. 213.
3. At present the centre provides for the education from kindergarten to the Post-graduate standerd, the subjects taught are Humanities, Languages, Drawing, Science, Engineering, Technology, Physical Education, Art, Music, Dancing etc.
4. Sri Aurobindo: *Views on National Problems*, Calcutta, 1954, p. 69.
5. *Mother India*, August 15, 1950. For details regarding his views on International Affairs see D. K. Roy : *Among the Great*, pp. 314-15.
6. Sisir Kumar Mitra : *Sri Aurobindo*, p. 168.

Advocate, Madras High court, to influence the Congress Working Committee in New Delhi to accept the proposals of Cripps in view of the threatened posture of Japanese towards India.[1] Sri Aurobindo also wrote to C. Rajagopalachari and B. S. Munje for the acceptance of these proposals by the Congress. But the Congress rejected them.

Sri Aurobindo wrote about the use of spiritual force in international politics : "In Spain-in Madrid I was splendidly successful............In Ireland and Turkey the success was tremendous. In Ireland I have done exactly what I wanted to do in Bengal."[2] Sri Aurobindo said "The experience of humanity would have remained incomplete without the experiment in Russia." On another occasion he remarked, "Russia[3] is different—unlike others it has lingered in medieval regionalism and not passed through any period of revolt—so when the revolt came it was naturally anti-religious and atheistic."[4]

Sri Aurobindo laid great emphasis on religion : "A spiritual religion of humanity is the hope of the future."[5] According to him "all religions have saved a number of souls but none has yet been able to spiritualise mankind. For that, there is needed not cult and creed, but a sustained and all-comprehending effort at spiritual self-evolution.[6] He did not believe in the cardinal principles of Christianity and Buddhism. Sri Aurobindo wrote, "Christian and Buddhistic doctrine of turning the other cheek to the smiter is as dangerous as it is impracticable.........The disinterested and desireless pursuit of duty is a gospel worthy of the strongest manhood; that of the cheek turned to the smiter is a gospel for cowards and weaklings. Babes and sucklings may practise it because they must, but with others is a hypocrisy."[7]

On the functions of the state, Sri Aurobindo wrote, "It was not the business of the state authority to interfere with or encroach up on the free functioning of the caste, religious community guild, village, township

1. Ibid, p. 171.
2. Nirodbaran : *Talks with Sri Aurobindo*, First series.
3. Sri Aurobindo : *On yoga*, vol. II, pp. 200-201.
4. Ibid.
5. Sri Aurobindo : 'Hope of Humaniy', *Bhavan's Journal*, February 21, 1960, p. 13.
6. *Thoughts and Glimpses*, p. 40, quoted in D. S. Sarma : *Hinduism Through The Ages*, p. 220.
7. Sri Aurobindo, 'Vyasa and Valmiki', *Bhavan's Journal*, March 10, 1957, p. 38.

or the organic custom of the region.........."[1] He also pointed out certain drawbacks in our village organisation and in the state in ancient India. "The village community had no living connection with the supreme authority and, losing the larger national sense was willing to accept any indigenous or foreign rule that accepted its own self-sufficient narrow life."[2] According to Sri Aurobindo the state in ancient India was a mere mechanical structure like the states in the world today.[3] D. Mackenzie Brown observes, "He (Sri Aurobindo) deplores the artificial unity of a centralized state based upon military coercion."[4] Sri Aurobindo gave his view on problems like the liniguistic provinces under the Indian Constitution.[5] He was a strong supporter of a world government—"a federation of free nationalities in which all subjection of forced inequality and subordination of one and other would have disappeared...... .."[6] Sri Aurobindo was opposed to the system of modern capitalism and the tendencies of concentration and centralisation. He believed in the socialistic ideal of Society.[7] Denouncing Communism, Sri Aurobindo remarked, "........the actual danger presents itself rather as a clash between two opposing idealogies, onea led by Russia and Red China and the other side a combination of peoples, partly moderate socialist who still cling with some attachment the idea of liberty........."[8]

Sri Aurobindo was critical of the educational system of the country which he described as "the most ingeniously complete machine for murder.........and murder not only of man's body but of a man's soul.........."[9] Sri Aurobindo said, "The mere inclusion of the matter of Indian thought and culture in the field of knowledge does not make a system of education Indian........."[10] "An education, that confines itself

1. Sri Aurobindo : *Views on National Problems*, calcutta, 1954 second series, p. 29
2. Sri Aurobindo : *The Spirit and Form of Indian Polity*, Calcutta, 1947, pp. 62-69.
3. However Sisir Kumar Mitra does not subscribe to this view.—*The Vision of India*, Jaico Pub. House, 1949, p. 131.
4. *The White Umbrella*, Jaico Pub. House, 1993, p. 124.
5. *The Hindu*, Madras, December 12, 1948.
6. Sri Aurobindo : *The Ideal of Human Unity*, Pondicherry, 1956.
7. *Indu Prakash*, November 13, 1893.
8. Sri Aurobindo : *Views on National Problems*, p. 68.
9. Sri Aurobindo : *Bankim Chandra Chatterji*, Pondicherry, 195. p. 26.
10. Sri Aurobindo : *The Brain of India*, Pondicherry, 1955, p. 8,

only to imparting knowledge, is no education."[1] "The school gives the materials, it is for the students to use them—this is the formula. But the error here is fundamental. Information cannot be the foundation of intelligence."[2] He emphasised that the "faculties of memory, judgment imagination, perception, reasoning." should be "trained to bring fresh materials."[3] Sri Aurobindo felt that "our students are too heavily burdened with many subjects" but he also realised "that the range of studies is pitifully narrow and the books read miserably few."[4] He explained the reason of "These two Contradictory truths." "We neglect the basis and proceed at once to a superstructure small in bulk ....and built on a foundation too weak to bear even the paltry and meagre edifice of our imparted knowledge."[5]

Sri Aurobindo left for heavenly abode on the 5th December, 1950.[6] His greatest contribution was in arousing the patriotic feelings of his countrymen. His revolutionary movement for India's freedom alarmed the British authorities, who became conscious of the dangers of the militant nationlism in India. Sri Aurobindo stressed the importance of the study of the Hindu religious texts and broadened people's outlook by his writings and speaches on various aspects of life. We can profit by his ideas on liberty, nationalism, religion, spiritualism, education and international relations.

———

1. Ibid, p. 11.
2. Ibid.
3. Ibid.
4. Ibid, p. 24.
5. Ibid.
6. His wife Smt. Mrinalini Devi had already died in 1918 in Ranchi at her father's house.—Sisir Kumar Mitra, *The Liberator*, p. 32, f. n.



पाण्डीचेरी आश्रम में श्री अरविन्द की समाधि

आत्मा का स्वरूप

चिन्तामणि झा

आत्मा का स्वरूप क्या है ?—आत्मा का रूप कुछ भी नहीं है। इसलिये आत्मा का चाक्षुस प्रत्यक्ष नहीं हो सकता। स्पर्शादिगुण रहित होने से यह अन्यान्य इन्द्रियों का भी विषय नहीं हो सकता। आत्मा ज्ञान वा चैतन्य का अमूर्त्त निराकार आश्रय है।

आत्मा देशकाल के बन्धनों से अवच्छिन्न या सीमित नहीं है। इसलिये आत्मा विभु और नित्य कहलाता है।

"अनवच्छिन्नसद्भावं वस्तु यद्देशकालतः।
तन्नित्यं विभुचेच्छन्तीत्यात्मनो विभुनित्यता ः।"

आत्मा के अस्तित्व का प्रमाण श्रुति में भी मिलता है। उपनिषदों में ऐसे अनेक प्रमाण मिलते हैं, यथा—

"आत्मा वारे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः।"

आत्मा एक है या अनेक, इस प्रश्न पर मतभेद है। वेदान्त मतानुसार प्रत्येक जीव में एक ही आत्मा है जौ उपाधि भेद से भिन्न-भिन्न प्रतीत होता है।

नैयायिक आत्मा के दो भेद मानते हैं। जीवात्मा और परमात्मा। जीवात्मा अनेक और प्रत्येक शरीर में भिन्न-भिन्न हैं। परमात्मा एक ही है। वह सर्वज्ञ परमात्मा ईश्वर कहलाता है। आत्मा शुद्ध चैतन्य-स्वरूप है। वह नित्य शुद्ध, बुद्ध और मुक्त है। वह निराकार, एक और परमार्थ है। वह जीव से भिन्न है। लेकिन जीव उससे भिन्न नहीं है। आत्मा जीव का सत्य रूप है।

आत्मा निर्विशेष चैतन्य है जो जीव को प्रकाशित करता है। वह ज्ञाता-ज्ञेय-शून्य सार्वभौम चैतन्य है। वह निष्प्रपंच है। वह चिदानन्दघन है। वह भोक्तृत्व और कर्तृत्व से रहित है। फिर भी उपाधियों के कारण वह कर्ता और भोक्ता प्रतीत होता है।

आत्मा ब्रह्म है। वही एकमात्र तत्त्व है। जो तत्त्व अन्दर है वही बाहर भी है। आत्मा नित्य चैतन्य है जो संसार का, व्यावहारिक जगत् का, आधार है। आत्मा ही निर्विशेष ब्रह्म है। वही निरतिशय भूमाख्य ब्रह्म आत्मा है। आत्मा परमात्मा है। उस परमात्मा का ज्ञान प्राप्त करके ही मनुष्य मृत्यु को लांघ सकता है :

"तमेव विदित्वानि मृत्युमेति'।"—यजुर्वेद, ३१.१८।

यद्यपि परमात्मा एक है तो भी विद्वान् लोग उन्हें अनेक नामों से पुकारते हैं :

"एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति।"—ऋग्वेद, १.१६४.४६।

परमात्मा में ही सारे लोक अवस्थित हैं। वह व्यापक परमात्मा सारी प्रजा में ओतप्रोत है :

"तस्मिन् तस्थुभुर्वनानि विश्वा ।"—यजुर्वेद, ३१.१९ ।

सभी आस्तिक दर्शन आत्मा के अस्तित्व में विश्वास करते हैं। न्याय और वैशेषिक आत्मा को एक अविनश्वर और नित्य पदार्थ मानते हैं और इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, सुख, दुःख तथा ज्ञान को उसके विशेष गुण मानते हैं। आत्मा ज्ञाता, कर्ता और भोक्ता है। ज्ञान, अनुभूति और संकल्प आत्मा के आगन्तुक धर्म हैं। चैतन्य आत्मा का स्वरूप नहीं है। जब आत्मा, मन और शरीर से संयुक्त होता है तभी उसमें चैतन्य की उत्पत्ति होती है। मीमांसा आत्मा को नित्य और विभु मानती है तथा चैतन्य को उसका आगन्तुक धर्म मानती है। सुषुप्ति तथा मोक्ष की अवस्था में आत्मा चैतन्य गुण से रहित होता है। सांख्य में पुरुष को नित्य और विभु तथा चैतन्य-स्वरूप माना गया है। चैतन्य आत्मा का आगन्तुक धर्म नहीं है। आत्मा सुख-दुःख की अनुभूतियों से रहित है। बुद्धि कर्ता और सुख-दुःख के गुणों से युक्त है। बुद्धि प्रकृति का परिणाम है और प्रकृति सतत क्रियाशील है। इसके विपरीत, पुरुष शुद्ध-चैतन्य या ज्ञान-स्वरूप है। अद्वैत वेदान्त आत्मा को विशुद्ध सत्-चित् आनन्द-स्वरूप मानता है। सांख्य अनेक पुरुषों को मानता है, लेकिन ईश्वर को नहीं मानता। अद्वैत वेदान्त केवल एक ही आत्मा को सत्य मानता है। नास्तिक दर्शनों में, चार्वाक आत्मा की सत्ता नहीं मानते, वे चैतन्य-विशिष्ट देह को ही आत्मा कहते हैं; बौद्ध आत्मा को ज्ञान, अनुभूति और संकल्पों की एक क्षण-क्षण परिवर्तित होने वाली विज्ञान सन्तान मानते हैं। लेकिन जैन नित्य आत्मा का अस्तित्व मानते हैं। वे मानते हैं कि आत्मा स्वभावतः अनन्त ज्ञान, अनन्त सुख और अनन्त वीर्य से युक्त है लेकिन सांसारिक अवस्था में इन गुणों के ऊपर अचेतन भौतिक पदार्थ कर्म के अति सूक्ष्म परमाणुओं का आवरण चढ़ा है। हम लोग भी अनुभव करते हैं कि आत्मा है, किन्तु यह नहीं जानते कि यह है क्या, सान्त है या अनन्त है, ज्ञान है या परमानन्द है या परब्रह्म का स्वरूप है, एकाकी है अथवा अपने समान अनेक में से एक है, केवल साक्षी मात्र है अथवा उपभोक्ता भी है अथवा इन दोनों में से कुछ भी नहीं है। चूँकि आत्मा के स्वरूप के विषय में परस्पर विरोधी मत हैं इसलिए शंकर का कहना है कि यह दोनों ही है, अर्थात् ज्ञात भी और अज्ञात भी।

वस्तुतः आत्मा के सच्चे स्वरूप के विषय में उस युग के तत्त्ववादियों के विभिन्न मतों में एक सन्देह-सा ही दीखता है। कोई तो इस आत्मा के दर्शन को बड़ा अचरज मानते हैं, और कोई दूसरे अचरज भरे शब्दों में इसका वर्णन करते हैं, और कोई जब इसे सुनते हैं तो बहुत अचरज में पड़ जाते हैं कि क्या ऐसा होना भी संभव है, अर्थात् सुनने वालों को आत्मा के उन गुणों में विश्वास नहीं होता। वे नहीं मानते कि कोई ऐसी वस्तु भी संभव है जो आग, पानी और हवा से कट पिट न सके। इस आश्चर्य भरी शैली में आत्मा की चर्चा करने वालों में ऐसा कोई नहीं है जो इसे ठीक तरह जानता हो। आत्मा क्या है ? उसके विषय में गीता में स्पष्ट शब्दों में निम्नलिखित श्लोकों में वर्णित है :

"नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥ २३ ॥
अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च।
नित्यः सर्वगतः स्थाणरचलोऽयं सनातनः ॥" २४ ॥

यह शस्त्र से नहीं कट सकता है, इसे आग भी नहीं जला सकती है, इसे पानी गीला नहीं करता, न हवा सुखाती है। यह काटा नहीं जाता, यह जलता नहीं, यह भीगता भी नहीं, सूखता भी नहीं। यह नित्य सर्वव्यापी, स्थितिशील, अचल और सनातन है। यह अमूर्त है, यह अज्ञेय है, यह विकार शून्य कहा जाता है। और जो इस आत्मा को मारने वाला समझता है और जो इसे मरा हुआ मानता है वे दोनों ही ठीक नहीं जानते क्योंकि आत्मा न मरता है न मारा जाता है।

"न जायते म्रियते वा कदाचि-
न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥"

अर्थात् न यह जन्म लेता है न कभी मरता है या ऐसा भी नहीं है जो फिर होकर नहीं होगा। यह अजन्मा, नित्य, सनातन और पुराण होने के कारण शरीर के नाश होने पर भी स्वयं नाश नहीं होता। इस प्रकार जो अज है वह नित्य है, शाश्वत है, पुराण है, अविनाशी है, अप्रमेय है और इसी शरीर में रहने के कारण नित्य शरीरी या देही भी कहा गया है, जिसका तात्पर्य आत्मा से है। विराट पुरुष का शरीर यह विश्व है और व्यष्टि आत्मा का शरीर यह पंचभौतिक देह है। ब्रह्म के आत्मा के शरीर की कल्पना यह शुद्ध वैदिक है। शरीर शब्द 'शॄ विशरणे' धातु से बनता है अर्थात् यह शरीर पंचभूतों का समुदाय है जो कुछ समय के बाद बिखर जाते हैं। इन पंचभूतों की विधृति अर्थात् इन्हें एकत्र धारण करने वाला जो तत्त्व है वही प्राण है; वही देही, शरीरी और आत्मा है।

महर्षि कपिल का आत्मा के विषय में यह उपदेश है कि आत्मा सुखादि धर्मों से रहित है, निर्लेप है, नित्य शुद्ध-बुद्ध मुक्त है, वह ज्ञान रूप ही है, ज्ञान वाला नहीं है। अर्थात् नित्य ज्ञान स्वरूप है, ज्ञानवान नहीं। इसकी सत्ता सर्वत्र है। यह अव्यक्त है। इसके कारण से व्यक्त भौतिक देह का अनुभव होता है। देह विकारी है, यह स्वयं विकार-रहित है। मीमांसकों के विचार से आत्मा शरीर, इन्द्रियों तथा बुद्धि से भिन्न है। जब बुद्धि अनुपस्थित रहती है तब भी आत्मा उपस्थित रहती है, जैसा कि निद्रा में। मीमांसक आत्माओं के अनेकत्व की प्रकल्पना को स्वीकार करते हैं, इसलिए कि अनुभवों की विविधता की व्याख्या की जा सके। कुमारिल के अनुयायियों के अनुसार प्रत्येक बोधात्मक कार्य में आत्मा अभिव्यक्त नहीं होती। विषय चैतन्य सर्वदा आत्मा द्वारा आत्मसात् नहीं किया जाता। व्यक्ति कभी विषय को जानता है। 'यह घड़ा है,' किन्तु वह यह नहीं जानता कि वह घड़े को जानता है। आत्मा विषयचैतन्य के विषयी या विषय के रूप में अभिव्यक्त नहीं होती, किन्तु कभी-कभी विषय के साथ एक अन्य चैतन्य है, अर्थात् आत्म-प्रत्यय जिसका आत्मा विषय है।

कुमारिल के विचार से आत्मा शरीर से भिन्न है, नित्य है और सर्वत्र व्याप्त है। आत्मा अपने में चैतन्य है, आत्माएँ अनेक हैं। क्योंकि सब आत्माएँ चैतन्य स्वभाव की हैं, इसलिए उपनिषद उन्हें एक ही कहती हैं। आत्मा चैतन्य है और बोध की, जो आत्मा

से उत्पन्न है आश्रय भी है। आत्मा अपने आप से अभिव्यक्त होती है। आत्मा बोध का विषय है, क्योंकि इसका साक्षात् ज्ञान होता है, जैसे घड़ा है। यह मानस प्रत्यक्ष का विषय है। आत्मा ज्ञान का विषय और विषयी दोनों ही है।

शंकर का तर्क है कि विचार के द्वारा आत्मा को जानना असम्भव है क्योंकि विचार स्वयं अनात्म क्षेत्र सम्बन्ध रखने वाले प्रवाह का एक भाग है। यदि आत्मा के अस्तित्व का बोध नहीं होता तब प्रत्येक मनुष्य यह सोचता कि 'मैं नहीं हूँ' किन्तु यह सत्य नहीं है। आत्मा के सत्ता चेतनता के प्रवाह से पूर्ववर्ती है। सत्य तथा असत्य से भी पूर्ववर्ती है। इसलिये आत्मा के अस्तित्व को सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। बोध शक्ति तथा उसके कार्यों के अस्तित्व से ही एक ज्ञान सम्पन्न सत्ता की पूर्वकल्पना होती है जो आत्मा के नाम से जानी जाती है। जो उनसे भिन्न है और स्वयं सिद्ध है तथा जिसके अधीन वे सब हैं। आत्मा के अस्तित्व के विषय में संशय नहीं हो सकता, क्योंकि यह उसका अनिवार्य स्वरूप है जो इसका निषेध करता है।

शंकर यथार्थ आत्मा को विषय से भिन्न करने का प्रयास करते हैं और कहते हैं कि विषय तथा विषयी प्रकाश तथा अन्धकार की भाँति दोनों एक दूसरे के विपरीत हैं जो सच्चे अर्थों में ज्ञाता है वह कभी भी विषय नहीं बन सकता। आध्यात्मिक दृष्टि से आत्म अस्तित्व के भाव के अन्दर निर्विकारिता और पूर्णता के भाव समाविष्ट है। यहाँ तक की आत्मा के यथार्थ सत्ता को स्वीकार करना है—आत्मा च ब्रह्म। ब्रह्म की यथार्थता का प्रमाण यह है कि वह प्रत्येक की आत्मा की आधार भूमि है।

ब्राह्मण दर्शन के अनुसार आत्मा आनन्द स्वरूप और अजय है। लोक में प्रतिकूल वेदना को दुःख और अनुकूल आनन्द को सुख मानते हैं। यदि आत्मा और भोग्य दोनों दुःखरूप हैं तो वे प्रतिकूल होते। आत्मा आनन्दमय है, क्योंकि जगत भी आत्मयुक्त है अतः वह भी आनन्दमय है। प्रश्न है कि यदि ब्राह्मणमत में सब कुछ आनन्दमय है तो लोक में दुःख क्यों है ? इसके उत्तर में हमारा यह प्रश्न है कि जो लोग सब कुछ दुःख ही मानते हैं। उनके मत में सुख का क्या स्थान है ? उनके मत में प्रियत्व और अनुराग ही क्या है ?

"विद्युद्नो देस्वरसं ब्रह्म मनः शान्तमक्षुब्धम्।
श्रद्धा श्रेयसि सदृशे स्नेहोऽथ कनीयसीह वात्सल्यम्॥"

हमारा कहना है कि मृत्यु और विनाश सबसे बड़ा दुःख है और जीवन ही सबसे बड़ा सुख है। जो सत्ता या भाव है वही सुख है। सुख स्वाभाविक है और स्वतः उत्पन्न होता है। दुःख दोष से होता है। दुःख कर्मानुसारी है। प्रज्ञापराध से दुःख होता है और कर्मदोष से प्रज्ञापराध। एक मत यह है कि भोग्य वस्तुओं में आनन्द नहीं है केवल आत्मा ही आनन्द रूप है। आत्मा निष्काम और विषयों से अनपेक्ष है। वह रागादि से रहित, और विषयों में आसक्त है। जो भोग्य वस्तुएँ या विश्व है वह भी आनन्द से ही विकसित हुआ है और आनन्द रूप है, यही ब्राह्मणमत है। आत्मा अपने आनन्दरूप से भोग्यवस्तुओं को आनन्द से रञ्जित कर देती है। आत्मा के आनन्द की एक कला भोग्य वस्तुओं में भी आती है। आत्मा भोग्य वस्तुओं आत्मा से संयोग करके उनके साथ अभिन्न हो जाती है और उन्हें

भी अपने समान प्रिय समझने लगती है। यह विश्व आनन्दमूलक है। यहाँ जितने प्राणी हैं सब आनन्द से उत्पन्न हुए हैं और आनन्द से ही जीवित रहते हैं। प्रजापति को इस सृष्टि में स्त्री-पुरुष के रूप संप्रहर्ष से ही प्राणियों की उत्पत्ति होती है। वे प्रतिक्षण हर्ष की मात्रा से जीवित रहते हैं। शरीर जो कुछ अन्न ग्रहण कर तृति को प्राप्त होता है। वह आनन्द का ही रूप है। यदि इन भूतों का ग्रानन्द न होता तो आत्मा को भी तृप्ति न होती। लोक का जो आहार-विहार है वह सुख का कारण है ग्रौर सुखदायक होने से आनन्द का रूप है। अत्यन्त गूढ़ जो ब्रह्म रूप है उसका कोई रूप नहीं है और वह लक्षण हीन है। बृहत् और अतिशय परिबृहित तत्त्व ब्रह्म है, यही सर्वगत परम रूप है। उसमें सब नाम रूप है। उस नाम से ही वाक् बड़ी है। वाक् से मन, और मन से भी और कोई तत्त्व और अधिक महान् है। वही ब्रह्म और संकल्पयुक्त है एवं विज्ञान और प्रज्ञान इन दोनों से बड़ा है। प्राण, मन और विज्ञान इनमें उत्तरोत्तर जो विज्ञान कोटि है, वही ब्रह्म है। श्रद्धा उसी ज्ञान में कारण है। श्रद्धा के बिना ब्रह्म का ज्ञान नहीं होता। ब्रह्म उसका रूप है। वह अमृत रूप है एवं सर्वत्र व्याप्त है जिसमें द्वैत भाव नहीं है परिपूर्ण एवं आनन्दरूप है। जो सब पदार्थों में अखण्ड रूप से विद्यमान रहता है। आत्मा नित्य है जो कर्ता से भिन्न है क्योंकि कर्ता अहं प्रत्यय का विषय है, सब प्राणियों में साक्षी रूप से अवस्थित एवं एकसमान, एकाकी, सर्वोच्च सत्ता, जिसका बोध कोई वेद नहीं कर सकता। क्योंकि आत्मा आनन्दमय है अभय है वही आत्मा सृष्टि में आनन्द और विज्ञान के लक्षण हैं, इनसे सुख होता है सुख से रस ग्रौर रस से आनन्द और अमृत मिलता है :

"एतन्मयो वा अयमात्मा, मनोमयो वाङ्मयः प्राणमयः।"

अर्थात् मन, प्राण और वाक् या पंचभूतों की समष्टि वही आत्मा है। मन-प्राण-वाक् ही प्रजापति विश्व में आया हुआ रूप है। मन को अव्यय, प्राण को अक्षर और वाक् या पंचभूतों को क्षर कहते हैं। जो स्थूल सृष्टि है उसे सामान्यतः वाक् कह दिया जाता है। यद्यपि कि आत्मज्ञान का प्रश्न ऐसा जटिल है कि इसके विषय में अधिक ऊहापोह सम्भव नहीं, किन्तु जो विषय हमारे सामने है, उसका जब बुद्धिगम्य विवेचन कर हम देखते हैं तो यह ध्रुव निश्चित हो जाता है कि उस सत्-चित्-आनन्द तत्त्व ने अपने त्रिवृत स्वरूप द्वारा इस सर्ग का विस्तार किया है और स्वयं इसमें गूढ़ है, वही अव्यक्त से व्यक्त भाव में आया है।

श्री अरविन्द और उनकी गीतादृष्टि

रामजी पाण्डेय,

शोधसहायक, पुराण विभाग, कला संकाय, का० हि० वि० वि०

सृष्टि के आरम्भ से विश्व के रंगमञ्च पर भारतीय संस्कृति ने जितने महापुरुषों को उपस्थापित किया है उतना अन्य किसी संस्कृति ने नहीं। यह उसकी धरती का ही प्रभाव है या भगवान की विशेष अहेतुकी कृपा है जिसके कारण उसको यह सौभाग्य प्राप्त है। उनकी लीला भूमि भारतवर्ष में जब कभी भी आवश्यकता पड़ी है भगवान् स्वयं पधारे हैं या अपने अंशावतारों के माध्यम से इसका उद्धार किये हैं ऐसा हम भारतवासी मानते हैं। श्री अरविन्द भगवान् की ऐसी महान् विभूतियों में से थे जिनका अवतरण इस पृथ्वी पर प्राणिमात्र के हृदय में भगवान् की चैतन्य सत्ता का चिरंतन प्रकाश जगाने के लिए हुआ। यद्यपि उनकी शिक्षा-दीक्षा विदेश में हुई थी किन्तु मानसिक संस्कार ऐसे प्रबल थे कि जन्म से ही उनमें उच्च आध्यात्मिक अनुभूतियाँ अपना विकास कर रही थीं, जैसा एक योगी के लिए असम्भव नहीं। वास्तव में ऐसी आत्माएँ जीवन मुक्त हुआ करती हैं। कुछ प्रारब्ध कर्मवश या भगवदिक्षा से उन्हें इस भूतल पर आना पड़ता है। यदि इनके जन्म के विषय में प्रारब्ध कारण माना जाय तब तो गीता की दृष्टि से यह कहेंगे कि पूर्व जन्म की योगसाधना में कुछ स्खलन के कारण मुक्त नहीं हो सके और योगियों की परम्परा के अनुसार पुनः पवित्र कुल में इनका आविर्भाव हुआ,[1] और यदि भगवान् की प्रेरणा मानी जाय तो लोक-संग्रह के लिए इनके जन्म का कारण मानना पड़ता है। जो भी हो इतना तो निश्चित है कि श्री अरविन्द पूर्व जन्म की महान् आत्माओं में से थे और इस जन्म में भी एक महान् योगी का जीवन-यापन कर इस संसार से मुक्त हुए।

भारतीय वाङ्मय में वेदों और उपनिषदों की जिस विशाल परम्परा ने उनके जीवन को अपनी ओर आकर्षित किया, वहीं इनकी दृष्टि गीता पर भी गई। इस अद्भुत ग्रन्थ में लोक और वेद दोनों का समन्वय पाकर गहन अध्ययन प्रारम्भ किया जिसकी उपलब्धियाँ उनके ग्रन्थ "एसेज ऑन गीता' नामक ग्रन्थ में संकलित हैं। गीता, जैसा हम सब जानते हैं, भारतीय मनीषियों की विश्वसाहित्य को अनुपम देन है; जिसका मूल्य किसी देश, काल और पात्रत्व से बँधा नहीं है। गंगा की धारा के समान इसका विराट स्वरूप अपने में विश्व-बन्धुत्व की भावना को संजोये हुए हैं। इसीलिए जहाँ अन्य लौकिक ग्रन्थों का मूल्य किसी निश्चित काल विशेष में ही समाप्त हो गया, वहीं गीता का मूल्य सार्वकालिक होने के कारण आज भी अक्षुण रूप से बना हुआ है और भविष्य में भी इसी प्रकार विश्व की प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। यह तथ्य गीता के विश्व में हुए अनुवाद ग्रन्थों से हम सबको भलीभाँति विदित है। गीता का अध्ययन हमें किस दृष्टि से कैसे करना चाहिए, इसका संकेत अरविन्द ने इस रूप में दिया है—"वस्तुतः यह अध्ययन विद्वता की दृष्टि से केवल भौतिक पदार्थों के

---

१. शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते।—गीता, ६।४१। अर्थात् यहाँ योगभ्रष्ट का अर्थ साधक भी परमात्मा में लीन न होने की अवस्था विशेष से है।



बड़ौदा में श्री अरविन्द (१८९३-१९०४)

निरुपण से नहीं, अपितु उसमें जीवन जीने की जो कला है उस दृष्टि से होना चाहिए।"[१] दर्शन और व्यवहार, आदर्श और आचरण जब परस्पर मिलते हैं तभी जीवन में निखार आता है। यदि इनकी दिशा परस्पर विपरीत हो तो किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती। आज विश्व में जीवन के इस निखार को ही लाने की आवश्यता है। आज विश्व में सुख-समृद्धि एवं जीवन के प्रसाधनों का इतना विकास हुआ है जिसकी कोई सीमा नहीं। अमेरिका और यूरोपीय देशों में मानव के पास प्रसाधन एवं धनका इतना संग्रह वर्तमान है कि उनकी अगली पीढ़ी के लिए कमाने की जरूरत नहीं किन्तु यदि देखा जाय तो दुःख और विषाद का जो वातावरण उधर छाया है वैसा अन्यत्र कहीं नहीं। यह बात उन देशों में हो रही प्रतिदिन आत्महत्याओं की संख्या से ज्ञात हो सकती है। मानव समाज की अशान्ति, निर्धनता और युद्धों से ऐसा पता चलता है कि वस्तुतः मानव को जीवन जीने की कला ज्ञात नहीं और जिस जीवन को प्राप्त कर अमृतत्व की प्राप्ति हो सकती है उसे ही हम पाकर अपना गरल पात्र ही भरने की कोशिश कर रहे हैं। इसका कारण जीवन के स्थायी मूल्यों के प्रति हमारी उदासीनता और उनमें किसी सामञ्जस्य का न होना। पथ विहीन, लक्ष्य विहीन मानव समुदाय आज यदि दुखों में पीसता हुआ कराह रहा है तो इसमें आश्चर्य क्या ?

प्राचीन भारत की सामाजिक व्यवस्था में इसीलिए पहले लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया था। चतुर्विध पुरुषार्थों धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की साधना उसी ओर संकेत करती है। रुचि भेद से जिसको जिसकी आवश्यकता होती, वैसी साधना वह करता। काम और अर्थ की सीमा धर्म के द्वारा नियन्त्रित थी। अनियन्त्रित काम और अर्थ की व्यवस्था समाज में मात्स्यन्याय को छोड़कर कभी भी सुख समृद्धि नहीं ला सकती। इसलिए इसे संयत रखने के लिए इस पर प्रतिबन्ध था। आज के समाज में धर्म और मोक्ष की तो बात ही क्या काम और अर्थ की प्रधानता है। उसमें अर्थ ही प्रधान है जिसके संचय के लिए वह मार्ग कुमार्ग किसी का भी अवलम्बन ले सकता है। परिणामतः पूरा विश्व अर्थ के अनर्थ से पिस रहा है। ऐसे ही कठिन समाज में गीता हमें एक ऐसे जीवनपद्धति की ओर संकेत करती है जिसे अपना कर हम अपना कल्याण साधन कर सकते हैं। व्यष्टि और समष्टि दोनों के सम्मिलन से समाज का निर्माण हुआ है। इन दोनों के सामञ्जस्य में ही जीवन का वास्तविक कल्याण है। इन दोनों को पुष्ट करने के लिए भारतीय संस्कृति में 'वर्णाश्रम व्यवस्था' का विधान है जिसे गीता स्वीकार करती है।[२] समाज का कोई भी व्यक्ति अपने आप में पूर्ण नहीं। अतः परस्पर

1. "Our object, then, in studing the Gita will not be a scholastic or academical scrutiny of its thought, nor to place its philosophy in the history of metaphysical speculation, nor shall we deal with it in the manner of the analytical dialecticion. We approach it for help and light and our aim must be to distinguish its essential and living message, that in it on which humanity has to seize for its perfection and its highest spiritual welfare.—'Essays on Gita,' p. 12.

२. चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्म विभागशः।
तस्य कर्त्तारमपि मां विद्धय कर्त्तारमव्ययम् ॥—गीता, ४।१३ ॥

सभी संबद्ध हैं। यह व्यवस्था केवल यहीं नहीं; अपितु ब्रह्माण्ड में भी व्याप्त है जिसे यज्ञ के सिद्धान्त पर हल किया गया है। यज्ञ मानव जीवन की महती विशेषता है जिससे व्यष्टि संसार से और समष्टि संसार से जुड़ कर परस्पर अपने गुणों के आदान-प्रदान से अपना हित साधन करते हैं। यज्ञ की विचारधारा बड़ी ही पुनीत है। इसमें हम कुछ दूसरों के लिए उत्सर्ग करते हैं और अपने लिए कुछ पाते भी हैं। इस सिद्धान्त पर प्रत्येक इकाई में सहयोग की इस भावना का होना आवश्यक है।[१] यज्ञशेष का भोग ही व्यक्ति का अपना अधिकार है जिससे वह समस्त पापों से छुटकारा पाता है।[२] जो केवल आत्मोन्नति या स्वार्थ से प्रेरित होकर यज्ञ करते हैं वह पुनीत नहीं; बल्कि बन्धन का कारण होता है उसे 'चोर' और पाप का भोग करने वाला कहा गया है। ईशोपनिषद् में इससे ही बचने के लिए कहा गया है; दूसरे का अंश मत खाओ।[३] यज्ञीय भावना के अभाव में स्वार्थमूलक प्रवृत्तियों के कारण यज्ञ भी कभी आत्मविश्वास का कारण हो जाता है। शास्त्रों में राक्षसों के स्वार्थमूलक यज्ञ का विनाश इसी उद्देश्य से किया गया है। भगवान् राम द्वारा विश्वामित्र के यज्ञ का संरक्षण और मेघनादादि के यज्ञों का विनाश इसीलिए किया गया था क्योंकि उससे समष्टि का हित होने वाला नहीं था। अपने गौरव और अहंकार की पुष्टि के लिए किया गया दक्ष आदि के भी यज्ञ का विनाश भी इसी ओर संकेत करता है। व्यक्ति का झूठा प्रदर्शन विनाश-मूलक ही होता है। अतः प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में स्वार्थ के ऊपर परार्थ और परार्थ के ऊपर परमार्थ को देखना चाहिए। अपने स्वार्थ के लिए किसी दूसरे के हित का विनाश सर्व-नाशक होता है। यही यज्ञीय जीवन प्रणाली का रहस्य है।

यह सम्पूर्ण विश्वप्रपञ्च किसी निश्चित सिद्धान्त पर आधारित है वही इसकी प्रतिष्ठा है जिसे भारतीय संस्कृति में धर्म के नाम से कहा गया है।[४] सभी वस्तुएँ अपने स्वधर्म से ही इस संसार में अनुवर्तन कर रही हैं। स्वभाव के विपरीत आचरण करने पर वही अधर्म-रूप आत्म हनन का कारण होता है। अतः गीता में स्वधर्म में प्रतिष्ठित रहने की बात कही गई है।[५] इस स्वधर्म में प्रतिष्ठित रहने के लिए शास्त्रों में भिन्न-भिन्न मार्ग प्रतिपादित हैं, जिसका दो परंपराओं में उल्लेख हुआ है जिन्हें कर्मयोग और ज्ञानयोग के नाम से हम जानते हैं।[६] वस्तुतः निःश्रेयस् के लिए दोनों ही मार्ग श्रेष्ठ हैं फिर भी कर्मयोग ज्ञानयोग से विशिष्ट है।[७] ज्ञान की अलौकिकता और दुरुहता से सर्वसुलभ न होने के कारण सब के लिए

---

१. परस्परं भावयन्तः श्रेयः परमवाप्स्यथ, योभुङ्क्ते स्तेन एव सः ॥—गीता, ३।११ ॥

२. यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यते सर्वकिल्विषैः।
भुञ्जते ते त्वघं पाप ये पचन्त्यात्यकारणात् ॥—गीता, ३।१३-१३ ॥

३. मा गृधः कस्यस्विद् धनम्।—ईशोप० १।१।

४. धर्मो विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा।

५. स्वधर्मे निधनं श्रेयः पर धर्मो मयावहः।—गीता, ३।३५।

६. लोकेऽस्मिन् द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ।
ज्ञान योगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम् ॥—गीता, ३।३।

७. संन्यासः कर्मयोगश्च निःश्रेयसकरावुभौ।
तयोस्तु कर्मसन्यासात् कर्मयोगो विशिष्यते ॥—गीता, ५।२।

गम्य नहीं है। उपनिषदों ने इसे बड़ा ही कठिन मार्ग बताया है—'क्षुरस्य धारा निशिता-दुरत्यया दुर्गम पथस्तत् कवयो वदन्ति।' कर्म की प्रवृत्ति मनुष्यों में सहज ही रहती है और उससे वह दूर भी नहीं हो सकता।[1] दूसरी जो इसकी प्रमुख विशेषता है वह यह कि यदि कौशलपूर्वक इसका संपादन किया जाय तो वही योग हो जाता है और भगवत् प्राप्ति का कारण होता है। विराट् सत्ता सर्वत्र समत्व की प्राप्ति ही इसका रहस्य है।[2] सभी कार्यों का वास्तविक फल प्रभु की प्राप्ति है जैसा कि गोस्वामी तुलसीदास ने मानस में राम और भरद्वाज के प्रसङ्ग में प्रतिपादित किया है :

"आज सफल तप तीरथ त्यागू, आज सकल जप योग विरागू।
सफल सकल शुभ साधन साजू, राम तुमहि अवलोकत आजू॥"

गुरु वसिष्ठ ने भी चित्रकूट की सभा में यही कहा है :

"सो सुख करम धरम जरिजाऊ। जहँ न राम पद पंकज भाऊ॥"

श्री अरविन्द ने भी कर्म की सफलता भगवत्सेवा से ही माना है।[3] कर्म का सम्बन्ध जब ईश्वर से हो जाता है तो वही पुनीत हो जाता है। मनुष्य का राग ही उसके बन्धन का कारण है किन्तु यही भगवदोन्मुख या भगवद्भक्त की ओर मोड़ दिया जाता है तो मोक्षदायी हो जाता है।[4] सांख्य योग अर्थात् ज्ञानमार्ग का भी प्रयोजन यही है कि उससे परमात्मसत्ता का साक्षात्कार हो, उसकी सेवा का अवसर मिले। यदि ज्ञान का यह प्रयोजन सिद्ध नहीं होता तो वह ज्ञान भी मनीषियों की दृष्टि में व्यर्थ ही कहा गया है।[5] इन दोनों मार्गों के अतिरिक्त तीसरा भक्ति मार्ग है जो ईश्वर की कृपा पर आधारित है। यह ऐसे लोगों का संवल है जो जीवन की राह में थक चुके हैं, अपना पुरुषार्थ खो चुके हैं, भगवत्कृपा की राह जोहते फिरते हैं और उन्हीं के सहारे अपना लक्ष्य प्राप्त करते हैं। वस्तुतः परमात्मा की प्राप्ति के लिए जो विहित मार्ग है उसमें ज्ञान कर्म और भक्ति की अलग-अलग धाराओं का महत्त्व नहीं। तीनों ही उसमें अपेक्षित हैं क्योंकि परस्पर एक दूसरे के पूरक हैं। भक्ति

---

१. न हि कश्चित् क्षणमपि जातुत्तिष्ठव्यकर्मकृत् ॥—गीता, ३।५।

२. योगः कर्मसु कौशलम्, समत्वं योग उच्यते।—गीता।

3. Life is not for the sake of life alone, but for God, and the living soul of man is an eternal portion of Godhead.

—Essays on the Gita, p. 678.

४. सङ्गो यः संसृतिर्हेतुरसत्सु विहितोऽधिया।
स एव साधुषुकृतः निःसङ्गत्वाय कल्पते॥
नेह यत्कर्म धर्माय न विरागाय कल्पते।
न तीर्थ पदसेवायै जीवन्नपि मृतो हि सः॥ —भा० ३।२३।५५-५६।

५. येऽन्येऽरविन्दाक्ष विमुक्तमानि न स्त्वय्यस्तभावादविशुद्धबुद्धयः।
आरुह्य कृच्छ्रेण परं पदं ततः पतन्त्यधोनादृतयुष्मदङ्घ्रयः॥ —भा० १०।२।३२।
श्रेयः सृतिं भक्तिमुदस्य ते विभो क्लिश्यन्ति ये केवलबोधलब्धये।
तेषामसौ क्लेशल एव शिष्यते नान्यद्यथा स्थूलतुषावघातिनाम्॥ —भा० १०।१४।४।

के द्वारा प्राप्त भगवतसान्निध्य व्यक्ति के जीवन में सभी विकारों का शामक एवं शान्तिप्रदान करने वाला होगा ।[1]

वैसे गीता का सार एक छोटे से निबन्ध में व्यक्त करना कठिन है और वह भी अरविन्द जैसे महान् चिन्तक की दृष्टि को लेते हुए तो और दुरुह है। पर निष्कर्ष रूप में जो स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा गीता में प्रकट है और महात्माओं द्वारा भी मान्य है उसे संक्षेपतः कहा जाय तो यही कहना होगा कि व्यक्ति का जीवन किसी निश्चित प्रयोजन से इस संसार में हुआ है। मनुष्य योनि में यह दुर्लभ जीवन पाकर भी जो जीवन के लक्ष्य भगवत्प्राप्ति से पथभ्रष्ट हो गया तो उससे बड़ा आत्मघाती दूसरा और कोई नहीं।[2] भगवान् ही प्राप्तव्य हो सकते हैं क्योंकि उनके सिवा अन्य सभी उपलब्धियाँ नश्वर होंगी। उनके लिए जो कुछ प्राप्त किया जाय तो सांसारिक उपलब्धियाँ भी महान् हो सकती हैं किन्तु सब कुछ प्राप्त कर भी भगवद्भाव उसमें न हो तो सब व्यर्थ ही हो जाता है।[3] इसलिए संसार में जो कुछ भी करना है यदि कर्ता उसमें स्वकर्तृत्वाभिमान को भूलकर भगवान् को प्रतिष्ठित करे तो यह उसकी महान् उपलब्धि होगी और कर्मयोग की भी यही सफलता शास्त्रों में कही गई है। अपने अधिकार और सामर्थ्य के अनुसार व्यक्ति के उस परमात्मा तक पहुँचने के विभिन्न मार्ग प्रतिपादित हैं किन्तु जो हर प्रकार से असमर्थ हैं उन्हें ज्ञान, कर्म, भक्ति को छोड़कर प्रपत्ति या शरणागति का मार्ग बताया गया है। भगवान् की ओर से जीव की मुक्ति या कल्याण के लिए इससे बड़ा कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता :

"सर्व धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि या शुचः ॥" —गी० १८।

जीवन में जो कुछ उपलब्धि परमात्मा की ओर से मिली है उसे प्रसन्नतापूर्वक शिरोधार्य कर उनकी प्राप्ति का उपाय ही जीवन की सर्वोच्च सफलता होगी, चाहे वह व्यष्टि

---

1. "This Yoga of love will give you a highest potential force for spiritual largeness and unity and freedom. But it must be a love which is one with God Knowledge."

× × × ×

"The integral God-love demands too an integral work for the sake of the Divine in your self and in all Creatures."

× × × ×

"The oneness in love will do much more; it will replace the first impassive calm by a strong and deep rapture, not the petty ardour of egoistic desire but the ocean of the infinite Ananda. It will bring the moving sense and the pure and divine passion of the presence of the beloved into your works, there will be an instant joy of labour for God in all beings. Love is the Crown of works and the Crown of knowledge."—Essays on the Gita, pp. 802-3.

२. नृदेहमाद्यं सुलभं सुदुर्लभं प्लवं सुकल्पं गुरुकर्णधारम्।
मयानुकूलेन नभस्वतेरितं पुमान् भवाब्धि न तरेत् स आत्म हा ॥—भा०, ११।२०।१७।

३. रामविमुख संपति प्रभुताई। जाइ रही पाई बिनु पाई ॥—तुलसीदास : रामचरित मा०।

के धरातल पर हो या समष्टि के।[१] यदि ऐसी नहीं होगा तो यह जीवन की महान् हानि होगी।[२] अतः व्यक्ति जिस भी स्थान पर, जैसी भी परिस्थिति में अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उस स्थिर सत्ता की ओर बढ़े और उसे अपने आत्मयोग से प्राप्त करे, यही सबका ध्येय है। गीता प्राणिमात्र को इसी की उपलब्धि के लिए प्रेरित करती है। मृत्यु की सत्ता व्यक्ति के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है किन्तु भारतीय संस्कृति ने प्राणिमात्र को 'मृत्युञ्जय' बनाने का उद्घोष किया है। गीता उसकी एक कड़ी है जिसमें व्यक्ति और समष्टि दोनों के ही अभ्युत्थान का मार्ग निहित है। आवश्यकता इस बात की है कि व्यक्ति उस ओर प्रयास कितना करता है।

श्री अरविन्द का भारतीय संस्कृति की ओर जो प्रबल झुकाव हुआ उसका एकमात्र कारण इसकी सर्वोत्कृष्टता ही थी। भारतीय संस्कृति के संरक्षार्थ ही उन्होंने वेदों, उपनिषदों और गीता ऐसे महान् ग्रन्थों का अध्ययन कर जो तथ्य हमारे सामने रखा, वह मानव जीवन के लिए अत्यन्त उपयोगी ही नहीं, परमावश्यक भी हैं। आज गीता के उपदेशों का आचरण कर न केवल हम अपने देश की हर समस्याओं का समाधान कर सकते अपितु विश्व के लिए भी सुख, शान्ति एवं समृद्धि का मार्ग ढूंढ़ सकते हैं।

श्री अरविन्द को आधुनिक युग के मानव की समस्त प्रवृत्तियों का पूरा ज्ञान था। वे जानते थे कि पश्चिम की सभ्यता एक दिन भारतीयों को ऊहापोह में डाल सकती है और भारतीय संस्कृति के स्वीकृत मूल गिरते नज़र आयेंगे,[३] किन्तु मानवता का कल्याण बिना इनके संभव नहीं होगा, अतः व्यक्ति को जहाँ एक ओर भौतिक उपकरणों की आवश्यकता होगी, वहीं यदि आध्यात्मिक मूल्य उनकी रक्षा के लिए नहीं होंगे तो व्यक्ति अपना विनाश भी कर सकता है। इसलिए भारतीय संस्कृति की रक्षा हम सब के लिए हर मूल्य पर आवश्यक होगी।[४] आज शान्ति के लिए विश्व भारतीय संस्कृति की ओर

---

१. तस्मात् सर्वात्मना राजन् हृदिस्थं कुरु केशवम्।—भा० १२।३।४९।

२. इहचेदवेदीदथसत्यमस्ति नो चेदवेदीन् महतो विनष्टिः।—श्वेताश्वतर।

3. "The danger is that the pressure of dominant European ideas and motives, the temptation of the political needs of the hour, the Velocity of rapid inevitable change will leave no time for the growth of sound thought and spiritual reflection and may strain to brusting-point the old Indian cultural and social system, and shatter this ancient civilisation."—The Foundation of Indian Culture, p. 22.

4. "It would be a tragic irony of fate if India were to throw away her spiritual heritage at the very moment when the rest of the world there is more and more turning towards her for spiritual help and a saving Light."–Ibid, p. 25.

झुक रहा है इसके हर पहलू का अध्ययन कर रहा है और सचमुच में हम ही अपनी संस्कृति का संरक्षण नहीं कर सके तो इससे बढ़ कर दुःखद घटना और क्या हो सकती है ?

आज भी समय है जब प्राचीन भारतीय संस्कृति के इन अमूल्य रत्नों की रक्षा हो सकती है। गीता उसकी एक महान् उपलब्धि है। लगता है ऐसे महान् ग्रन्थ के होते हुए भी हम भटक रहे हैं। इसके एक छोटे से भी उपदेश का यदि आचरण हो सका तो हमारा महान् कल्याण होगा। आशा है हम सब 'गीता किञ्चिदधीत्ता गंगाजल लवकणिका पीता' के सिद्धान्त पर थोड़ा भी इसका अध्ययन कर अपना कल्याण करेंगे। यही हम सबके जीवन की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि होगी।

श्री अरविन्द का पूर्णाद्वैत दर्शन

प्रेमकुमार अग्रवाल,

शोध-छात्र, दर्शन विभाग, का० हि० वि० वि०

'अद्वैत' शब्द से साधारणतया शंकर के प्रख्यात् सिद्धान्त का बोध होता है : अद्वैत का अर्थ उस सिद्धान्त से लिया जाता है जो जगत् की वास्तविकता का निषेध करके चरम सत्ता अथवा एकमात्र ब्रह्म का प्रतिष्ठापन करता है। शंकराचार्य तथा उनके मतानुयायी व्यावहारिक दृष्टि से जागतिक सत्ता को सत्य तो मानते हैं, तथापि पारमार्थिक दृष्टिकोण से उसे नितान्त मिथ्या घोषित कर देते हैं। उनकी दृष्टि में ब्रह्म और जगत् परस्पर विरुद्ध स्वभाव के हैं। ब्रह्म ज्ञाता, चेतन, विषयी, कूटस्थनित्य तथा स्वतः सिद्ध है, किन्तु जगत् ज्ञान का विषय, अचेतन, दिक्-काल से ससीम, परिवर्तनशील एवं अनित्य है। अतः इन विरुद्ध स्वभाव पदार्थों के मध्य किसी प्रकार का समन्वय संभव नहीं है। किन्तु श्री अरविन्द की मान्यता है कि अद्वैत दर्शन की स्थापना तभी संभव है जब कि जगत् की भी सत्ता स्वीकृत की जाय। इस प्रकार उनका अद्वैत दर्शन शंकराचार्य द्वारा प्रतिपादित अद्वैत दर्शन से भिन्न है। दर्शन के अध्येताओं ने उनके दर्शन को 'अखण्ड अद्वैतवाद' अथवा 'पूर्णाद्वैत' की संज्ञा प्रदान की है, क्योंकि वे सत्ता के किसी भी रूप की वास्तविकता को अस्वीकार नहीं करते, अपितु उन्हें भी ब्रह्म का ही एक रूप मानते हैं। श्री अरविन्द के शब्दों में, "सच्चा अद्वैतवाद वह है जो समस्त वस्तुओं को एक ही ब्रह्म के रूप में स्वीकार करता है और ब्रह्म की सत्ता को दो विषम इकाइयों में, सनातन सत्य और सनातन मिथ्या, ब्रह्म और अब्रह्म, आत्मा और अनात्मा, एक वास्तविक आत्मन् और एक मिथ्या, फिर भी चिरंतन साया, इन रूपों में विभक्त नहीं करता। यदि यह सत्य है कि एकमात्र आत्मा का ही अस्तित्व है, तो यह भी सत्य होना चाहिए कि सब-कुछ आत्मा है।"[१]

श्री अरविन्द के पूर्णाद्वैत में पदार्थ मात्र की सत्ता स्वीकार की गयी है, तथा भौतिक तत्त्व एवं आत्मतत्त्व दोनों को समान रूप से ग्रहण किया गया है। भौतिकवादियों का आत्मतत्त्व का निषेध तथा अध्यात्मवादी दार्शनिकों का भौतिक तत्त्व का निषेध उनके अनुसार एकांगी दृष्टिकोण हैं। इसीलिए उन्होंने 'युगल नेति' के रूप में इन दोनों अस्वीकृतियों की निन्दा की है। वास्तव में वे आध्यात्मवादी की अस्वीकृति को, जिसे वे 'सन्यासी की अस्वीकृति' कहते हैं—"अधिक सम्पूर्ण, अधिक अन्तिम और अधिक संकटपूर्ण मानते हैं।" श्री अरविन्द के मतानुसार जड़ पदार्थ या आत्म-तत्त्व ब्रह्म के उच्च एवं निम्न रूप ही हैं। जड़ पदार्थ आत्मा की ही अभिव्यक्ति है अतः जड़ पदार्थ या आत्म-तत्त्व को नहीं छोड़ना चाहिए, प्रत्युत ब्रह्म को अखण्ड एवं समग्र रूप में ग्रहण करना चाहिए। "पृथ्वी पर दिव्य जीवन और मर्त्य जीवन में अमृतत्व का बोध, इनकी प्रस्थापना के लिए कोई आधार तभी

१. श्री अरविन्द : द लाइफ डिवाइन, प्रथम खण्ड, पृ० ३९।

मिल सकता है जब केवल यह मानने के अतिरिक्त कि सनातन आत्मा ही इस शरीर-रूपी भवन का निवासी और इस परिवर्तनशील चोले को धारण करने वाला है, हम यह भी स्वीकार करें कि जिस जड़-तत्त्व से इसका निर्माण हुआ है, वह योग्य और उत्कृष्ट उपादान है जिससे आत्मा निरन्तर अपने वस्त्र बुनता रहता है, अपने भवनों की अंतहीन शृंखला का निर्माण बारंबार करता रहता है।"[१]

जड़ पदार्थ को ब्रह्मरूप मानने का सिद्धान्त श्री अरविन्द का अपना मौलिक नहीं है अपितु उपनिषदों में भी इसका वर्णन मिलता है—'अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्'। श्री अरविन्द के अनुसार यदि ब्रह्म और जड़ पदार्थ के मध्य [जीवन, मन तथा अतिमन (सुपरमाइन्ड) के स्तर तथा मन को अतिमन से संयुक्त करने वाली श्रेणियां] के आरोहण पदार्थों में कोई अन्तर नहीं प्रतीत होगा। "अन्यथा ये दोनों किसी मेल की संभावना से परे एक-दूसरे के विरोधी प्रतीत होंगे, मानों यह एक दुखदायी गठबंधन है और इसका विच्छेद ही एकमात्र युक्तिसंगत समाधान होगा।"[२] उनका मत है कि कट्टर एकसत्तावाद, चाहे वह भौतिकवादी हो अथवा अध्यात्मवादी, दोनों ही दार्शनिक चिन्तन के प्रतिकूल हैं। इन दोनों परस्पर विरुद्ध समस्याओं का समाधान उन्होंने अपने दर्शन में किया है। उनका दृढ़ विश्वास है कि अतिभौतिक को पूर्णरूपेण तभी वश में किया जा सकता है जब हम अपने पैर दृढ़ता से भौतिक तत्त्व पर रखे रहें।

मुख्यतः उपनिषद, गीता एवं तंत्र की मूलभूत शिक्षाओं के आधार पर श्री अरविन्द ने अपने पूर्णाद्वैत को विकसित किया है। उनकी धारणा है कि ब्रह्म न केवल निर्गुण- निर्विशेष एवं विश्वातीत है, अपितु उसमें स्व-सीमा-निर्धारण एवं आत्माभिव्यक्ति की क्षमता भी निहित है। ब्रह्म के असीम होने का अर्थ है कि उसे किसी अन्य वस्तु द्वारा सीमित नहीं किया जा सकता, परन्तु वह स्व-सीमा-निर्धारण में पूर्णतः सक्षम है। उसके निर्गुण होने का अर्थ—गुणों का अत्यन्ताभाव नहीं है, बल्कि अचिन्त्य गुणों की विद्यमानता है। यही कारण है कि उसे निर्गुण कहा गया है। समस्त गुणों को अपने में समाहित करके भी वह उनसे परे है। यहाँ श्री अरविन्द अद्वैत वेदान्त की ब्रह्मविषयक एकांगी निषेधात्मक व्याख्या की ओर भी संकेत करते हैं। उसके अनुसार चरम सत्ता का स्वरूप निषेधात्मक एवं भावात्मक दोनों है। स्वयं उपनिषदें ही 'नेति-नेति' के साथ 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' जैसे सकारात्मक वर्णन करती हैं। इसलिए ब्रह्म के निरुपण में श्री अरविन्द पूर्णाद्वैत की स्थापना करते हैं जिसमें ब्रह्म को निर्गुण, निर्विशेष एवं विश्वातीत मानने के साथ सगुण, सविशेष एवं प्रपंच-व्याप्त भी माना गया है।

परन्तु सामान्य मानवीय बुद्धि एवं तर्कशास्त्र की दृष्टि से ब्रह्म में युगपत दो विरोधी गुणों का अस्तित्व मानना असंगत है। इस द्वन्द्वात्मक समस्या से बचने हेतु अद्वैतियों ने ब्रह्म को निर्गुण-निर्विशेष मानकर अनिर्वचनीय-निरपेक्ष सत्ता कहा, ब्रैडले ने 'जैसे-तैसे' का सहारा लिया और लाइबनित्ज ने पूर्व स्थापित सामंजस्य (Pre-established Harmony) का

१. द लाइफ डिवाइन, प्रथम खण्ड, पृ० ७।

२. वही, पृ० ८।

पल्ला पकड़ा। किन्तु अरविन्द इस समस्या का समाधान अत्यन्त सुन्दर ढंग से करते हैं। वे मानते हैं कि तर्कशास्त्र के मूलभूत सिद्धान्त—विरोध के नियम (ला ऑव कान्ट्रेडिक्शन) के अनुसार इन्द्रिय प्रदत्त सामान्य ज्ञान की प्रक्रिया में एक ही वस्तु में दो परस्पर गुण नहीं माने जा सकते। व्यावहारिक जीवन का निर्धारण इन्द्रिय एवं मनस द्वारा प्रदत्त ज्ञान से होने के कारण उसमें विरोध का नियम अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान रखता है। किन्तु ब्रह्म ज्ञान इन्द्रियातीत होने से मन का अतिक्रमण कर अतिमन तक पहुँचना आवश्यक होता है। इस अतिमानसिक अनुभव में आंशिक नहीं, अपितु समग्र एवं अखण्ड ज्ञान प्राप्त होता है। उस अवस्था में समस्त आंशिक सत्यों का एकीकरण एवं समस्त विरोधों का अन्त हो जाने से पूर्ण एकत्व की आध्यात्मिक अनुभूति होती है। इस स्तर पर तर्कशास्त्रीय विरोध के नियम संचालित नहीं किये जा सकते। किन्तु अतिमानसिक स्तर पर स्वेच्छाचारिता अथवा उच्छृंखलता का साम्राज्य नहीं होता। अतिमानसिक स्तर के भी अपने तार्किक नियम होते हैं जो सामान्य तार्किक सिद्धान्तों से अलग होते हैं। श्री अरविन्द उसे अनन्त का तर्क (Logic of the Infinite) कहते हैं। वे उसे सामान्य तर्क की अपेक्षा अधिक व्यापक एवं पूर्णतर मानते हैं।[१]

अनन्त अथवा असीम का तर्क असीम दिव्य सत्ता का तर्क है; उसे बुद्धि या तर्क द्वारा नहीं, अपितु अतिमानसिक चेतना की अनुभूति द्वारा ही जाना जा सकता है। वास्तव में असीम का तर्क श्री अरविन्द का दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में एक मौलिक योगदान है। उसकी सहायता से वे सत्ता सम्बन्धी गूढ़ समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर सके हैं। "उनका निरपेक्ष या ब्रह्म इतना अखण्ड एवं समग्र है कि उसमें सत्ता के विभिन्न पक्षों को अपने में समन्वित करने तथा उनके बीच विद्यमान खाई को पाटने को क्षमता है।"[२]

श्री अरविन्द चरम सत्ता को उसके सार रूप में पूर्णतः इन्द्रियातीत मानते हैं। उसका वर्णन नहीं हो सकता, किन्तु मानव-चेतना के दृष्टिकोण से उसे त्रिगुणात्मक कहा जा सकता है। वह सत् है, चित् है और आनन्द है। इसलिए वे प्रायः परम सत्ता को सच्चिदानन्द कहते हैं। ध्यातव्य है कि श्री अरविन्द ब्रह्म की शक्ति पर विशेष बल देते हैं। उनके अनुसार ब्रह्म = सत् + चित्-शक्ति + आनन्द है। सद् का अर्थ है—ब्रह्म सत्ता का तीनों कालों में अक्षुण्ण रहना। सृष्टि के पूर्व एकमात्र ब्रह्म ही अव्यक्त था और वही जगत-रूप में व्यक्त हो रहा है। आत्मा से भौतिक वस्तु पर्यन्त सर्वत्र सत् की प्रतीति हो रही है।

सत् वस्तु जड़ नहीं हो सकती है, इसलिए उसका चित् होना भी आवश्यक है। यदि सत् जड़ होता तो चैतन्य का प्रादुर्भाव असंभव था। वस्तुतः जड़-चेतन सृष्टि और उससे परे व्याप्त सत्—सभी चित्स्वरूप हैं। जड़ तत्त्व में चैतन्य शक्ति की विद्यमानता भले ही लोगों को अविश्वसनीय लगे, किन्तु श्री अरविन्द इसे सत्य मानते हैं। जड़ चित्-शक्ति का अभाव न होकर उसकी अभिव्यक्ति है। मात्र मानसिक चेतना को चित् नहीं कहा

१. श्री अरविन्द : द लाइफ डिवाइन, पृ० २९८।
२. मिश्र, आर० एस० : द इंटिग्रल अद्वैतिज्म ऑव श्री अरोविन्दो, पृ० ९७।

जा सकता। चित्-शक्ति अपरिवर्त्य होने पर भी विविध रूपों में प्रकट हो सकती है। वह न केवल देश-काल की सीमा में निबद्ध हो सकती है, अपितु व्याष्टि एवं समष्टि के रूप में भी अभिव्यक्त हो सकती है। आत्मलोप की सहायता से उसका प्रकटीकरण चैतन्य एवं जड़ दोनों रूपों में होता है। ब्रह्म की सत्-चित् शक्तियाँ समानान्तर रूप से प्रकट होती हैं। उनकी विकास-श्रृंखला में एक सामंजस्य है। सत् रूप में सच्चिदानन्द स्वयं को आत्मन् (अधिष्ठान), पुरुष (भोक्ता) और ईश्वर (स्वामी) के रूप में अभिव्यक्त करते हैं तथा चित्-शक्ति माया, प्रकृति और शक्ति के रूप में प्रकट होती है। चित्-शक्ति के त्रिविध रूप सत् के तीन रूपों के समकक्ष हैं और साथ रहने पर इनका स्वरूप आत्मन्–माया, पुरुष प्रकृति एवं ईश्वर–शक्ति हो जाता है।

सच्चित् के अतिरिक्त ब्रह्म आनन्द स्वरूप भी है। उसका आनन्द सौंदर्य, सामंजस्य प्रेम एवं शान्ति अनेक रूपों में प्रकट होता है। सृष्टि की जटिल समस्या का समाधान श्री अरविन्द ब्रह्म के आनन्दमय स्वरूप द्वारा करते हैं। वे औपनिषदिक दृष्टिकोण—'आनन्दाद्धयेव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। आनन्देन जातानि जीवन्ति'—अर्थात् आनन्द से ही सब भूतों की उत्पत्ति होती है, आनन्द में ही वे विलीन हो जाते हैं, का समर्थन इन शब्दों में करते हैं—"विश्वसत्ता शिव का आनन्द-नृत्य है जो ईश्वर को असंख्य रूपों में दृश्य बनाता है, परन्तु वह उस परम सत्ता को ठीक वहीं और उसी रूप में रहने देता है; उसका एकमात्र उद्देश्य है नृत्य का आनन्द।"[१] किन्तु प्रश्न उठ सकता है कि संसार में क्लेश एवं दुःख सर्वत्र व्याप्त है, यहाँ सब कुछ आनन्दमय कैसे मान लिया जाय? अरविन्द के लिए इस प्रश्न का समाधान अत्यन्त सरल है। उनके अनुसार सुख-दुःख सापेक्ष अनुभव हैं किन्तु आनन्द निरपेक्ष और निर्विरोध है। हर्ष-विषाद, दुःख-सुख उसी व्यापक आनन्द में समाविष्ट हैं। इन्द्रिय प्रदत्त मानस प्रत्यय के स्तर पर सुख-दुखों की खण्डशः अनुभूति होती है। अतिमानस स्तर पर आनन्द की अबाधित अनुभूति होती है।

ब्रह्म से सृष्टि किस प्रकार होती है, इस समस्या का निराकरण श्री अरविन्द ने अपने विकास-सिद्धान्त द्वारा किया है। उन्होंने पाश्चात्य दार्शनिकों के यांत्रिक विकासवाद को ठुकराकर अध्यात्मवाद को स्वीकार किया। सत्तावादी, बौद्धिक एवं समष्टिवादी पश्चिमी विकास-सिद्धान्त की उन्होंने पर्याप्त आलोचना किया और बताया कि अतिशय यथार्थवादी दृष्टिकोण आध्यात्मिक पक्ष की अपेक्षा रखता है। इसी प्रकार उन्होंने आध्यात्मिक विकासवादी भारतीय दर्शन में वर्णित जन्म-मृत्यु चक्र के व्यक्तिवादी दृष्टिकोण को भी अस्वीकार कर दिया। इस प्रकार उन्होंने पूर्व एवं पश्चिम के विकास-सिद्धान्तों का संश्लेषण कर हमारे समक्ष एक नये सिद्धान्त को प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने विकास-सिद्धान्त में परम-तत्त्व का अवरोहण एवं आरोहण दोनों स्वीकार किया है।

ब्रह्म अपने चैतन्य के स्तर से स्थूल पदार्थ के स्तर तक अनेक चरण ग्रहण करता है। जगत की अभिव्यक्ति हेतु वह अपनी चित्-शक्ति को अविद्या के रूप में सीमित करता है। अतः अविद्या सच्चिदानन्द का ही स्वसीमित एवं स्वकेन्द्रित निम्न रूप है जो ज्ञान-विरोधी

१. श्री अरविन्द : द लाइफ डिवाइन, पृ० ११९।

नहीं है। यह तो सच्चिदानन्द के अविभाज्य एकता में वर्तमान रहती है और न ही अति-मानस में इसका प्राकट्य मन के स्तर पर होता है। अविद्या का सिद्धान्त मूलतः स्वतंत्र नहीं है क्योंकि ब्रह्म स्वयं अपनी चिच्छक्ति को अपनी इच्छा से अविद्या के रूप में अभिव्यक्त करता है। इस प्रकार श्री अरविन्द का पूर्णाद्वैत न तो अविद्या से प्रभावित होता है और न ही अशुभ एवं दुःख से। क्योंकि अतिमानस स्तर पर क्लेश अथवा दुःख अबाधित आनन्द को प्रभावित नहीं कर पाते हैं। विकास की अवस्थाओं में उनके ये गुण तिरोहित हो जाते हैं।

ब्रह्म अवरोहण के अगले चरण में 'अतिमन' (सुपरमाइंड) में उतरता है। 'अतिमन' ब्रह्म से सर्वथा विपरीत नहीं है। यह ब्रह्म के तीनों पक्षों को विभाजित किये बिना ही विकसित करता है। यह व्यापक एवं सृजनशील तत्त्व है। सृजन-पक्ष की दृष्टि से यह स्वयं सच्चिदानन्द है। यह सच्चिदानन्द तथा जगत् के मध्य एक महत्वपूर्ण कड़ी है और 'एक' के भीतर से 'अनेक' को बाहर निकालने में समर्थ है तथा 'अनेक' को रुपायित भी करता है। अतिमन के पश्चात् अवरोहण ऊर्ध्वमन (over mind) पर होता है। इस स्थान पर एकत्व का स्थान अनेकत्व लेने लगता है। यह अनेकत्व की प्रवृत्ति मन पर ले जाती है। ऊर्ध्वमन में यद्यपि एक सीमा तक सम्पूर्ण को ग्रहण करने की क्षमता होती है, किन्तु मन अपनी वस्तुओं को विभाजित करके ही देख सकता है। मन के बाद परम सत्ता का संक्रमण अधिक दुर्बोधर क्षेत्र—जीवन में होता है। इस अवस्था में वासना एवं वृत्ति का प्रादुर्भाव होता है। जब सत्ता और भी गहरे उतरकर पदार्थ अथवा भौतिक वस्तु के स्तर तक पहुँचती है तब चैतन्य का प्रायः लोप हो चुका होता है। इस प्रकार ब्रह्म अपनी अधोमुखी यात्रा पूरी करता है।

श्री अरविन्द उपनिषदों का अनुकरण करते हुए सत्ता के सात पक्ष मानते हैं—भौतिक वस्तु, जीवन, मन, अतिमन, आनन्द, चित्-शक्ति एवं सत्। इन्हें ब्रह्म का क्रमिक विकास या दूसरी ओर से क्रमिक ह्रास कहा जा सकता है। इनका विभाजन कालक्रमानुसार नहीं होता। ये एक समय में विभिन्न केन्द्रों में स्थित सत्ता के विविध पक्ष हैं। अलग-अलग पक्ष प्रतीत होने पर भी वे सब शाश्वत एवं अखण्ड हैं। प्रत्येक पक्ष अखण्डानन्द ब्रह्म का एक विशिष्ट रूप अभिव्यक्त करता है। ब्रह्माण्ड के एक लघु अंश-रूप में, मानव के अन्दर सत्ता के प्रथम तीन पक्ष-भौतिक वस्तु, जीवन एवं मन प्रकट होते हैं। साथ ही सभी पक्षों को संश्लिष्ट करने वाली आत्मा भी विद्यमान होती है जो अपरिवर्त्य एवं एकरस रहती है। अतः आत्मन् की गणना से कुल आठ पक्ष हो जाते हैं—

सत्	—	भौतिक वस्तु
चित्-शक्ति	—	जीवन
आनन्द	—	आत्मा
अतिमन	—	मन

उपनिषदों में भी वैदिक ऋषियों ने सप्त-रश्मियों का उल्लेख किया है। कहीं-कहीं उनकी संख्या बारह तक मिलती है। श्री अरविन्द ने सृष्टि-सिद्धान्त की व्याख्या हेतु सत्ता के इन

आठ सूत्रों को मान लिया। श्री अरविन्द के अनुसार विकास का निम्न सिद्धान्त, उच्च सिद्धान्त का अधीनस्थ है। मन, जीवन एवं भौतिक सत्ता क्रमशः अतिमन, चित्-शक्ति और सत् के गौण रूप हैं। इसी प्रकार आत्मा आनन्द का प्रक्षेपक है। उपर्युक्त प्रथम पंक्ति में ब्रह्म का जगत् की ओर अवतरण एवं द्वितीय पंक्ति में ब्रह्म की ओर आरोहण दिखाया गया है। ऊपर एवं नीचे का संधि-स्थल वह है जहाँ मन एवं अतिमानस बीच में एक आवरण डालकर मिलते हैं। इस आवरण का उन्मोचन ही दिव्य जीवन की प्राप्ति है, क्योंकि अनावरण-स्थिति में मन, जीवन और भौतिक वस्तु—सभी ब्रह्म की दिव्यता से संचारित हो उठते हैं।

श्री अरविन्द की मान्यता है कि सम्पूर्ण विकास चेतना का विकास है जो स्वेच्छा से जड़-पदार्थ में प्रसुप्त रहती है। भौतिक वस्तु सन्निहित चेतना का उद्भव ही विकास की सतत प्रक्रिया है। आध्यात्मिक विकास ही इस पार्थिव अस्तित्व का मूल स्वर, इसका केन्द्रीय सार्थक हेतु है—"निरन्तर विकासशील स्वरूपायन के रूप में पदार्थ में चेतना का तब तक विकास जब तक रूप अन्तर्वासी आत्मा का उद्घाटन न कर दे।"[1] अतः अरविन्द के अनुसार उच्चतम विकास निम्न विकास के कारण ही संभव हुआ, क्योंकि उसकी मूलभूत सत्ता पूर्व रूप में उपस्थित थी।

विकासवादी सिद्धान्त की तीन प्रमुख विशेषताओं की ओर संकेत करते हुए श्री अरविन्द ने उन्हें विस्तारण (वाइडनिंग), उर्ध्वीकरण (हाइटनिंग) तथा समग्रीकरण (इन्टोग्रेशन) की सज्ञाएँ दी हैं। विस्तारण का अर्थ विभेदीकरण, संगठन तथा अभिव्यक्ति की विविधता से है। देह के संगठित एवं जटिल होने पर उससे जीवन प्रकट होता है। शरीर की अत्यधिक जटिलता मन को प्रकट करती है किन्तु साथ ही ऊर्ध्वीकरण की प्रक्रिया निरन्तर चलती रहती है। उर्ध्वीकरण का अर्थ है—चेतना का एक से दूसरे स्तर पर आरोहण, न कि फैलाव या विस्तार। परन्तु विकास की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता, उसकी समग्रता एवं अखण्डता है। इसके परिणाम में निम्न तत्त्व का विकास होने पर वह नष्ट नहीं हो जाता, अपितु उच्चतर तत्व से अनुप्राणित एवं जीवन्त हो उठता है। इस प्रकार श्री अरविन्द का पूर्णाद्वैत जड़ पदार्थ, जीवन, एवं मन जैसे निम्न तत्त्वों का निषेध नहीं करता, बल्कि परम सत्ता अथवा ब्रह्म के विविध रूप एवं स्तर मानता है।

पाश्चात्य विकास-सिद्धान्त में उच्चतर तत्त्वों का आविर्भाव होने पर निम्नतर तत्त्वों का नाश अथवा अपनी पूर्व-स्थिति में बना रहना आवश्यक होता है। अद्वैत वेदान्त भी मानव के विकास के लिए आत्मा से शरीर एवं जीवन के निम्नतर तत्त्वों का पृथक्करण कर देता है। परन्तु श्री अरविन्द इन दोनों सिद्धान्तों को दोषपूर्ण बताते हैं और विकास प्रक्रिया के चार सोपान बतलाते हैं—जड़ पदार्थ, जीवन, मन तथा अतिमन।

विकास का प्रारम्भ जड़-पदार्थ से होता है क्योंकि इस स्तर पर परम चैतन्य को बोध होता है कि आवरण-प्रक्रिया अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी है। अतः स्वयं चैतन्य ही पदार्थ को विकसित होने की प्रेरणा देता है। फलस्वरूप जीवन का प्राकट्य होता है।

१. श्री अरविन्द : द लाइफ़ डिवाइन, पृ० ७३४।

चैतन्य का उदय जड़ पदार्थ में सर्वप्रथम जीवन के ही माध्यम से होता है; फिर चैतन्य वनस्पति-जगत में स्वयं को अभिव्यक्त करता हुआ पशु-जगत में घूमता है। वहाँ वह अधिक स्वतंत्र होने के कारण संवेदनशील शरीरधारी प्राणी में अपनी मानसिकता को प्रगट करता है। पुनः वह परम चैतन्य स्वचेतन, विश्लेषण प्रधान एवं विवेकशील मानव-मन में स्वाभिव्यक्त करता है। वर्तमान समय तक विकास यहीं तक पहुँचा है, परन्तु श्री अरविन्द का विश्वास है कि विकास के अगले चरण में चैतन्य अतिमन के स्तर तक अवश्य पहुँचेगा। इस प्रक्रिया का सम्पादन आत्मिक, आध्यात्मिक एवं अतिमानसिक परिवर्तनों द्वारा संभव होगा।

श्री अरविन्द का पूर्णाद्वैत दर्शन तत्त्व-मीमांसा की शाश्वत समस्याओं—जैसे एक और अनेक, सत् और संभूति, ब्रह्म और माया, ईश्वर और जगत् तथा असीम एवं ससीम के बीच सम्बन्ध—को अत्यन्त सफलतापूर्वक सुलझाता है। उसकी सबसे बड़ी विशेषता है—समन्वय और संश्लेषण; उसमें जीवन के नाना पक्षों जैसे कर्म और ज्ञान, प्रेम और शक्ति तथा मानव अनुभव के विविध पहलुओं जैसे विज्ञान और रहस्यवाद तथा बुद्धि एवं अन्तःप्रज्ञा के बीच विलक्षण सामंजस्य स्थापित किया गया है। वस्तुतः भारतीय दार्शनिक चिन्तन के क्षेत्र में श्री अरविन्द के पूर्णाद्वैत सिद्धान्त ने मानव को ईश्वर का क्रीड़ा-साथी निरुपित कर उसे अत्यधिक गौरवशाली पीठिका पर प्रतिष्ठित किया है, जो कि एक अभूतपूर्व उपलब्धि है।

महात्मा अरविन्द और सांख्य-दर्शन

सुश्री चन्द्रलेखा पन्त,

शोधछात्रा, उच्चानुशीलन दर्शन केन्द्र, का० हि० वि० वि०

महर्षि अरविन्द पूर्व के महान् साधक, विचारक एवं दार्शनिक थे। बीसवीं शती के प्रारंभ में ब्रिटिश दासता की शृंखला में जकड़ा हुआ भारत अपनी शक्ति को पहचानने एवं पश्चिम की सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं सामाजिक क्रान्तियों के परिप्रेक्ष्य में अपनी स्थिति को समझने का प्रयत्न कर रहा था। तत्कालीन भारत की दशा अमावस्या के अंधकार पूर्ण आकाश की तरह थी, जिसमें कुछ विशिष्ट प्रतिभाएँ अपने तेजोपम व्यक्तित्व के द्वारा जनमानस में चेतना लाने का प्रयास कर रहीं थी। इसी युग में देश ने महात्मा गाँधी, स्वामी रामतीर्थ, महर्षि दयानन्द, स्वामी विवेकानन्द, ठाकुर रवीन्द्रनाथ टैगोर, पं० लोकमान्य तिलक आदि प्रमुख चिन्तक, धर्मप्रचारक, दार्शनिक एवं जनसेवक पैदा किया। इन महापुरुषों ने राष्ट्र को अपने अतीत की महान् उपलब्धियों और गौरव का स्मरण करा विदेशी प्रभुत्व के विरुद्ध ऐक्यबद्ध होकर उठ खड़े होने का आह्वान किया। इन्हीं के मध्य योगिराज अरविन्द एक ज्वाज्ज्वल्यमान नक्षत्र के रूप में आविर्भूत हुए। भारत की तत्कालीन परिस्थिति का उन पर काफी प्रभाव पड़ा और उन्होंने अपने राजनीतिक विचारों द्वारा जनमानस को काफी हद तक प्रभावित किया।

महर्षि अरविन्द की प्रमुख उपलब्धियाँ आध्यात्मिक क्षेत्र में हैं। उनके दार्शनिक विचारों का धरातल सांख्य, योग, वेदान्त और गीता की नींव पर आधारित है। श्री अरविन्द के दर्शन का घनिष्ठ संबंध सांख्य-योग से है। उन्होंने स्वयं अपने दर्शन को नहीं, बल्कि अपने सांख्ययोग को मौलिक कहा है।[1] इन्होंने सांख्य व योग दर्शन की अभिव्यक्ति के लिए मुख्यतः वेदान्तिक विचारों का आश्रय लिया।

श्री अरविन्द सांख्य और योग को एक ही वेदान्त के द्वारा प्रतिपाद्य चरमोत्कर्ष की ओर ले जाने वाले दो मार्ग मानते हैं। ये दोनों मार्ग एक दूसरे के पूरक तथा वेदान्त की सत्यता की सिद्धि में सहायक हैं। सृष्टि में त्रिगुणात्मिका प्रकृति की माया सर्वत्र व्याप्त है। इस जगत् की सृष्टि प्रकृति-पुरुष संयोग से ही हुई है। कर्म का कर्ता मनुष्य नहीं है बल्कि त्रिगुणमयी शक्ति के द्वारा ही प्रकृति कर्तृत्व युक्त होती है,[2] ऐसा उनका कथन है।

सांख्य-दर्शन तत्वों का विश्लेषण, विभाजन और विवेचन है। सांख्य दर्शन द्वैत को मानता है जिसका अर्थ यह है कि इस कार्य स्वरूप समस्त संसार का कारण कोई एक तत्व न होकर दो तत्त्वों में निहित है। ये तत्त्व हैं, प्रकृति और पुरुष।

प्रकृति की सिद्धि के लिए सांख्य-दर्शन में 'भेदानां परिमाणात्'[3] आदि युक्तियाँ दी गयी हैं। प्रकृति जड़, निष्क्रिय, अचेतन और त्रिगुणात्मक है। महत् से लेकर पंचमहाभूत

---

1. The Riddle of this Universe, Footnote, P. 32.
2. Essays on the Gita, P. 51.
3. सांख्यकारिका, १५, १६।

तक समस्त २३ तत्त्वों का कारण स्वरूप है। सभी की उत्पत्ति प्रकृति से हुई है। सभी कार्यों का एकमात्र आधार प्रकृत है। अतः इसे प्रधान भी कहा गया है, किन्तु प्रकृति का कोई कारण नहीं है। यह कर्त्री है, एक, सर्वव्यापक, नित्य, निष्क्रिय और स्वतन्त्र है।[१]

सांख्य-दर्शन में ज्ञान प्राप्त करने वाले को पुरुष माना गया है। 'संघातपरार्थत्वात्'[२] द्वारा सांख्य दर्शन पुरुष की सिद्धि करता है। पुरुष स्वयं अकर्ता है किन्तु चेतन रूप है। वही आत्मा अक्षर तथा स्वयं प्रकाश है। पुरुष स्वयं कुछ नहीं करता है, पर वह प्रकृति को क्रियाशीलता को आभासित करता है। प्रकृति स्वयं विचारशून्य है किन्तु पुरुष से मार्गदर्शन पाकर वह अनेक प्रकार से जगत् की सृष्टि करती है। प्रकृति जब पुरुष के संपर्क में आती है तब उसमें पुरुष की चेतना शक्ति का बिंब पड़ने लगता है और उससे चैतन्य प्राप्त करके सृष्टि, स्थिति और प्रलयादि कार्यों को करती है।

सांख्य-दर्शन 'पुरुष बहुत्व' का समर्थक है। उसके अनुसार पुरुष एक न होकर अनेक हैं। पुरुष प्रत्येक क्षेत्र में पृथक्-पृथक् हैं। क्योंकि यदि एक ही पुरुष होता तो एक के जन्म से सभी का जन्म होता, एक के मरण से सभी मृत्यु को प्राप्त होते और एक के इन्द्रिय-दोष से सभी में इन्द्रिय-दोष पाया जाता। किन्तु व्यवहार दशा में ऐसा द्रष्टव्य नहीं है। अतः पुरुष की अनेकता स्वयं सिद्ध है।[३] सांख्य की प्रकृति त्रिगुणात्मिका है—'सत्व रजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः'' । उसमें सत्त्व, रज और तमोगुण का समन्वय है। सत्व हल्का होता है, प्रकाश करना उसका कार्य है। रजस् में प्रवृत्तिशीलता है, उत्तेजकता उसका गुण है और तमोगुण भारी होने के कारण व्यावर्तक है। सत्व गुण ज्ञान का बीज है। यह प्रकृति के कर्मों का स्थापक है। रजोगुण शक्ति और कर्म का कारण है। यह प्रकृति की क्रियाओं की सृष्टि करता है। तमस जड़ता का कारण है ये तीनों सत्त्व, रजस् और तमस गुण प्रकृति में ही आश्रय रूप से रहते हैं। विकास की अवस्था में इन गुणों में क्षोभ उत्पन्न होता है। क्षोभ की अवस्था में तीनों गुण एक दूसरे पर अधिकार करने की चेष्टा करते हैं। प्रकृति के गुणों में जब इस प्रकार का वैषम्य उत्पन्न होता है तब उससे महत्, महत् से अहंकार उत्पन्न होता है। अहंकार अभिमानात्मक है। इसमें भी तीनों गुणों के मिलने के कारण इसके तीन रूप हैं। इसके सात्त्विक अंश से ग्यारह इन्द्रियों की अभिव्यक्ति होती है। तमोगुण विशिष्ट अहंकार से पंचतन्मात्राओं की तथा तैजस् रूप अहंकार सात्त्विक तथा तामस इन दोनों अंशों को अपना-अपना कार्य करने में सहायता देता है। फिर आगे चलकर तमोगुण विशिष्ट अहंकार से उत्पन्न शब्दादि पंचतन्मात्राओं से क्रमशः आकाशादि पंचमहाभूतों की उत्पत्ति होती है।

यह सृष्टि का विकास तभी तक रहता है, जब तक पुरुष को तत्त्व ज्ञान नहीं होता है। विवेक-ज्ञान से पूर्व की अवस्था में पुरुष प्रकृति से अपने को भिन्न न समझने के कारण सुख, दुःख, मोहात्मक शब्द, स्पर्शादि प्रकृति के परिणामों को, ये मेरे हैं ऐसा अभिमान करता

१. वही, १०।
२. वही, १७।
३. सांख्यकारिका, १८।

हुआ भोगता रहता है, किन्तु तत्त्व ज्ञान हो जाने पर, अपने शुद्ध स्वरूप को जान लेने पर वह बंधन विमुक्त हो जाता है। सांख्य-दर्शन में पुरुष स्वभाव से ही निर्लिप्त और त्रिगुणातीत है। प्रकृति के साथ पुरुष का जो तादात्म्य है, वह केवल भ्रम है। इसी भ्रम का निवारण करना मोक्ष या कैवल्य है। यह रहा सांख्य-दर्शन का सार।

श्री अरविन्द ने सांख्य-दर्शन की व्याख्या में प्रकृति को त्रिगुणात्मिका ही माना है। उनके अनुसार कार्यवाहिका प्रकृति सत्त्व, रज और तम इन तीन गुणों से युक्त है।[१] उनके अनुसार पुरुष और प्रकृति के सभी संबंध ब्रह्म की शाश्वतता के अंतर्गत होने वाली घटनाएँ हैं। उनके संबंधों को प्रकाश में लाने वाली तथा उनका कारणभूत इन्द्रियाँ और गुण इसी परमात्मा के साधन हैं। प्रकृति और पुरुष अनादि ब्रह्म के अंश समान हैं। यह वह द्वैत है जो ब्रह्म की सर्वव्यापी सत्ता के कार्यों का आधार है। पुरुष अनादि और अनन्त है प्रकृति भी इन्हीं गुणों को वहन करती है। प्रकृति सृष्टि और कर्म करती है। पुरुष उसी निर्माण शक्ति तथा कृति का उपभोग करता है।

श्री अरविन्द के अनुसार आत्मा अनादि, अनन्त है। प्रकृति के सभी गुण अपने साररूप में गुणात्मक हैं और इसी कारण से वे उसके गुण कहलाते हैं। सूक्ष्म तथा विविधता में अनन्ततः जटिल प्रकृति के संपूर्ण गुणात्मक व्यापार को गुण की सत्त्व, रज और तम इन तीनों अवस्थाओं से युक्त पाते हैं। ये तीनों गुण सर्वत्र उपस्थित हैं। प्रकृति और उसके गुण तथा अन्यान्य २३ तत्त्वों में तो श्री अरविन्द के दर्शन और सांख्य दर्शन में कोई विशेष भेद नहीं है किन्तु पुरुष प्रकरण में जहाँ एक ओर सांख्य-दर्शन बहुपुरुषवाद का समर्थन करता है वहीं दूसरी ओर श्री अरविन्द पुरुष को एकत्व रूप में ही स्वीकार करते हैं। उनका कथन है कि सांख्य के मूल तत्त्वों के निरीक्षण की सूक्ष्म विश्लेषणात्मक पद्धति के कारण पुरुष बहुलता के सिद्धान्त को मानना सांख्य के लिए आवश्यक हो जाता है। इसमें एक कारण यह भी है कि इस संसार में अनेक सचेतन प्राणी हैं। प्रत्येक प्राणी का जगत के सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न अनुभव होता है। जगत की प्रत्येक वस्तु का अनुभव वह स्वतंत्र रूप से करता है। यदि पुरुष एक ही होता तो सभी प्राणियों का जगत संबंधी अनुभव एक ही होता और प्रकृति के एक ही होने के कारण सभी प्राणियों के संबंध में आन्तरिक और बाह्य अनुभव एक से ही होते। इसलिए सांख्य-दर्शन को अनेक पुरुष मानना ही अभीष्ट है।[२] किन्तु यदि पुरुष बहुत्व को स्वीकार कर लिया जाय तो यह उचित रूप से समझ में नहीं आता है कि किसी पुरुष को स्वतंत्र रूप से आत्मानुभूति हो और मोक्ष प्राप्त हो जाय जब कि उसी के समान अन्य लाखों-करोड़ों पुरुष बद्ध ही पड़े हैं। प्रकृति का कोई पृथक अस्तित्व नहीं है। वह परम ब्रह्म की ही एक शक्ति है जो सृष्टि संबंधी कार्यों को करती है। यदि परमेश्वर को अक्षर पुरुष माना जाय और व्यष्टि पुरुष को उसका अंश रूप मान लिया जाय जो अपने कारण से निकल कर प्रकृति के साथ इस सृष्टि में संयुक्त हुआ है तो जिस समय वह अंश रूप पुनः अपने कारण में लीन हो जायगा, उसी क्षण यह समस्त सृष्टि क्रिया समाप्त हो जायगी और वही

1. The Synthesis of yoga, P. 848.
2. Essays on the Gita, P. 107.

परम ब्रह्म परमेश्वर ही रहेगा।[1] अतः एक ही पुरुष परमेश्वर को मानना ही ठीक रहेगा। अहंकार सभी के लिए समान है। उसमें भेद हो, यह बात जरूरी नहीं है। यह अहंकार प्रकृति का ही एक तत्त्व है।

श्री अरविन्द पुरुष को अक्षर, अचल और नित्य मुक्त मानते हैं। वेदान्त का समन्वय करते हुए उन्होंने उसी पुरुष को अविकार्य, अज और ब्रह्म स्वरूप माना है। अतः प्रतीत होता है कि उसी ब्रह्म की सत्ता में ही ईश्वर-तत्त्व का समावेश है। यद्यपि वे पुरुष को अचल मानते हैं तथापि सृष्टि संबंधी कर्मों का उत्पादक तथा नियंत्रक भी उसी को मानते हैं। वेदान्त तथा सांख्य दोनों का एकीकरण करते हुए तथा वेदान्तिक विचारधारा का आश्रय लेते हुए श्री अरविन्द कहते हैं कि जब आत्मा अपने नित्य सनातन ब्रह्म स्वरूप में लौट आता है तब उसके लिए माया का कोई महत्व नहीं रहता है और विश्वसृष्टि को क्रिया भी तिरोहित हो जाती है।

श्री अरविन्द के अनुसार पुरुष आत्मा है। वह अपनी प्रकृति की क्रियाओं को जानता है। अपनी सत्ता के आनन्द में उनका उपभोग करता है तथा इच्छानुसार उपभोग का त्याग भी कर देता है।[2] प्रभुत्व सत्ता से युक्त यह पुरुष आत्मा स्वयं अपनी अभिव्यक्तियों से परे है और इन पर प्रभुत्व रखता है। यह अपनी सत्ता के प्राकट्य की शक्ति के रूप में विकसित है। सांत में अनन्त है एवं अनन्त में सात तथा परिवर्तनशील है। यह पुरुष एकत्व विशिष्ट है। यह अक्षर कूटस्थ अविकार्य पुरुष निश्चल, नीरव और निष्क्रिय आत्मा है। यह प्रकृति और उसके कार्यों से सर्वथा रहित अकर्ता पुरुष है। उत्तम पुरुष परमेश्वर, परब्रह्म, परमात्मा है जिसमें अक्षर का एकत्व और क्षर का बहुत्व दोनों ही सन्निविष्ट हैं।[3] यही पुरुष पुरुषोत्तम, ईश्वर, परमेश्वर, जगत का आदि कारण और प्रज्ञा रूप है। केवल एकमेव भगवान् ही सत् हैं। वही सनातन ऋत, पवित्रता एवं सत्य है।[4]

श्री अरविन्द की दृष्टि में प्रकृति आत्मा की शक्ति है और उसकी क्रिया मूल रूप से गुणरूप ही होती है। ये गुण प्रकृति द्वारा निर्मित सभी पदार्थों में एक दूसरे के साथ मिले रहते हैं तथा आपस में संघर्षशील भी रहते हैं। प्रकृति के इन् गुणों में किसी एक की प्रधानता या इनके अनुपात की प्रतिक्रिया के द्वारा ही हमारे कर्मों और अनुभवों का स्वरूप निर्धारित होता है।[5] उनके अनुसार ये तीनों सत्त्व, रज और तम नामक गुण हमारी प्राकृत सत्ता से प्रत्येक भाग पर सक्रिय रहते हैं। सत्त्व गुण का प्रबलतम प्रभुत्व मन पर, रजोगुण का प्राण पर तथा तमोगुण का शरीर पर होता है। इस प्रकार मन, प्राण और शरीरयुक्त प्राणी की संपूर्ण प्रकृति का निर्धारण इन तीनों गुणों द्वारा होता है। प्रकृति के मौलिक अंशदान दो हैं—गुण और द्वंद्व। प्रकृति की जिस निम्न क्रिया में अर्थात् अपरा प्रकृति में हम जीवन यापन करते हैं उसके अंदर कुछ एक मूल गुण हैं। वे गुण उसकी निम्नता

1. Essays on the Gita, P. 377.
2. The synthesis of yoga, P. 716.
3. Essays on the Gita, P. 113.
4. The synthesis of yoga, P. 643.
5. Ibid, P. 782.

का संपूर्ण आधार है। आत्मा जब अपरा प्रकृति के गुणों से रहित हो जायगी और त्रैगुण्यातीत की स्थिति में पहुँचेगी, तब प्रकृति की द्वंद्वमय क्रिया समाप्त हो जायगी।

आत्मा की मुक्ति तभी होती है जब अपनी आत्मा को विश्वात्मा के साथ एक कर दें और विश्व से परे भी भगवान् के साथ एकात्म हो जायँ और सर्वोच्च दैव प्रकृति को ग्रहण करें—यही वास्तव में मुक्ति का आशय है और यही आत्मा की सर्वाङ्ग पूर्णता है।

पुरुष और प्रकृति के द्वैत के विषय में श्री अरविन्द का कथन है कि यह द्वैत केवल एक बाह्य प्रतीयमान तथ्य है। प्रभुत्त्व संबंधित वास्तविक सत्य तो एकमेव आत्मा परम पुरुष अथवा पुरुषोत्तम है जिसे हम विश्व के रूप में अनुभव ही करते हैं। यह विश्व प्रकृति निष्क्रिय नहीं है किन्तु यह अपने समस्त कार्य-व्यापारों में विश्वात्मा के द्वारा संचरित होती है। वास्तविक सत्य तो केवल एक परम ईश्वर ही है जो इस विश्व प्रकृति में निहित सभी पदार्थों में अपनी सत्ता की अभिव्यक्ति करता है।[1]

मुक्ति की व्याख्या के संदर्भ में श्री अरविन्द कहते हैं कि मुक्ति प्राप्त करने के लिए हमें गुणों का व्यतिक्रम करना पड़ेगा और त्रिगुणातीत होने के लिए हमें निम्न अर्थात् अपरा प्रकृति के कर्म को त्यागना पड़ेगा। परिणाम यह होगा कि व्यक्ति कार्य करने के लिए प्रवृत्त नहीं होगा और गुण अपने-अपने को प्रबल करने के लिए एक दूसरे से छुटकारा पाने की चेष्टा करेंगे। इस प्रकार ये परस्पर विषय गुण संतुलन की अवस्था में जब पहुँचते हैं तो प्रकृति का संपूर्ण कार्य व्यापार बन्द हो जाता है और अन्तरात्मा अपनी शांति में विश्राम लेती है।[2] इस प्रकार प्रकृति मुक्त हो जाती है।

सांख्य-दर्शन प्रकृति में अहंकार को स्थान देता है, पुरुष बहुत्व को नहीं। सांख्य-दर्शन में पुरुष प्रकृति का अंश स्वरूप न होकर उससे सर्वथा भिन्न स्वतंत्र अस्तित्व वाला है। इसके विपरीत श्री अरविन्द कहते हैं कि परमेश्वर ही अपने स्वभाव से जीवरूप में उत्पन्न होता है किन्तु ऐसा संभव नहीं जान पड़ता है, क्योंकि विश्व प्रकृति चौबीस तत्त्वों से युक्त है। चौबीस तत्त्वों से अतिरिक्त २५ वाँ तत्त्व उसमें है ही नहीं। गीता में भगवान् कृष्ण इसका समाधान करते हैं कि यह ठीक है कि त्रिगुणात्मिका प्रकृति के बाह्य कर्म इसी प्रकार हैं, और इसमें पुरुष और प्रकृति का संबंध भी जिस प्रकार बतलाया गया है वह ठीक है। किन्तु वास्तव में यह त्रिगुणात्मिका अपरा प्रकृति है जो जड़ एवं बाह्य है। दूसरी चित् स्वरूपा पराप्रकृति इसके विपरीत है। पराप्रकृति का ही दूसरा रूप जीव है।[3]

सांख्य-दर्शन ईश्वर के अस्तित्त्व में विश्वास नहीं रखता है। अतः आधुनिक भाषा में इसे अनीश्वरवादी कहा गया है। इसके विपरीत श्री अरविन्द परम सत्ता के रूप में ब्रह्म या ईश्वर को स्वीकार करते हैं। अतः संक्षेप में कहा जा सकता है कि श्री अरविन्द एकत्व विशिष्ट सेश्वर सांख्य के समर्थक हैं।

---

1. The synthesis of Yoga, p. 862.
2. The synthesis of Yoga. p. 787.
3. The synthesis of Yoga. p. 875.

अतिमानव : श्री अरविन्द और नीत्शे

राधेश्याम श्रीवास्तव

श्री अरविन्द योगी होने के साथ-साथ दार्शनिक भी थे। वे कोरे रहस्यवादी अथवा द्रष्टा ही नहीं, बल्कि माध्यमिक और ब्रेडले के जोड़ के तार्किक, कांट और हेगेल के समान बुद्धिवादी थे। श्री अरविन्द के दर्शन पर वेद, उपनिषद्, गीता तथा यूनानी दर्शन का प्रभाव दिखाई पड़ता है। इसके अतिरिक्त कश्मीर के शैवसिद्धान्त, तंत्र तथा आधुनिक विकासवाद और मानवतावाद से भी वे प्रभावित प्रतीत होते हैं। अरविन्द का दर्शन बौद्धिक तर्क की सीमा से आबद्ध न रहकर अतिमानस के अनुभव पर अवस्थित है। वहाँ प्रयुक्त होने वाला तर्क अनन्त का तर्क (Logic of infinite) कहा जाता है।

अतिमानस की अवधारणा अरविन्द दर्शन का एक विशिष्ट तथा मौलिक योगदान है। उसका सूत्रपात उन्हें वेदों में मिलता है, लेकिन अब तक किसी दार्शनिक ने उसे इतना महत्त्व नहीं दिया था। अतिमानस की धारण ही अरविन्द दर्शन का केन्द्र बिन्दु है। उनके अनुसार अतिमानस का प्राकट्य ही जीवन का अन्तिम उद्देश्य है। अतिमानस मानव चेतना के परे है। अरविन्द दर्शन का उद्देश्य मानव में अतिमानस के अवतरण की प्रक्रिया को स्पष्ट करना है।

श्री अरविन्द दर्शन के अनुसार सच्चिदानन्द ब्रह्म अन्तिम यथार्थ सत्ता है। यदि हम सच्चिदानन्द शब्द का विश्लेषण करें तो पायेंगे कि इसके तीन पहलू हैं : सत्, चित् और आनन्द। सत् का अर्थ है ब्रह्म का अस्तित्व तीनों कालों में समान रूप से अक्षुण्ण रहता है। सांख्य और वेदान्त भी इस दृश्यमान परिवर्तनशील जगत् के अन्दर अपरिवर्तनशील शाश्वत सत्ता को स्वीकार करते हैं किन्तु कुछ दर्शनों में जैसे बौद्ध-दर्शन में परिवर्तनशील जगत् को ही सत् माना गया है। सत् वस्तु का चित् होना आवश्यक है क्योंकि वह जड़ नहीं हो सकता। यदि सत् जड़ होता तो उससे सर्वत्र अनुभूत होनेवाली चेतना उत्पन्न न हो पाती। जड़-चेतन सृष्टि और उसके परे व्याप्त सत् सब चित्रूप हैं। यद्यपि जड़ वस्तु में चित्-शक्ति की सत्ता मानना कठिन प्रतीत होता है किन्तु वह किसी न किसी रूप में अपरिहार्य है। चित् केवल मानसिक-चेतना ही नहीं, अपितु चित्-शक्ति ज्ञान और संकल्प की समुच्चय सृजन शक्ति भी है। सत् चित्त के अतिरिक्त ब्रह्म आनन्द स्वरूप भी है। उसका आनन्द सत्ता के विभिन्न स्तरों पर—सौन्दर्य, सामंजस्य, सुख, शान्ति, समरसता, प्रेम आदि रूपों में प्रकट होता है। सृष्टि की उत्पत्ति का प्रश्न श्री अरविन्द ब्रह्म के आनन्द से ही हल करते हैं। वे कहते हैं, "मैं तान्त्रिक हूँ। मेरे विचार से संसार की उत्पत्ति आनन्द से होती है, आनन्द में ही वह रहता है और आनन्द से आनन्द में ही वह नृत्य करता रहता है। आनन्द और शक्ति ही सत्ता के दो वास्तविक पक्ष हैं।"[1] वे उपनिषद् वाक्य उद्धृत

1. Yogic Sadhan, p. 83.

करते हुए कहते हैं"—"आनन्दाद्धयेव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। आनन्देन जातानि जीवन्ति।" अर्थात् आनन्द से ही सब भूतों की उत्पत्ति होती है, आनन्द में ही विलीन हो जाते हैं।[1]

श्री अरविन्द सृष्टि की उत्पत्ति अज्ञान से मानते हैं, किन्तु अज्ञान विषयक उनकी धारणा अन्य वेदान्तियों से भिन्न है। अज्ञान ज्ञान का विरोधी नहीं, अपितु उसका पूरक है। ज्ञान एवं अज्ञान एक ही ब्रह्म के दो रूप हैं। श्री अरविन्द अज्ञान का उद्गम चित्-शक्ति-तपस के केन्द्रीकरण या एकाग्रीकरण (Concentration) से मानते हैं। सृष्टि ज्ञान के बिना भी विद्या माया द्वारा होती है, वह उच्चतर लोक की सृष्टि है। मानव लोक की सृष्टि अज्ञान या अविद्या द्वारा होती है। शंकर के दर्शन में अज्ञान की उत्पत्ति ही नहीं मानी जाती, परन्तु श्री अरविन्द का कहना है कि यदि हम अज्ञान की उत्पत्ति नहीं मानते तो द्वैत बना रहता है। पूर्णाद्वैत की स्थापना के लिए यह आवश्यक है कि हम अज्ञान को दिव्य चेतना की स्वतन्त्रतापूर्वक अपने को सीमित, तिरोहित तथा विभक्त करने की शक्ति मानें। वह शक्ति ही योगमाया है। अज्ञान का यह रूप मानने से सृष्टि के कारण ब्रह्म में कोई विकार नहीं आता। ब्रह्म अपने स्वरूप की अभिव्यक्ति के लिए परिवर्तनशील रूप धारण करता है, यही उसका अवतरण है। इस अवतरण के अनेक स्तर हैं, जिनमें से कुछ मानस तत्त्व के ऊपर तथा कुछ नीचे हैं। जड़, जीवन तथा मनस् निम्न परिधि में हैं तथा अतिमानस, चित्, सत् एवं आनन्द ऊर्ध्व परिधि में हैं। इन दोनों को जोड़ने वाली कड़ी अतिमानस है। मानस तत्त्व तथा अतिमानस के बीच अनेक स्तर हैं। अवतरण की शृंखला में सबसे ऊपर अतिमानस और सबसे नीचे जड़ तत्त्व है।

श्री अरविन्द के विकासवाद का यदि हम सूक्ष्मावलोकन करें तो उसमें तीन प्रमुख विशेषताएँ पायेंगे। एक तो उसमें 'सर्वमुक्ति' की भावना है। श्री अरविन्द ही पहले दार्शनिक हुए हैं जिन्होंने सर्वमुक्ति की बात कही है। उनका विश्वास था कि समग्र मानवता मुक्ति की ओर अग्रसर हो रही है। दूसरे, मुक्ति की अवस्था में किसी भी अवस्था का विलय नहीं हो जाता, वरन् मुक्ति में शरीर, जीवन और मनस् सबका रूपान्तर होकर एक नवीन जीवन की प्राप्ति होती है। तीसरा, मनुष्य का लक्ष्य अतिमानव बनना है। उसमें उसकी समस्त सत्ता का रूपान्तरण हो जाता है।

अज्ञान ही बंधन का कारण है। अज्ञान का नाश मोक्ष या मुक्ति कहलाता है। श्री अरविन्द मानते हैं कि मानवमुक्ति शरीर और मनस् की वर्तमान दुःख और बुराई की सीमा से स्वतंत्र होना ही है और यह तभी संभव है जब मनस् आरोहरण के द्वारा अति-मानसिक चेतना की प्राप्ति करे। अतिमानस का अवतरण जब मानस में हो जायेगा, तभी वह मुक्त होगा। अतिमानस के अवतरण से जड़, जीवन और मनस् का मौलिक रूपान्तर हो जाता है। अतिमानस से तात्पर्य है दिव्य प्रकृति की परिपूर्ण ऋत-चेतना, जहाँ विभाजन तथा अज्ञान के तत्व के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। वह नित्य परिपूर्ण ज्योति एवं ज्ञान है सकल मनोधातु से मन की सकल गति से श्रेष्ठतर। हमारे मन की

1. The Life Divine, p. 120.

क्रियाओं में सत्ता, ज्ञान-चेतना और इच्छा-चेतना विभक्त प्रतीत होते हैं, किन्तु अतिमानस में ऐसा सम्बन्ध नहीं है। वहाँ वे एक त्रिक् है एक ही गति है जिसमें तीन प्रभावो पक्ष हैं। अतिमानस अस्तित्व की वह श्रेणो है जो मन, प्राण तथा जड़ से परे है और जैसे मन, प्राण और जड़ पृथ्वी पर अभिव्यक्त हुये हैं वैसे ही अतिमानस भी वस्तुओं के अनिवार्य क्रम में इस जड़ जगत में अभिव्यक्त होगा। इसे हम सृष्टि का आदि और अन्त कह सकते हैं क्योंकि देश-कालावछिन्न जगत् की सृष्टि ब्रह्म के अतिमानस रूप से ही होती है तथा विकास का लक्ष्य अतिमानस की प्राप्ति है। सृष्टि के लिए एक विशेष प्रकार की चेतना की आवश्यकता है। इसे चयनात्मक ज्ञान-शक्ति कहा गया है।[1] अतिमानस एक विशिष्ट नियम या सिद्धान्त के अनुसार कार्य करता है और जिसे श्री अरविन्द दिव्य या आध्यात्मिक नियम कहते हैं। मत और अतिमानस में मौलिक भेद है—वास्तव में अतिमानस का रूप मानसिक नहीं है। अतिमानस ज्ञान है न कि ज्ञान का साधन।

वास्तव में, अतिमानस के आविर्भाव के साथ ही विकास का क्रम समाप्त नहीं हो जाता, क्योंकि अतिमानस के परे भी आनन्द, चेतना-शक्ति और शुद्ध सत्ता के तत्व हैं। परन्तु हम देखते हैं कि अतिमानस के अवतरण से विकास क्रम में एक भारी परिवर्तन हो जाता है। जो विकास अभी तक अज्ञान द्वारा नियंत्रित था वह अतिमानस के अवतरण के साथ ज्ञान द्वारा संचालित हो जाता है। इस परिवर्तन के फलस्वरूप मानव प्राणी दिव्य प्राणी में रूपान्तरित हो जायेंगे। ऐसे प्राणी, जिन्होंने समस्त अज्ञान का परित्याग कर दिया है, ज्ञान के प्रकाश से आलोकित हैं। दिव्य मानव बनने का तात्पर्य आत्म-नियन्ता और विश्व-नियन्ता बनना है।

अरविन्द-दर्शन में जब हम मुक्ति के प्रत्यय पर विचार करते हैं तो ज्ञात होता है कि उनका मुक्त-पुरुष, जिसको वे विज्ञानमय-पुरुष (gnostic-being) या अतिमानव कहते हैं अन्य भारतीय दार्शनिकों के मुक्तात्मा से भिन्न प्रतीत होता है। विज्ञानमय-स्थिति में विज्ञान पुरुष की समस्त सत्ता, उसके विचार, जीवन और कर्म सभी एक सार्वभौम आत्मा से अनुशासित होंगे। विज्ञानमय पुरुष दैवी सत्ता को सर्वत्र और अपनी सत्ता के सभो भागों में अनुभव करेगा। वह सामान्य व्यक्तित्व की सीमाओं से ऊपर उठकर सार्वभौम स्वरूप को प्राप्त होकर पूर्ण व्यक्ति बन जायेगा। प्रश्न उठता है कि मुक्तात्मा का अपना व्यक्तित्व होता है या नहीं? शंकर के अनुसार मुक्ति का स्वरूप ब्रह्म के साथ एकत्व है।[2] मुक्तात्मा को सर्वोच्च सत्ता से भिन्न नहीं किया जा सकता (अविभाग)। ऐसी अवस्था में मुक्त पुरुष की वैयक्तिकता और व्यक्तित्व दोनों का लोप हो जाता है। रामानुज के अनुसार मुक्तात्मा ईश्वर के स्वरूप को प्राप्त करता है। यद्यपि उसके साथ तद्रूपता को प्राप्त नही होता।[3] मुक्त आत्मा शुद्ध निर्मल ज्ञान से युक्त तथा दोषों से रहित हो ब्रह्म के सदृश (ब्रह्म-प्रकार) हो जाता है। समस्त प्रकार के अज्ञान और बंधनों से मुक्त हो जाने

1. The Life Divine, P. 108.
२. ब्रह्मैव हि मुक्तावस्था।
३. ब्रह्मणोभावः न तु स्वरूपैक्यम्।

पर मुक्तात्मा पूर्ण ज्ञान और भक्ति के साथ, ब्रह्म चिन्तन का असीम आनन्द अनुभव करता है।[१] श्री अरविन्द के अनुसार ये दोनों मत एकांगी है। उनका कहना है कि विज्ञानमय पुरुष या अतिमानव जड़, जीवन और मनस् के अस्तित्व का निषेध नहीं करता। ये सभी रूपान्तर के बाद भी रहते हैं लेकिन दोनों के स्वरूप में अन्तर आ जाता है। अतिमानस के अवतरण के पहले जड़, जीवन और मनस् का जैसा स्वरूप रहता है वैसा अवतरण के बाद नहीं, उसका रूपान्तरण हो जाता है। इसका अर्थ यह है कि मुक्त जीव या विज्ञानमय पुरुष का अपना व्यक्तित्व होता है। अरविन्द का विश्वास है कि "अतिमानसिक चेतना में व्यक्तित्व और व्यक्तित्व-शून्यता कोई विरोधी सिद्धान्त नहीं है।"[२] वहाँ पर कोई अलगाव नहीं है। वे एक ही सत्ता के दो पहलू हैं। लेकिन हमको यह जान लेना चाहिये कि साधारण मानव तथा विज्ञानमय पुरुष की चेतनाओं में महान् अन्तर है। साधारण मानव व्यक्तित्व में शरीर का अपना नियम होता है जो आत्मा (Spirit) द्वारा संचालित होता है लेकिन अतिमानस के अवतरण के बाद जड़, जीवन और मनस् दैवी-नियम (Divine Law) द्वारा संचालित होते हैं। विज्ञानमय पुरुष का अपना आध्यात्मिक व्यक्तित्व होता है। उसकी चेतना संकल्प और कर्म निरपेक्ष से संयोग में होंगे। उसका अर्थ अभिव्यक्ति का आनन्द होगा। दूसरे, शंकर के अनुसार मुक्तात्मा का ब्रह्म के साथ तादात्म्य हो जाता है। उसकी अपनी वैयक्तिकता का लोप हो जाता है और ब्रह्म का आनन्द उसका आनन्द होता है। रामानुज के अनुसार मुक्तात्मा ब्रह्म के साथ उसके आनन्द में आनन्दित है, लेकिन वह ब्रह्म नहीं हो जाता बल्कि उसकी अपनी अलग वैयक्तिकता होती है। श्री अरविन्द के अनुसार अतिमानव दोनों प्रकार का आनन्द प्राप्त करता है–ब्रह्म के साथ सहभाव के रूप में और स्वयं अपनी सत्ता में। क्योंकि वे मानते हैं कि अतिमानसिक चेतना में व्यक्तित्व और व्यक्तित्व-शून्यता ये दो विरोधी सिद्धान्त नहीं है। उनका मत है कि एकत्व और आत्म-ज्ञान के द्वारा मुक्ति लाभ के बाद भी वैयक्तिकता का अस्तित्व बना रह सकता है।

विज्ञानमय अवस्था में नैतिकता का स्थान क्या होगा ? नैतिकता के लिए वैयक्तिकता और स्वतन्त्रता अत्यावश्यक है। अतिमानसिक चेतना में अहंकार का स्थान निर्वैयक्तिक और सार्वभौम पुरुष ले लेता है। फिर भी उसका एक रूप और व्यक्तित्व है जो कि उसका विशेष चिह्न है। अतिमानव एक वैयक्तिक और कलात्मक अभिव्यक्ति के विशेष रूपों द्वारा अपनी अभिव्यक्ति करता हुआ एक असीम और सार्वभौम पुरुष है। विज्ञानमय पुरुष पूर्णतया आत्म-नियन्त्रित होता है। उसके समस्त कर्म स्वभावतया ज्ञान से परिचालित होते हैं। वहाँ कोई अज्ञान, भूल, असत्य अथवा पाप नहीं होगा। अतिमानव शुभाशुभ का निर्णय परम शुभ के आधार पर करेगा। वह सार्वभौम व्यक्ति के समान कार्य करेगा। उसकी चेतना संकल्प और कर्म निरपेक्ष के संयोग में होंगे। उसका अर्थ अभिव्यक्ति का आनन्द होगा। अतिमानव के शुभ में और अन्य व्यक्तियों के शुभ में कोई संघर्ष नहीं होगा। उसका ज्ञान अतिमानस का ज्ञान-बिन्दु (Real Idea) होगा।

---

१. श्रीभाष्य, चतुर्थ अध्याय का चतुर्थ पाद।

२. The Life Divine, P. 881.

अतिमानसिक अवस्था में, मानस के अन्दर तथा व्यक्तियों में परस्पर पूर्ण शान्ति होगी। यहाँ पर ज्ञान और कर्म में असीम स्वतन्त्रता की व्यापकता और नमनीयता होगी। विज्ञानमय पुरुष में एक आन्तरिक सत्य-ज्ञान, सत्य-दर्शन, सत्य-अनुभूति और सत्य-संकल्प, सत्य-बोध और कर्म की सत्य प्रेरणा होगी। भौतिक, प्राणात्मक और मानसिक पुरुष का पूर्ण नियन्त्रण होगा। विज्ञानमय-पुरुष, जिसको हम अतिमानव कहते हैं उसकी अभिव्यक्ति निम्नयोजना को निर्विरोध बना देगी। वह तादात्म्य द्वारा कार्य करेगा। अतिमानव या विज्ञानमय पुरुष का जीवन दैवी सत्ता से प्राप्त प्रेरणा द्वारा संचालित होगा।

श्री अरविन्द के समग्र विकासवाद में व्यष्टि का ही नहीं, वरन् समष्टि का विकास भी होता है। दोनों साथ साथ विकसित होते हैं। उनका यह विश्वास था कि व्यक्ति के आध्यात्मिकता और दिव्यता प्राप्त करने पर जगत् का रूप भी परिवर्तित होगा और दिव्यता का अनावरण होगा। श्री अरविन्द के योग का लक्षण पूर्णता की प्राप्ति है। योग मानव साधन का वह स्वरूप है, जिसमें व्यक्ति सामान्य मानवीय स्तर से ऊपर उठकर अतिमानवीय शक्तियाँ और मुक्ति प्राप्त करता है। योग का उद्देश्य विकास में गति लाना है। इसी से अरविन्द का कहना है कि योग दिव्य के लिए हैं।[1]

दूसरी ओर जर्मन दार्शनिक नीत्शे की दृष्टि में मुक्त आत्मायें वे हैं, जो प्रकृत्यातीत या अनुभवातीत संसार का अस्तित्व नहीं मानते। उनके लिए न जीवन के उपरान्त कुछ है, न कोई शाश्वत नियम निर्माता है।

नीत्शे ने 'दस स्पेक जरतुश्त', 'दी गासपेल आॅव सुपरमैन' और 'दी विल टू पावर' में सुपरमैन उत्पन्न होने की संभावना व्यक्त की है। पाश्चात्य दर्शन में नीत्शे ने ही 'सुपरमैन' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किया। उसका सुपरमैन मानव द्वारा स्थापित समस्त मूल्यों का अतिक्रमण करता है। उसका यह भी विश्वास था कि मनुष्य को अपनी मानवीय स्थिति से सन्तुष्ट रहना चाहिये। हमें उन लोगों के उपदेशों से सावधान रहना चाहिये, जो इस जगत् से परे किसी काल्पनिक जगत् की बात करें। नीत्शे ने लिखा है, "पशु और अतिमानव के बीच शून्य अधर (abyss) पर मनुष्य रूपी एक रस्सा तना हुआ है। मनुष्य का पूर्णत्व अपने में ही नहीं हैं। वह तो एक उच्चतर स्थिति पर पहुँचने के लिए सेतु स्वरूप है।" उसका यह विश्वास था कि सारे देवता मर गये हैं सुपरमेन देवता का जगह ले रहा है। उसने ईश्वर-पुरुष के बजाय पुरेश्वर की स्थापना की। सुपरमैन का दूसरा कार्य है कि वह ईश्वर के राज्य पर अपना अधिकार जमावे।

नीत्शे के अनुसार नैतिकता शक्ति संचय में है न कि सहृदयता, उदारता और नम्रता जैसे गुणों में। ये गुण मानव विकास में बाधा स्वरूप हैं। सुपरमेन के राज्य में ऐसी नैतिकता को स्थान नहीं है। उसके साम्राज्य में नैतिकता का अर्थ होगा शक्ति संचय। मनुष्यमात्र का लक्ष्य सभी लोगों की समान रूप से उन्नति करना नहीं, वरन् श्रेष्ठ और शक्तिशाली व्यक्तियों को उत्पन्न करना है। यदि कोई समाज अपने से ऊँचे समाज को जन्म नहीं दे सकता तो अधिक अच्छा होगा कि वह स्वयं नष्ट हो जाय।

1. Lights on yoga, p. 5.

नीत्शे हमेशा कहा करता था—"Not mankind but superman is the goal."[1] उसका विश्वास था कि 'ईश्वर मर गया है।' ईश्वर की सत्ता में विश्वास करना किसी अप्राकृतिक जीवों की सत्ता में विश्वास करने जैसा है। उसके अनुसार ईसाई ईश्वर में विश्वास नहीं रह गया है। उसके साथ ही साथ ईसाई नैतिकता भी अपना विश्वास खो बैठी है। जहाँ तक नियमों का प्रश्न है यदि ईश्वर ही नहीं है तो उसके बनाये नियमों का क्या मूल्य ? नैतिक आचरण का क्या मूल्य ? नैतिक आचरण का उत्तरदायित्व मनुष्य पर ही है। ईश्वर रहित विश्व में मनुष्य स्वयं नैतिक मूल्यों का चयन कर लेगा। मनुष्य का भविष्य मनुष्य पर ही निर्भर करता है। उसे अपने पर्यावरण को समझकर स्वयं उससे ऊपर उठना है। उसका कहना था कि धार्मिक व्यवस्थायें मनुष्य के विकास को अवरुद्ध कर देती हैं।

नीत्शे का सुपरमैन शक्तिशाली, अहंकारी, क्रूर और कठोर हृदय जैसे गुण रखने वाला है। उसमें जैवीय शक्ति की प्रचुरता है। हम उसको ईश्वर नहीं कह सकते। उसके पास कोई भी दिव्य-चेतना कही जाने वाली वस्तु नहीं होगी। सुपरमैन के निर्माण के लिए बल, बुद्धि और गर्व नितान्त अपेक्षित है। उसे अपनी इच्छाओं का दास नहीं बनना है, दुर्बल व्यक्ति अपनी इच्छाओं का विरोध नहीं कर पाते और वासनाओं के प्रवाह में बह जाते हैं। सुपरमैन सुन्दर संतति विषयक दूरदर्शिता से उत्पन्न किया जा सकता है और उत्तम शिक्षा के द्वारा उसका निर्माण हो सकता है। इस प्रकार उत्पन्न और शिक्षित पुरुष अच्छाई और बुराई से ऊपर जायेगा। सुपरमैन—सामान्य लोग जिसे बुराई कहते हैं—उसे ग्रहण करने में संकोच नहीं करेगा। उसकी दृष्टि में अच्छाई (goodness) उतना बड़ा गुण नहीं है जितनी निर्भयता। उसका मुख्य उद्देश्य शक्ति संचय और निर्भर रहना है। वह संकट से भयभीत नहीं होता, उसे शान्ति से युद्ध अधिक प्रिय होता है। युद्ध कोई बुराई नहीं है युद्ध से समस्यायें सुलझती हैं। नीत्शे के अनुसार उसे ऐसे सिद्धान्त बनाने चाहिये, जो दूसरों से पालन कराये जा सकें और उसके पहले वह स्वयं उन्हीं के अनुसार आचरण करे। जो मनुष्य सुपरमैन बनने की कामना न रखते हों, उन्हें महान् व्यक्तियों की सहायता करनी चाहिये। असहाय और दुर्बल व्यक्तियों का यह कर्तव्य होना चाहिये कि वे सुपरमैन के बनाने में यदि स्वयं का बलिदान करना पड़े तो कर देना चाहिये।

श्री अरविन्द और नीत्शे के अतिमानव के प्रत्यय की यदि तुलना करें तो पायेंगे कि दोनों के विचारों में महान् अन्तर दिखाई पड़ता है। जहाँ श्री अरविन्द का अतिमानव एक आध्यात्मिक सत्ता है वहीं नीत्शे का सुपरमैन पूर्ण भौतिकवादी सत्ता है। श्री अरविन्द अतिमानव में दैवी सत्ता का निरूपण करते हैं। विज्ञानमय पुरुष की समस्त सत्ता, उसके विचार, जीवन और कर्म सभी एक सार्वभौमिक आत्मा से अनुशासित होंगे। वह दैवी सत्ता को सब कहीं और अपनी सत्ता के सभी भागों में अनुभव करेगा। प्रत्येक वस्तु उसके लिए "आत्मा के द्वारा आत्मा में आत्मा को पाने के समान" होगी। उसकी कोई आवश्यकतायें, कोई इच्छायें नहीं होगी। नीत्शे का सुपरमैन 'शक्ति की इच्छा' से शासित होगा, उसकी अपनी अनन्त आवश्यकतायें होंगी। नीत्शे ऐसी किसी भी आध्यात्मिक सत्ता में विश्वास नहीं करता,

1. The will to power, Book IV p. 1001.

जिसकी प्राप्ति मनुष्य मात्र का लक्ष्य हो। उसने एक स्थान पर लिखा है कि न मन है, न तर्क है, न विचार है, न चेतना है, न आत्मा, न इच्छा है, न सत्य। ये सब कोरी कल्पनायें है और व्यर्थ हैं। मनुष्य कहलाने वाला प्राणी के भ्रान्तिपूर्ण परिप्रेक्ष्य के पार्श्व में कुछ नहीं है।

गीता में दो प्रकार के मानव का वर्णन मिलता है—एक दैवी संपदा रखने वाले और दूसरा आसुरी संपदा वाले। एक तो वे लोग हैं, जिसमें सात्विक प्रकृति अत्यन्त प्रबल होती है जो कि स्वभावत: ही ज्ञान, आत्म-संयम, परोपकार तथा पूर्णता की ओर मुड़ी रहती है। और दूसरे वे, जिनमें राजसिक प्रकृति अति प्रबल होती है। जो अहंमय महत्ता एवं कामनापूर्ति की ओर तथा अपने निजी दृढ़ संकल्प एवं व्यक्तित्व में आसक्तिपूर्ण रति की ओर मुड़ी रहती है; अपने इस दृढ़ संकल्प और व्यक्तित्व को वे मनुष्य भगवान् की सेवा के लिए नहीं, बल्कि अपने अभिमान, यश और सुख के लिए जगत् पर लादना चाहते हैं। वे देवों और दानवों या असुरों के मानवीय प्रतिनिधि हैं। यहाँ हम देखते हैं कि नीत्शे का सुपरमैन गीता में वर्णित आसुरी स्वभाव का है। आसुरी गुण क्रोध, लोभ, धूर्तता, छल-कपट, परद्रोह और अभिमान आदि हैं। लेकिन अरविन्द का अतिमानव दैवी संपदा से सम्पन्न है। दैवी संपदा से सम्पन्न मनुष्य की समस्त सत्ता एवं समस्त प्रकृति पूर्ण रूप से शुद्ध होती है। उसके अन्दर किसी प्रकार की इच्छा नहीं होती। श्री अनिल बरन राय के शब्दों में "Neitsche's superman corresponds to the Asura in Indian terminology, a personification of exaggerated."[1]

अंत में हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अरविन्द का अतिमानव का प्रत्यय नीत्शे के सुपरमैन के प्रत्यय से अधिक तार्किक और सत्य है। यदि हम मानव के यथार्थ स्वरूप पर ध्यान दें तो देखते हैं कि 'मानव का वैयक्तिक और सामाजिक अनुभव तथा विश्व में आत्माभिमानी के लिए मन, जीवन और शरीर को प्रयोग करने वाला एक आत्मा है।"[2] सच्चिदानन्द आत्माभिव्यक्ति के आनन्द के लिए स्वयं ससीम में अवरोहण करता है। आत्मा और निरपेक्ष एक है। इस प्रकार अरविन्द के अनुसार व्यक्ति उतना ही यथार्थ है जितना कि विश्वमय अथवा सर्वातिशायी। व्यक्ति समस्त विश्व चेतना का केन्द्र है।[3] मानव का ध्येय दैवी सत्ता की अभिव्यक्ति के लिए अपने को विश्वमय और निर्वैयक्तिक बनना है। श्री अरविन्द का अतिमानव कोई उच्चतर मानव अथवा रहस्यवादी नहीं, वह मानव का उत्क्रमण करता है। अतिमानसिक स्थिति मानस के लिए तब तक अज्ञेय रहती है जब तक कि अतिमानसिक तत्व का अवतरण नहीं होता। अत: मानस से अतिमानस की ओर जाना अपरा प्रकृति से परा-प्रकृति की ओर जाना ही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है।

---

1. Anil Baran Roy : Sri Aurobindo and the New Age, p. 54.
2. Synthesis of Yoga, p. 717-18.
3. The Life Divine, Part I, p. 45.

CONCEPT OF HUMAN BONDAGE AND SRI AUROBINDO

Dr. Bashishtha Narain Tripathi

The problem of bondage has a pivotal position in Indian philosophy. The problem stands thus : if there is birth, there will be hundreds of bondages which rush upon the created being. Lower minds are forgetful, entangled in Avidya—perhaps happier than the Elevated minds. But the problem is recurring. Hence our bondage has no end. It simply begins to begin again. Bondage does not end with worldly affairs only, it goes beyond and disturbs the soul also. The problem may be tackled from our world of mind to a certain extent. Mind is the creator and annihilator. Temporary consolation may be attaind but again the same happiness gushes out. Nevertheless, spiritual thinkers of all times have attempted to break the endless chain of bondage and have indicated the path to liberation. The Buddha cried out "stop birth, so you will get Nibbān." Tantric says, "win over the 5 ms," Vedanta says, "Man is God;" Suffiie says, "Pray and think of God;" the Christian declares "submit to the will of God;"—numerous prescriptions.

The multi-system structure of Indian religious philosophy seems at first sight to be lacking in unity and coherence. It apears that various spiritual interpretations of life have little in common and do not make for a unified outlook Thus there is little in common between the views of bondage and liberation, and between the advocates of the path of knowledge and those of Bhakti regarding the pathway to salvation. A deeper analysis, however, reveals more than one link connecting the different philosophies of bondage and liberation propounded here.

Thus, in all the schools bondage is equated with the state of samsāra (world) and liberation is conceived as consisting in the attainment or manifestation of a perfection inherent in the soul itself. Practically, all the systems agree in the treating that the aspirant after mokse should get rid of himself of attachment to wordly objects and eradicate the passions of rāga (attachment) and dvesa (aversion).

Bondage, in Indian spirituality, can be partly compared with 'Sin' in christianity, but it does not necessarily imply a fall from an antecident condition of innocence. Bondage, here is generally conceived to be beginingless and it is also a wider concept. It is not merely a state of moral fall, it has a deeper metaphysical basis and character. The inquiry

into the nature of bondage stems from man's pre-occupation with the problem of suffering, and his desire for a fully statisfying from of existance. We always feel hemmed in, on all sides, by forces—both within and without, which block our spiritual progress to whatever destination we have set for ourselves. There is at the lowest level the worldly man's helplessness before social conventions and material forces which determine to a large extent the kind of life he must live. There are his limited resources and his physical and mental capacities which always fall short of his wishes and thus set a limit to his achievement. Indian philosophy has always been existentialist in its approach to the problem of the temporality of man. The quest for truth in Indian spirituality is inspired by the consideration that it helps man to librate himself from his temporality which is another name for bondage. The ideal of Indian thought is the conquest of absolute freedom. May are the bonds admitted, from all of which man is to be liberated. But, they point to the same premordial source of bondage—bondage in the metaphysical sense which makes all other bondages possible and makes man an indefinite and evanescent series of conditions. Such is the concept of Avidya (ignorance) or its counterparts. This brings us close to the diagnostic explanation of the Indian philosopher : the prime source of bondage is Avidya (ignorance) in some form or the other. It is Avidya which makes us love certain things and hate others, to be pleased with some and be displeased with others, to feel pain and pleasure, to do certain things and avoid others. All these being recognised as forms of bondage which cover the spirit like so many coatings of ignorance.

Human bondage means that there is a conception about man according to which he is supposed to be made of *humus* or earth and that he chained to his human or earthly nature. On the other hand, there is also the idea that man dwells a *spiro* or breath coming from the high; that the indwelling breath constitutes his spiritual nature. How can man become detached or free from his human bondage in order to become his spiritual nature ? This is problem that has been dealt by founders of religions, philosophers, mystics, ascetics and theosophists of all times. All of them come to almost the same conclusion : that we must get control of our human nature and finely obtain a complete detachment from it.[1]

1. "From Human Bondage to spiritual Freedom" : Dr. Jose. B. Acuna, Lecture delivered at the 76th International convention, Banaras, December 28, 1951.

The suffering of the world provokes the problem of philosophy and religion. Generally, all the spiritual traditions of India emphasise redemption—to seek an escape frome life as we live it on earth. Indian thinkers are pessimists in so far as they look upon the world-order as an end and temporality; they are optimist since they feel that there is a way out of it into the realm of truth, which is also Goodness and Bliss. To live consciously in the finite alone is to live in bondage, with ignorance and egoism, suffering and death. The whole world is a prey to ignorance, and so it suffer from the monarch to the mendicant, from the creeping thing of the earth to the shining deva of heaven, everthing suffers. "There are five things which no Samana and no Brahmana and no god, neither Mār, nor Brahmā, nor any being in the universe can bring about; that which is subject to decay should not decay, that what is liable to pass away should not pass away."[1]

